वर्ष 72 अंक 244 पृष्ठ 12
रीवा, सोमवार 02 जून, 2025
ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष 07, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

> यह मायने नहीं रखता कि आप कितनी धीमी गति से आगे बढ़ते हैं, जब तक कि आप रुकते नहीं।
> – कन्फ्यूशियस

## ऑफ बीट

### ईंट और सीमेंट से नहीं 3डी प्रिंटर से बनी इमारत



*घर बनाने के लिए आम तौर पर पत्थर, ईंट, सीमेंट और लकड़ी आदि का इस्तेमाल होता है। आज इतना तकनीकी विकास हो गया है कि लोग घर बनाने के लिए प्रिंटर का इस्तेमाल करने लगे हैं। जिन 3डी प्रिंटर से हम होमवर्क प्रिंट किया करते थे, उन्हीं की मदद से अब ऊंची-ऊंची इमारतें बनाई जा रही हैं। टोर अल्वा हाल ही में 3डी प्रिंटर की मदद से बनाई गई दुनिया की सबसे ऊंची इमारत की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुई हैं। यह इमारत स्विट्जरलैंड के 11 लोगों की आबादी वाले मुलेंग्स गांव में बनाई गई है, जिसका नाम टोर अल्वा या सफेद टावर है। इसे ईटीएच ज्यूरिख के शोधकर्ताओं और फंदाजीयुन ओरिजेन ने मिलकर बनाया है। टोर अल्वा 30 मीटर ऊंची है और इसमें 32 अलग-अलग स्तंभ हैं, जो विशाल स्क्रू और स्टील केबल से जुड़े हुए हैं। टेकला मिट्टी से बना एक प्रोटोटाइप भवन है।*

# दिल्ली-एनसीआर में धूल भरी आंधी के साथ भारी बारिश, कई पेड़ गिरे

### 76 किलोमीटर की रफ्तार से चली हवाएं, दिन में ही छा गया अंधेरा, कई पोल भी गिरे

### आज दिल्ली के लिए येलो, बंगाल के लिए ऑरेंज और पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के लिए रेड अलर्ट

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रविवार को असम, मणिपुर और पश्चिम बंगाल के साथ-साथ दिल्ली एनसीआर में भी भारी बारिश हुई। मौसम विभाग ने दिल्ली के लिए येलो, पश्चिम बंगाल के लिए ऑरेंज और पूर्वोत्तर के सभी राज्यों के लिए बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है।

दिल्ली-एनसीआर में रविवार दोपहर बाद अचानक धूल भरी आंधी आई और उसके बाद तेज बारिश शुरू हो गई। जिससे दिन में ही अंधेरा छा गया। मौसम विभाग ने रविवार को आंशिक बादल छाए रहने तथा बिजली कड़कने एवं गरज के साथ बौछारें पड़ने की संभावना जताई थी लेकिन उसका अनुमान गलत निकला। पहले तो राजधानी में 76 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से धूल भरी आंधी चली, जिससे सड़कों पर पेड़ गिर गए, खोमचों-दुकानों के टीन टप्पर उड़ गए, फिर जोरदार बारिश शुरू हो गई, जिससे यातायात थम गया। सड़कों पर बाढ़ जैसी स्थिति बन गई। निचली बस्तियों में पानी भर गया। अगले एक सप्ताह तक दिल्ली-एनसीआर और आसपास के इलाकों में ऐसा ही मौसम रहेगा। हालांकि, मानसून अभी दिल्ली नहीं पहुंचा है। मानसून 15 जून तक दिल्ली पहुंचेगा।



### सिक्किम में पर्यटक फंसे, लेह हाईवे जाम

उत्तरी सिक्किम में करीब 1500 पर्यटक फंसे हैं। राज्य प्रशासन ने कहा है कि ये सभी सुरक्षित हैं। उन्हें सुरक्षित निकालने का प्रयास किया जा रहा है। इधर, श्रीनगर-लेह हाईवे पर रविवार को एवलॉन्च आया। पहाड़ों का मलबा सड़क पर जमा हो जाने की वजह से यह रास्ता बंद हो गया है। प्रशासन और रेस्क्यू टीमें मलबा हटाने के काम में जुटी गई हैं। श्रीनगर में रविवार को तेज बारिश और ओलावृष्टि हुई। पिछले 24 घंटों में कुल 7 सेमी बारिश दर्ज की गई।

### असम में ब्रह्मपुत्र नदी का जलस्तर बढ़ा, निचली बस्तियां जलमग्न

असम में तीन दिन से बारिश जारी है, जिससे गुवाहाटी के कई इलाकों में भारी जलभराव है। शहर में सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उधर, ब्रह्मपुत्र का जलस्तर खतरे के निशान से तीन फीट ऊपर है। यह डिब्रूगढ़ के लिए बड़ा खतरा बन गई है। जोखिम कम करने के लिए जिला प्रशासन ने एहतियाती कदम उठाए हैं। आम लोगों के नदी किनारे जाने पर प्रतिबंध लगाया है। बांस की बैरिकेडिंग लगाई है। निचली बस्तियों के एक हजार लोगों को विस्थापित किया है। 24 घंटों में यहां बाढ़ और भूस्खलन के कारण आठ लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री हिमंता बिस्व शर्मा ने कहा है कि स्थिति पर सरकार की नजर है।

### मणिपुर में बाढ़ व भूस्खलन ने मचाई भारी तबाही, 3802 लोग प्रभावित

मणिपुर में बाढ़ और भूस्खलन के चलते 3,802 लोगों को विस्थापित करना पड़ा है। रविवार शाम तक 3,275 इलाके या गांव भारी बारिश की चपेट में आ चुके थे। राज्य में भूस्खलन की 12 घटनाएं हुई हैं। रविवार को इंफाल पूर्व जिले में इरिल नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया। स्थानीय लोग और अधिकारी तटबंध मजबूत बनाने के प्रयास कर रहे हैं। इरिल बांध पर आर्मी तैनात है। खुरई और हिंगांग क्षेत्रों में स्थिति बहुत खराब है। राज्यपाल अजय कुमार भल्ला ने इंफाल के जलमग्न इलाकों का दौरा किया। सेना और असम राइफल्स ने इंफाल पूर्व में लगभग 800 लोगों को बचाया है। हालात से निपटने एनडीआरएफ को तैनात किया गया है।

### सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा

# किसी की डांट खुदकुशी की वजह नहीं हो सकती

**नई दिल्ली, जेएनएन।** आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी एक शख्स को सुप्रीम कोर्ट ने बरी कर दिया है। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा है कि किसी की डांट खुदकुशी की वजह नहीं हो सकती। यह शख्स एक स्कूल में हॉस्टल का इंचार्ज था। उसने एक छात्र की शिकायत पर दूसरे छात्र को डांटा था। इसके बाद उस छात्र ने कमरे में फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।



जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह और जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा की बेंच ने कहा कि कोई आम इंसान यह कल्पना भी नहीं कर सकता कि डांट की वजह से कोई इतना बड़ा कदम उठा लेगा। कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट के उस आदेश को रद्द कर दिया, जिसमें हॉस्टल इंचार्ज को आत्महत्या के लिए उकसाने (आईपीसी की धारा 306) के इल्जाम से बरी करने से इंकार किया गया था।

कोर्ट ने कहा, हमने इस मामले को पूरी तरह देखा और पाया कि यह हस्तक्षेप का सही मामला है। कोर्ट ने यह भी बताया कि ऐसी डांट का मकसद सिर्फ शिकायत पर ध्यान देना और हालात को सुधारना था। कोर्ट ने कहा, इस मामले में साफ है कि याचिकाकर्ता पर कोई गलत इरादा साबित नहीं होता, न ही यह कहा जा सकता कि उसने छात्र को आत्महत्या के लिए उकसाया। याचिकाकर्ता ने अपने वकील के जरिए कोर्ट में कहा कि उसकी डांट जायज थी। यह सिर्फ एक अभिभावक की तरह दी गई नसीहत थी, ताकि छात्र दोबारा गलती न करे और हॉस्टल में अनुशासन बना रहे। उसने यह भी साफ किया कि उसका और मृतक छात्र का कोई निजी झगड़ा या दुश्मनी नहीं थी।

### तलाकशुदा अविवाहित महिला को भरण-पोषण का हक

एक अन्य मामले में सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसी महिला को पति से गुजारा भत्ता दिलवाया, जिसने तलाक के बाद दूसरी शादी नहीं की थी। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि पत्नी ऐसी भरण-पोषण राशि की हकदार है जो उसे विवाह के दौरान मिला जीवन स्तर दे सके। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने पत्नी को मिलने वाली स्थायी भरण-पोषण राशि को 20 से बढ़ाकर 50 हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया, जिसमें हर दो वर्ष पर 5 प्रतिशत की वृद्धि भी की जाएगी। यह मामला पारिवारिक विवाद से संबंधित था, जिसकी सुनवाई पहले परिवार न्यायालय और फिर हाईकोर्ट में हुई। विवाह वर्ष 1997 में संपन्न हुआ था और वर्ष 1998 में एक संतान का जन्म हुआ। वर्ष 2008 में पति ने विशेष विवाह अधिनियम, 1954 की धारा 27 के अंतर्गत पत्नी पर क्रूरता का आरोप लगाते हुए तलाक की याचिका दायर की। तलाक होने के बाद पति ने आरोप लगाया कि महिला दूसरे पुरुष के साथ रहने लगी है। हालांकि, वह कोर्ट में इसे साबित नहीं कर पाया।

## संक्षिप्त खबरें

### 'बीजीटी' में बिनिता को मिला तीसरा स्थान

**गुवाहाटी, जेएनएन।** असम की नौ वर्षीय बिनिता छेत्री ने ब्रिटेन के रिएलिटी शो ब्रिटेन गॉट टैलेंट (बीजीटी) 2025 में तीसरा स्थान (सेकंड रनर-अप) हासिल किया है। वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के इतिहास में फाइनल तक पहुंचने वाली पहली भारतीय प्रतिभागी बनी हैं। करबी आंगलोंग जिले के छोटे से कस्बे बोकाजन की रहने वाली बिनिता ने अपने ऊर्जावान और जटिल नृत्य प्रदर्शनों, विशेष रूप से बैकफ्लिप जैसे कठिन स्टेप्स से दर्शकों और जजों को चकित कर दिया। फाइनल में वोटिंग केवल ब्रिटेन तक सीमित होने के कारण अंतरराष्ट्रीय दर्शक उनके पक्ष में वोट नहीं कर पाए। भारत के अलावा नेपाल, भूटान और अन्य एशियाई देशों से बिनीता को काफी सपोर्ट मिला। बीजीटी में ब्रिटिश जादूगर हैरी मोल्डिंग ने खिताब जीता।



### 'ऑपरेशन सिंदूर' पर निबंध प्रतियोगिता

**नई दिल्ली, जेएनएन।** रक्षा मंत्रालय ने 'ऑपरेशन सिंदूर' पर आधारित एक निबंध प्रतियोगिता की रविवार को घोषणा की, जो एक जून से 30 जून तक आयोजित की जाएगी। मंत्रालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए बताया कि शीर्ष तीन विजेताओं को 10,000-10,000 रुपए का नकद पुरस्कार मिलेगा और उन्हें दिल्ली के लाल किले में आयोजित होने वाले 78वें स्वतंत्रता दिवस समारोह में भाग लेने का विशेष अवसर मिलेगा।

पहलगाम आतंकवादी हमले के जवाब में भारत ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत पाकिस्तान में नौ आतंकवादी ढांचों पर सटीक हमले किए थे, जिसके बाद पाकिस्तान ने आठ, नौ और 10 मई को भारतीय सैन्य ठिकानों पर हमला करने का प्रयास किया. भारतीय पक्ष ने हवाई अड्डों, वायु रक्षा प्रणालियों, कमान एवं नियंत्रण केंद्रों और रडार स्थलों सहित कई प्रमुख पाकिस्तानी सैन्य प्रतिष्ठानों को भारी नुकसान पहुंचाकर पाकिस्तानी हमलों का कड़ा जवाब दिया।

# हॉल में शादी करने पर दलित परिवार पर हमला, 2 गंभीर

**बलिया, जेएनएन।** उत्तर प्रदेश के बलिया के रासरा में दलित परिवार के शादी समारोह के दौरान हुई हिंसक घटना ने पूरे क्षेत्र में सनसनी फैला दी। दलितों ने शादी के लिए हॉल किराए पर लिया था। यह बात दबंगों को रास नहीं आई। उन्होंने दलितों को हॉल में शादी करने से रोका लेकिन वे जब माने नहीं तो उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिसमें दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। आरोपियों ने जातिगत अपशब्दों का भी प्रयोग किया।

घटना की शिकायत पुलिस में दर्ज कराई है, जिसने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। हालांकि इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। पीड़ित राघवेंद्र गौतम ने पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि लगभग 20-25 लोग, जिनके पास लाठी-डंडे थे, उन्होंने शादी समारोह में घुसकर हंगामा किया और मार-पीट की। आरोपियों में अमन साहनी, दीपक साहनी, राहुल और अखिलेश नाम के लोग शामिल थे, साथ ही मल्लाह टोली के 15-20 अन्य लोग भी इस घटना में शामिल थे। शिकायतकर्ता ने बताया कि हमलावरों ने जातिगत गालियां दीं और कहा कि तुम लोग दलित हो, फिर शादी हॉल में कैसे कर सकते हो? मामले में दलित एवं अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) एक्ट के तहत केस दर्ज किया है। रासरा थाना प्रभारी विपिन सिंह ने बताया कि घटना की जांच जारी है और आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द गिरफ्तार करने का प्रयास किया जा रहा है।

### कॉपीराइट कानून के खिलाफ याचिका खारिज

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सुप्रीम कोर्ट ने कॉपीराइट अधिनियम 2013 नियम 29(4) की वैधता को बरकरार रखा है। यह कानून प्रसारकों को कॉपीराइट का उल्लंघन करने से रोकता है। नेक्स्ट रेडियो ने कॉपीराइट के उल्लंघन में फंसने के बाद सुप्रीम कोर्ट में इस कानून को चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका और न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां की पीठ ने इस याचिका को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि कॉपीराइट अधिनियम की धारा 31डी का पालन सबको करना चाहिए, जो प्रसारकों को यह इजाजत देती है कि वे मूल रचनाकार से अनुमति लेकर उसे क्रेडिट दें और फिर उसकी सामग्री का उपयोग करें। कोर्ट ने कहा है कि जो प्रसारक धारा 31डी का पालन नहीं करते उनके खिलाफ धारा 29(4) के तहत कार्रवाई उचित है।

# कोरोना के सक्रिय केस बढ़कर 3,758 देश में अब तक 28 संक्रमितों की मौत

**नई दिल्ली, जेएनएन।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा रविवार शाम जारी आंकड़ों के मुताबिक, देश में कोरोना के एक्टिव केस 3,758 हो गए जबकि 28 लोगों की मौत हो चुकी है। हालांकि, मंत्रालय ने यह भी कहा कि कोरोना पर बारीक नजर रखी जा रही है और चिंता की कोई बात नहीं है। शनिवार शाम आठ बजे से लेकर रविवार शाम आठ बजे तक देश में कोरोना के 363 नए संक्रमित मरीज सामने आए, जबकि तीन लोगों की मौत हुई, एक कर्नाटक में तो दो केरल में। मंत्रालय ने बताया कि केरल, महाराष्ट्र और दिल्ली में कोरोना तेजी से फैल रहा है।

कर्नाटक में 63 वर्षीय बुजुर्ग मरीज ने दम तोड़या, जिसे पहले से अन्य बीमारियां भी थीं। केरल में 24 साल की एक युवती की संक्रमण से मौत हुई है, जबकि एक 84 साल के बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। अगर राज्यबार आंकड़ों की बात करें तो केरल में सबसे ज्यादा 1400, महाराष्ट्र में 485 और दिल्ली में 436 कोरोना केस हैं। गुजरात में 320, पश्चिम बंगाल में 287 और कर्नाटक में 238 एक्टिव केस हैं। अब तक तमिलनाडु में 199 और यूपी में 149 कोरोना मरीज पाए गए हैं।




### कोविड से डरने की जरूरत नहीं

जानकारों का कहना है कि इस बार कोरोना संक्रमण की गंभीरता कम है। ज्यादातर मरीज घर पर ही क्वारंटीन हैं और इलाज ले रहे हैं। अगर केरल की एक 24 वर्षीय लड़की को छोड़ दें तो कोरोना से जो मौतें हुई हैं, वे मरीज अन्य बीमारियों से पीड़ित थे। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बेहल का कहना है कि देश के पश्चिमी और दक्षिणी हिस्सों से लिए गए सैंपलों की जीनोम सीक्वेंसिंग में यह पाया गया है कि मौजूदा मामलों में बढ़ोतरी वाले वेरिएंट गंभीर नहीं हैं। ये ओमिक्रॉन के ही सबवेरिएंट्स हैं। अतः कोविड से डरने की जरूरत नहीं है।

# भारतीय पुलिस सेवा के 10 अधिकारी बदले

### विवादित कटनी एसपी और पीएम के कार्यक्रम में बहस करने वाले अफसरों का भी ट्रांसफर

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** राज्य शासन के गृहमंत्रालय ने रविवार को भारतीय पुलिस सेवा के 10 अधिकारियों के स्थानांतरण कर दिए हैं। जिसमें विवादों में घिरे कटनी पुलिस अधीक्षक और दतिया एसपी को हटाया गया है। इन दोनों जिलों की कमान नए अधिकारियों को सौंपी गई है। उल्लेखनीय है कि रविवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विवाद में आए अधिकारियों के हटाने के निर्देश दिए थे। इस मामले में स्वयं सीएम ने ट्वीट किया। जिसमें उन्होंने लिखा कि कटनी के पुलिस अधीक्षक और दतिया के पुलिस अधीक्षक तथा आईजी, डीआईजी, चंबल रेंज द्वारा ऐसा व्यवहार किया गया जो लोकसेवा में खेदजनक है।



गृह विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार प्रमोद वमा (2001) आईजी सागर जोन को जबलपुर जोन का नया पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। इसी तरह दतिया में एक आयोजन के दौरान अधीनिस्थों के साथ हुई बहस से चर्चा में आए चंबल जोन के आईजी सुशान्त कुमार सक्सेना को पुलिस मुख्यालय में आईजी(अ.अ.बी) बनाया गया है। उनके स्थान पर सचिन कुमार अतुलकर (2007) को आईजी चम्बल जोन बनाया गया है। अतुलकर डीआईजी-आईजी छिंदवाड़ा के पद पर पदस्थ थे। उनके पास जबलपुर जोन के आईजी पद का अतिरिक्त प्रभार भी था। चन्द्रशेखर सोलंकी (2006) आईजी विसबल इंदौर रेंज को सागर जोन का नया पुलिस महानिरीक्षक बनाया गया है। उनके पास जी.एन.पी.ए. सागर का बतौर निदेशक का अतिरिक्त प्रभार भी रहेगा। डीआईजी चबंल रेंज कुमार सौरभ (2007) को पुलिस मुख्यालय में आईजी(अजाक) बनाया गया है। इनके अलावा सुनील कुमार जैन (2009) उप पुलिस महानिरीक्षक ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### आईसीएआई-सीए परीक्षाओं का शेड्यूल किया जारी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया संस्थान यानी आईसीएआई ने सितंबर 2025 सेशन के लिए सीए परीक्षाओं का शेड्यूल जारी कर दिया है। परीक्षा में शामिल होने वाले कैंडिडेट्स संस्थान की ऑफिशियल वेबसाइट पर सीए फाउंडेशन, इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं का पूरा शेड्यूल चेक कर सकते हैं। सीए फाउंडेशन का एग्जाम 3 और 4 की अवधि 2 घंटे होगी। फाइनल पेपर 6 चार घंटे का होगा। अन्य सभी फाउंडेशन, इंटरमीडिएट या फाइनल एग्जाम के पेपर 3 घंटे के होंगे। परीक्षा 318 केंद्रों पर आयोजित होगी। अरुणाचल प्रदेश, दादरा और नगर हवेली व दमन दीव, लद्दाख और लक्षद्वीप में अलग सेंटर्स बनाए जाएंगे।

### नफरती भाषण के मामले में मिली सजा पर कार्रवाई

# अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म, सीट रिक्त घोषित की

**लखनऊ, जेएनएन।** मऊ सदर से विधायक और सुभासपा नेता अब्बास अंसारी की उत्तर प्रदेश विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। विशेष एमपी-एमएलए कोर्ट से नफरत फैलाने वाले भाषण के मामले में दो साल की सजा मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। रविवार को ही उत्तर प्रदेश विधानसभा सचिवालय ने मऊ सदर सीट को रिक्त घोषित कर दिया है। अब्बास अंसारी, जो कि पूर्व बाहुबली नेता मुख्तार अंसारी के बेटे हैं, 2022 में समाजवादी पार्टी गठबंधन के तहत सुभासपा के टिकट पर पहली बार विधायक बने थे। कोर्ट ने उन्हें एक चुनावी सभा में दिए गए भड़काऊ भाषण को लेकर दोषी पाया था। इस मामले में अब्बास के साथी मंसूर अंसारी को भी सजा सुनाई गई है। धारा 120बी भादवि के तहत उसे छह माह की सजा और एक हजार रुपए अर्थदंड लगाया गया है। गौरतलब है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत किसी भी जनप्रतिनिधि ■ शेष पृष्ठ 7 पर



## एआई उन्माद

### सवालों से घिरी बड़ी पूंजी बनी सिलिकॉन वैली की नई उलझन

# तकनीकी बढ़त की तलाश में फंसे बड़े निवेशक

**न्यूयॉर्क सिटी, जेएनएन।** कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) की क्रांति ने जहां तकनीक की दुनिया में एक नया अध्याय शुरू किया है, वहीं सिलिकॉन वैली के पारंपरिक वेंचर पूंजीपतियों के लिए यह संकट का समय बनता जा रहा है। 2022 में चैट जीपीटी की लॉन्चिंग के बाद शुरू हुआ 'एआई उन्माद' आज केवल चंद कंपनियों तक सिमट गया है और बाकी निवेशक बस आगे की दिशा देखने में लगे हैं।

'ओपन एआई' ने हाल ही में 40 अरब डॉलर जुटाए, जिससे इसकी वैल्यूएशन 300 अरब डॉलर हो गई है। यह सिलिकॉन वैली के इतिहास में अभूतपूर्व है। इसके अलावा, 'एंथ्रोपिक' की वैल्यूएशन 61.5 अरब डॉलर और एलन मस्क की 'एक्स एआई' की संभावित वैल्यूएशन 120 अरब डॉलर बताई जा रही है। इन ऊंची उड़ानों के बीच, अब केवल वही खिलाड़ी टिके हैं, जिनकी जेबें बेहद गहरी हैं- जैसे टेक दिग्गज, जापान का सॉफ्टबैंक और खाड़ी देशों के तेल के बाद के भविष्य की तलाश में लगे निवेश फंड।

500 ग्लोबल की सीईओ क्रिस्टीन त्साई का कहना है, 'हर सुबह मैं सोचती हूं- आज कौन सी नई घोषणा होगी या क्या चीज रातों-रात बदल गई होगी?'



> सवाल यह नहीं कि एआई बड़ा होगा या नहीं, बल्कि यह है कि ओपन एआई, एंथ्रोपिक जैसी कंपनियों की सीमाएं कहां खत्म होंगी जहां, नए स्टार्टअप कहां अवसर ढूंढ सकें।
> – **एंडी मैकलॉफलिन,** मैनेजिंग पार्टनर, अनकॉर्क कैपिटल, सैन फ्रांसिस्को

### 'चौड़ी खाई' की तलाश में फंसे निवेशक

सिलिकॉन वैली में निवेशक इन दिनों 'चौड़ी खाई' की तलाश में हैं। यानी वह अनोखा तकनीकी लाभ जो कंपनी को प्रतिस्पर्धियों से सालों आगे रखे। जैसे 1990 के दशक में माइक्रोसॉफ्ट विंडोज या 2000 के दशक में गूगल सर्च के जरिये हुआ। आज के एआई बाजार में ऐसी 'चौड़ी खाई' ढूंढना बेहद कठिन हो गया है।

### निवेश कितना वाजिब

भारी-भरकम निवेश के बावजूद कई विश्लेषकों को संदेह है। इनिशियलाइज्ड कैपिटल के ब्रेट गिब्सन मानते हैं कि एआई ने बिजनेस सॉफ्टवेयर के मूल नक्शे को बदल दिया है। लेकिन इससे जुड़ी अर्थव्यवस्था अब भी अनिश्चित है- क्या वाकई यह तकनीक इतनी मजदूरी बचाएगी जितनी लागत इसकी मांग कर रही है?

### बिखर सकता है प्रभुत्व

एआई की दिशा को लेकर एक बात स्पष्ट है- यह टिकने वाला है। हालांकि जो कंपनियां आज चमक रही हैं, जरूरी नहीं कि कल भी उनका प्रभुत्व बना रहे। मैकलॉफलिन कहते हैं, 'जैसे आज हम क्लाउड या मोबाइल की बात नहीं करते, आने वाले पांच सालों में एआई रोजमर्रा की तकनीक का हिस्सा बन जाएगा।'

HONDA
जिला एवं तहसील स्तर पर अधिकृत डीलर बनाने हैं
होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स, मध्य प्रदेश में अपने अधिकृत डीलर नेटवर्क का विस्तार कर रही है।
इच्छुक कंपनी अथवा व्यक्ति जो नीचे दी गई पात्रता एवं शर्तों की पूर्ती कर सके वो कृपया संपर्क करें:
बाजार में शोरूम की उपलब्धता
सेल्स एवं मार्केटिंग की क्षमता
सर्विस सेंटर के लिए सहमत हो
पर्याप्त स्टॉक रखने की क्षमता




संपर्क करें:
होंडा इंडिया पावर प्रोडक्ट्स लिमिटेड
रजिस्टर्ड ऑफिस: 10, सारनाथ कॉम्प्लेक्स, IInd फ्लोर, लिंक रोड नं. 1, शिवाजी नगर, भोपाल (म. प्र.)
फोन: 9926753050 | ईमेल: vivek.baghel@hspp.com
हमारे उत्पादों की अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट विजिट करें। www.hondaindiapower.com
टोल फ्री नं.: 1800-11-2323

## साहित्य सृजन



### तुम पुरुष हो तो

तुम पुरुष हो, तो तुम्हे पत्थर बनना पड़ेगा।
अपने सपनो को जिम्मेदारियों तले दबाना पड़ेगा।
सहना पड़ेगा तुम्हे, गर्मी की धूप, पावस की
बारिश और सर्दी की ठिठुरन को।
तुम पुरुष हो तो तुम्हे घर से बाहर निकलना पड़ेगा।
लड़ना पड़ेगा राह की हर मुश्किल से।
जलना पड़ेगा तुम्हे तप और संघर्ष की भट्टी पर।।
पीना पड़ेगा आशुओं को तुम्हे पुरुष होने के नाते।
कर जज्बातों को दरकिनार, तुम्हें मुस्कुराना पड़ेगा।।
लगाना पड़ेगा गले तुम्हे तमाम विघ्नों को ।
बनानी पड़ेगी तुम्हे राह कांटों से भरे पथ पर भी।।
सहना पड़ेगा जीवन के हर थपेड़ों को अपना मान कर।
बताना पड़ेगा तुम्हे मांझी सा पर्वत को काटकर।।
और अंततः जब तुम्हे जब कंधे पर उठा लेंगे चार लोग।
तो यकीनन फिर ये संघर्ष ,
फिर ये जिम्मेदारियां, किसी
और के हिस्से में आ जाएंगी।।
और फिर एक दिन तुम्हारे हृदय
की सारी पीड़ाएं खत्म हो जाएंगी




**देवांशु शर्मा बहुरीबांध (रीवा)**




### मई बीतिगै नाइस

काज बिआहे दउर धूप से, जिउ ओरा कुछ पाइस।
राम चन्द्र भगमान कृपा से, मई बीतिगै नाइस।।
लगन पात अउसेर धिमानें, कथा भागवत शादी।
मिसिर भागवत केर घरे मा, सुनिस भागवत दादी।।
बरुआ बरहौं बिटिया सादी, कुछ दर रही छपिंडी।
अन्न बरन, गउदान कहउँ भें, कुछ दर नाचिन रंडी।।
आमा महुआ जामुन बरुआ, बरम प्रेत संन्यासी।
रोज सैकरन नेउता आबै, मिलै न थोर उसासी।।
चार धाम के होम गरासा, चला खूब भंडारा।
गृह प्रवेश अउ मान मनउती, मुंडन भाई चारा।।
कनछेदन अउ नामकरन के, नेउता है दुइ भँउकी।
गयाधाम के होम गरासा, कै दीन्हिस जिउ लउकी।।
मानस के भइ पूर बइठकी, रही मनउती पिछली।
चोरी लूका केर बिआहउ, सामन सगलौ उछली।।
बबा गजाधर के हइ बरखी, अबा सही मा बॉकी।
चुम्मन के हइ दाई मरिगइ, लागइ हमरौ काकी।।
जिया अकेले नेउता लाखन, विन वाहन के भाई।
हॉथ जोरिके बिनती मॉगी, जहां पँहुचि ना पाई।।
कुछ आंधी तूफान सहेन,जुध्द केर कुछ झटका।
सेना से हय दुश्मन खाइस, बीस गुड़मुड़ी पटका।।
सरस्वती के किरपा बाढ़ै, हँसी खुशी जिनगानी।
बैर भाव के होय,सफाया, जय दुरगा महारानी।।
एक महीना हँमसा हँमसी, मनई
नेउता खाइस।
राम चन्द्र भगमान कृपा से, मई
बीतिगै नाइस।।



**राम सुख सफाया**
**अँजोरा त्योंथर**



### राम दे

होइगै सड़क जब तात राम दै ।
जराथें तरबा लात राम दै।।
को को ओखे ऊपर हींठा
वा नहि पूंछय जात राम दै।।
रिन काढ़त मा खूब सराहिन
देत मा टूट गा भात राम दै।।
खूब किहिन सोहबत अटकी मा
अब नहि पूंछय बात राम दै।।
चढ़य मूँड़ घर मा मालकिन का
जब कोउ आमय नात राम दै।।
सचेत रहा हितुअन से हंस
जे बइठाथें दिन रात राम दै।।



**हेमराज हंस**



### पिता

ईश्वर का दूजा रूप है पिता
स्वयं का चमकता स्वरूप हैपिता
बच्चों की पेंशिल कापी किताबहै
पिता खाली जेब में भी धनवानहै।
पिता से हमें भोजन पकवान है
पिता के नाम से ही मेरा नाम है
पिता थक के कभी थकता नहीं
पिता के बिना दुनियां श्मशान है।
पिता जलती धूप में ठंडी छांव है
पिता से पूरी खिलौने की दुकान है
पिता साहस है हिम्मत, अरमान है
पिता बच्चों के लिए सारा जहान है।
पिता अनुभव है जीवन का सार है
पिता से बच्चों का घर और द्वार है
पिता के कंधे से सारी दुनियां देखता हूं
मैं हर पिता को दंडवत, प्रणाम कहता हूं।



**रावेंद्र राज रीवा**

# एक शाम शूरवीरों के नाम कार्यक्रम का हुआ आयोजन




**जागरण, सतना ।** राष्ट्रीय दिव्यांग एवं विधवा महिला सेना ट्रस्ट के तत्वाधान में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें देश की ख्याति प्राप्त कवि शायर उपस्थित हुए तदासल की जानकारी देते हुए राष्ट्रीय संयुक्त संगठन सचिव पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि उनकी संस्था द्वारा एक शाम शूरवीरों के नाम में शाइन पैलेस रीवा रोड स्थित कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। सारे कलाकार नयन किशोर श्रीवास्तव अमित चितवन सीमा सागर शर्मा निर्मला सिंह परिहार रवि शंकर चतुर्वेदी आदि ने बहुत ही सुन्दर प्रस्तुति दी। कवि नयन किशोर श्रीवास्तव ने वीर रस की कविता प्रस्तुत की कवि अमित चितबन ने हास्य और वीर रस की कविता प्रस्तुत की । सीमा सागर शर्मा जी में वीर रस की कविता प्रस्तुत की। संप्रभु सोनकिया जी ने बहुत ही अच्छी प्रस्तुति की। इस आयोजन के मुख्य अतिथि महापौर योगेश ताम्रकार उपस्थित रहे। मंच संचालन सूर्यकार वर्मा ने किया। राष्ट्रीय दिव्यांग एवं विधवा महिला सेना के राष्ट्रीय संयुक्त सचिव पंकज श्रीवास्तव प्रदेश सचिव वंदना अग्रवालए प्रदेश अध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव अनिरुद्ध यादव संयोजक डॉक्टर हरिश्चंद्र एवं विशिष्ट जनों द्वारा अतिथियों का स्वागत पुष्प गुच्छे से किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय संयुक्त सचिव पंकज श्रीवास्तव ने अपने उद्बोधन में महापौर से यह अनुग्रह किया कि स्वामी रामभद्राचार्य को भारत रत्न की उपाधि से सम्मानित किया जाए एवं सभी दिव्यांग एवं विधवाओं बहनों की राशि 600 से बढ़कर 2 हजार रुपये की जाए। इस मौके पर गणमान्य विंध्य चेंबर ऑफ कॉमर्स मंत्री हरिओम गुप्ता जी का सम्मान पंकज श्रीवास्तव ने किया श्रीमती मनीषा सिंह भा ज प महिला मोर्चा मोर्चा अध्यक्ष का सम्मान वंदना अग्रवाल ने किया।

## चितगढ़ में सीआरपीएफ के वीर शहीद को नमन



**जागरण, कोटर।** सतना जिले के कोटर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम चितगढ़ में जीसी बटालियन ग्वालियर ने दिनांक 01/06/2006 को शहीद बल संख्या 903050712 शहीद सिपाही जीडी राजनायक सिंह 132वी बटालियन का संक्षिप्त परिचय देते हुए बताया कि शहीद सिपाही जीडी राजनायक सिंह का जन्म 25 अगस्त 1972 को मध्य प्रदेश राज्य के सतना जिले के चितगढ़ में हुआ था। मैट्रिक तक की शिक्षा ग्रहण करने के उपरान्त वे वर्ष 1990 में केरिपुबल में सिपाही जीडी के पद पर भर्ती हुए एवं भारत के विभिन्न राज्यों में उन्होंने अपनी बहुमूल्य सेवांए दी। 01 जून 2006 को 132 बटालियन की एक टुकड़ी राज्य पुलिस की टुकड़ी के साथ एक स्पेशल ऑपरेशन के बाद वापस लौट रही थी। रास्ते में उन्हें सड़क किनारे एक जगह आईईडी नजर आई। तुरंत पूरे इलाके को सुरक्षित कर लेने के पश्चात पार्टी ने आईईडी को डिफ्यूज कर दिया और अपने बम निरोधक वाहन में बैठकर आगे के लिए प्रस्थान किया। अभी पार्टी एक किलोमीटर भी आगे बढी होगी कि पश्चिमी सिंहभूमि जिले के करमापारा गांव में पहले से ही घात लगाए बैठे माओवादियों ने एक के बाद एक आईईडी का विस्फोट कर दिया। बम निरोधक वाहन सीधे इस विस्फोट की चपेट में आ गया और उस में सवार सिपाही राजनायक सिंह एवं अन्य 11 वीर जवान बुरी तरह घायल हो गए और देश सेवा के अपने कर्तव्य पर वीरगति को प्राप्त हुए। जिसका पूरे बल को ही नहीं अपितु पूरे राष्ट्र को गहरा दुख भी है एवं उन पर गर्व भी। उनका अदम्य साहस, वीरता व उनकी शहादत आने वाली पीढियों के लिए एक उदाहरण है। इस मौके पर जीसी बटालियन ग्वालियर और कोटर थाना प्रभारी दिलीप मिश्रा पुलिस बलएस आई तोमर, दिलीप तिवारी सहित शनि सिंह, अंकित सिंह, अमित सिंह सोमबंसीए गुड्डू सिंह, विनोद सिंह, ओमप्रकाश शुक्ला,नीलू सिंह, विवेक सिंह, आदित्य प्रताप सिंह,शिवम सिंह, आदर्श द्विवेदी भटनवारा, शुभम तिवारी, पिंटू सिंह,सोनू, संतोष यादव जनप्रतिनिधि,माताएं बहन बेटियांए एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## इंडो न्यूक्लियर एथेनॉल प्लांट का घेराव

**जागरण, सतना।** मझगवां ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत देवलहा के उमरिहा हल्का में स्थापित इंडो न्यूक्लियर एनर्जी एथेनॉल प्लांट की मनमानी और पर्यावरणीय प्रदूषण के खिलाफस्थानीय ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा है। कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव आशुतोष द्विवेदी के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने प्लांट का घेराव कर प्रबंधन के खिलाफ 5 सूत्रीय ज्ञापन कलेक्टर के नाम मझगवां तहसीलदार को सौंपा और चेतावनी दी कि अगर 15 दिनों में मांगें पूरी न हुईंए तो प्लांट के गेट पर आमरण अनशन शुरू होगा। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट की लापरवाही ने उनकी जिंदगी को नरक बना दिया है।



## पूर्व विधायक कल्पना वर्मा कुड़िया पहुंचकर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की

**सतना।** रैगांव विधानसभा क्षेत्र की पूर्व विधायक कल्पना वर्मा जनपद पंचायत के पूर्व उपाध्यक्ष उपेंद्र सेन के निधन पर उनके गृह ग्राम पहुंचकर उनके अंतिम संस्कार में शामिल हुई व श्री सेन को शोक श्रद्धांजलि अर्पित की एवं पीड़ित परिवार को ढांढस बधाया श्री वर्मा ने कहा कि उपेंद्र सेन की कमी को कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता है श्री सेन एक जुझारू एवं कुशल संगठन क्षमता के धनी थे आईटी सेक्टर में श्री सेन की जानकारी का बड़े.बड़े लोग लोहा मानते थे आज मेरे विधानसभा क्षेत्र का आईटी सेक्टर का बहुत बड़ा शिल्पकार इस दुनिया से चला गया ।

## अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा का गंजबासौदा विदिशा जिले में दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय अधिवेशन

**जागरण, सतना।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा की बैठक संपन्न हुई जिसमें जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी पदाधिकारी को जिले की सर्किल वॉइस जिम्मेदारी दी गई साथ ही साथ पूरे जिले में कार्यकारिणी विस्तार पर विशिष्ट चर्चा हुई । नवनियुक्त पदाधिकारियों को भी बधाई दी गई ।सतना जिले के सभी 45 वार्डों में संगठन को मजबूत करने के लिए सभी ने अपने सुझाव रखें। इसी के साथ 7 जून और 8 जून को गंजबासौदा विदिशा जिले में होने वाले दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय अधिवेशन होने जा रहा है । उस पर विशिष्ट चर्चा हुई बैठक में राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष डॉ रश्मि सिंह पटेल जिला प्रभारी अखिलेश सिंह जिला अध्यक्ष बलराज सिंह जिला प्रभारी राजकुमार सिंह जिला उपाध्यक्ष श्री हरिहर सिंह मनोज सिंह विजेंद्र सिंह पटेल जिला कोषाध्यक्ष सी पी सिंह जिला सचिव राजकुमार सिंह मनीष सिंह राम प्रताप सिंह पटेल आनंद सिंह राकेश सिंह आदि प्रमुख रहे।

## श्रीमद भागवत कथा के समापन पश्चात जल बिहार कार्यक्रम



**अमदरा ।** श्री राधा कृष्ण मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ कथा का समापन और भंडारे के कार्यक्रम के बाद रविवार को गाजे बाजे के साथ ज़लबिहार का कार्यक्रम किया गया जय श्रीराम राधे राधे के भजन के साथ सभी भक्त राधा कृष्ण मंदिर अमदरा से नयागांव तालाब तक गए जहां पूजा अर्चना के बाद जल बिहार का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ इस अवसर पर सभी लोगों ने बढचढ कर सहयोग किया।

## 9 जुलाई को हड़ताल पर रहेंगे देश के दवा प्रतिनिधि

**जागरण, सतना।** एमपीएमएसआरयू सतना इकाई की एक विशेष बैठक प्रदेश अध्यक्ष कॉमरेड संजय सिंह तोमर के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। सतना इकाई के सचिव जितेंद्र मिश्रा ने बताया कि आगामी 9 जुलाई की आम हड़ताल में देश के लाखों दवा प्रतिनिधि अपनी 11 सूत्रीय मांगों के साथ आम हड़ताल में शामिल होंगे। इकाई अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार द्वारा सतना इकाई के 10 एरिया कमेटी के एरिया कन्वेनर एवं जॉइंट कन्वेनर के नामों की घोषणा की गई। जिसमे रमेश श्रीवास्तव प्रमोद द्विवेदी राकेश धर द्विवेदी संजय मिश्रा सगीर खान मृत्युंजय शर्मा सुशील तिवारी,सतेंद्र उर्मलिया रामचंद्र मिश्रा राजीव पटेल शिवपाल सिंहएउमेश सिंह बघेल शुभम पांडे विशाल खरे मनोज पटेल आलोक सिंह राजपूत पुष्पेंद्र गुप्ताएविनोद कुशवाहा कुमुद खरे,अमरीश शर्मा एवं अजय सिंह बघेल रहें। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह तोमर,इकाई अध्यक्ष राकेश सिंह परिहार सचिव जितेंद्र मिश्रा सहसचिव आनंद सिंह चौहान कोषाध्यक्ष प्रशांत केसरवानी कार्यकारणी सदस्य अंचल सिंह धर्मेंद्र पांडे रणवीर सिंह सुखेन्द्र त्रिपाठी राजीव वर्माएजितेंद्र पांडे विकास त्रिपाठी संतोष पटेल विनय निगम शैलेश कुशवाहा,विवेक श्रीवास्तव एवं वरिष्ठ सदस्य दीपक पांडे सुनील शुक्ला हरीश घनशानी प्रमोद सिंह पुष्पेन्द्र श्रीवास्तव रितेश सिंह बघेल विजय कनोजिया ज्ञानेस्वर सिंह आदि उपस्थित रहे।



## अमर शहीद हेमू कालाणी के नाम हो एयरपोर्ट

### केंद्रीय मंत्री सांसद एवं महापौर को समिति ने सौंपा ज्ञापन

**जागरण, सतना ।** एयरपोर्ट के वर्चुअल उद्घाटन समारोह के अवसर पर केंद्रीय विमानन राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल जी एवं सांसद गणेश सिंह महापौर योगेश ताम्रकार को समाजसेवी संस्था सिन्धु विकास समिति के संरक्षणध्पार्षद गोपी गेलानी पार्षद मनीष टेकवानी ने ज्ञापन सौंप कर एयरपोर्ट का नाम क्रांतिवीर अमर शहीद हेमू कालानी रखने की मांग की। ज्ञात हो 25 मार्च 2022 को सांसद गणेश सिंह सतना तत्कालीन कलेक्टर अनुराग वर्मा से सौजन्य भेंट कर उक्त मांग की गई थी जिसकी प्रति माननीय प्रधानमंत्री गृहमंत्री केंद्रीय उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मुख्यमंत्री भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सतना विधायक को प्रेषित की गई थी। संस्था के महामंत्री घनश्याम मँघरानी ने बताया अमर शहीद हेमू कालाणी भारत देश को आजाद करने में 19 वर्ष की अल्प आयु में हंसते.हंसते फांसी पर झूल गए ऐसे सच्चे देशभक्तों के कारण आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं मां भारती के ऐसे वीर बलिदानी सपूतों के नाम एयरपोर्ट का नामकरण शहीद हेमू कालाणी के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर संरक्षक गोपी गेलानी अध्यक्ष विनोद गेलानी पार्षद मनीष टेकवानी महामंत्री घनश्याम मंघरानी मंत्री संजय वाधवानी प्रचार मंत्री रंजीत सेनानी मनीष सदानी कमल पुरस्वानी एवं समाजसेवी संजय आहूजा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



## अस्सिटेंट प्रोफेशर बने डॉ अभिषेक मिश्रा

**जागरण, सतना ।** बिरसिंहपुर तहसील के छोटे से गांव मिश्रगवां निवासी स्वर्गीय कालूराम मिश्रा के छोटे बेटे डॉ अभिषेक मिश्रा ने मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित एम पी पी एस सी असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा.2022 मे सफलता हासिल कर अपने गांव मिसिरगवां बिरसिंहपुर तथा सतना जिले का नाम रोशन किया है।बचपन से ही विशिष्ट प्रतिभा के धनी डॉ अभिषेक मिश्रा ने कक्षा दसवीं मे बैरहना स्कूल मे तथा कक्षा बारहवीं मे बिरसिंहपुर स्कूल मे टाप किया था।अभिषेक ने 2005 मे मध्य प्रदेश संविदा शाला शिक्षक वर्ग 2 की परीक्षा पास कर नौकरी कर ली थी । फ्रि 2008 मे वे एल आई सी डेवलपमेंट आफीसर बने। पुनरू 2008 की संविदा शिक्षक वर्ग.1 परीक्षा मे हिन्दी विषय से मध्य प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। अभिषेक ने दिसंबर 2012 दिसंबर 2014 जुलाई 2016 मे तीन बार हिन्दी विषय से यूजीसी नेट परीक्षा उत्तीर्ण की है। वर्तमान मे डॉ अभिषेक मिश्रा उच्च माध्यमिक शिक्षक के पद पर शासकीय सुदर्शन कुमारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालयए रीवा मे पदस्थ हैं।अभिषेक ने बताया की उनहोने कभी कोई कोचिंग नही ली है। सेल्फकी तैयरी से सारी परीक्षाएं उत्तीर्ण कीहैं।उनके असिस्टेंट प्रोफेसर बनने मे चिरहुला नाथ स्वामी गैवीनाथ स्वामी का आशीर्वाद और उनके बडे भाई अनिल मिश्रा उनके परिवार के सदस्यों गुरूजी विद्यालय परिवार तथा सभी मित्रों का आशीर्वाद रहा है।



## पैलेस के बाहर खड़ी बाइक को चोरों ने किया पार

**सतना ।** बीतीं रात मैहर रोड स्थित एक पैलेस से मोटरसाइकिल टी बी एस रेण्डान पार कर दी गई । हासिल जानकारी के मुताबिक बालकृष्ण ताम्रकार पिता जवाहरलाल ताम्रकार मैहर रोड निवासी ने बताया कि बीती रात मैहर रोड स्थित एक पैलेस में शादी पार्टी में रात्रि 9बजे टी बी एस रेण्डान क्रमांक एमपी 19 एन ए 2306 बाहर लाकर कर खड़ी कर चला गया । आधा धन्टे बाद तकरीबन साढ़े 9 बजे मोटरसाइकिल गायब हो गई । बदमाशों का गिरोह सक्रिय है बालकृष्ण ताम्रकार ए डब्ल्यू पी एल आयुर्वेद चिकित्सा ग्लोबल एजेंसी में कार्य कर रामनगर मैहर अमरपाटन उचेहरा रीवा में लोगों को चिकित्सा सेवा कर रहे हैं लेकिन मोटरसाइकिल पार कर दिए जाने से भारी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में उचेहरा पुलिस को लिखित सूचना दी गई है ।

## सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट सतीश चंद्र चतुर्वेदी का गांव आने में हुआ जोरदार भव्य स्वागत

**जागरण, सतना।** अपने जीवन के 33 वर्ष भारतीय सेना में सेवा दे चुके कोठी के समीप कंचनपुर निवासी सतीश चंद्र चतुर्वेदी का रिटायरमेंट होने के बाद गांव पहुंचने पर जोरदार भव्य स्वागत हुआ स्थानीय ग्रामीण जन सहित परिवार के लोगो ने ढोल नगाड़े फूल मालाओं के साथ खुशी का इजहार किया और उनको बधाई दीए सतीश चंद्र चतुर्वेदी भारतीय सेवा में लेफ्टिनेंट के पद पर पदस्थ थे और अपने जीवन के 33 वर्ष भारतीय सेवा में रहकर गुजार दिए जिससे परिवार जनों को उनके रिटायरमेंट का इंतजार था और उनके वापस सकुशल सेवानिवृत होकर घर पहुंचने पर सभी लोगों ने अत्यंत खुशी व्यक्त की कोठी के भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष यशवंत पांडे ने माल्यार्पण करते हुए शाल श्रीफल भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत कर सम्मान किया इस दौरान सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे सभी ने माल्यार्पण कर खुशी व्यक्त की। इस दौरान बबलू पांडे सतीश पांडे राकेश गर्ग दिनेश चंद्र चतुर्वेदी रमेश चंद्र चतुर्वेदी सीताराम चतुर्वेदी राजेश चतुर्वेदी मनोज चतुर्वेदी धीरज त्रिपाठी रमेश तिवारी शारदा प्रसाद गौतम आलोक चतुर्वेदी सहित परिवार के सदस्यों के साथ.साथ सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण जन सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे।



## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उरमलिया व सेन के निधन पर कांग्रेस ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की

**जागरण, सतना।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सिंहपुर के अध्यक्ष राम प्रताप उरमलिया एवं सोहावल जनपद के पूर्व उपाध्यक्ष उपेंद्र सेन के निधन पर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दिलीप मिश्रा शोक श्रद्धांजलि अर्पित की वा पीड़ित परिवार को ढांढस बधाया ।श्री मिश्रा ने कहा कि रामप्रताप उरमालिया एवं उपेंद्र सेन की कमी को पार्टी में कभी भी पूरा नहीं किया जा सकता है यह कुशल संगठन क्षमता के धनी थे। रामप्रताप उमरिया एवं उपेंद्र सेन के निधन पर शहर अध्यक्ष मकसूद अहमद मैहर के अध्यक्ष धर्मेश घई विधानसभा के पूर्व उपाध्यक्ष विधायक राजेंद्र कुमार सिंह विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा पूर्व विधायक निलान्शू चतुर्वेदी पूर्व विधायक कल्पना वर्मा राम लखन सिंह पटेल रमाशंकर प्यासी रश्मि पटेल जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन मंत्री प्रदीप समदरिया राजभान सिंह अजीत सिंह गीता सिंह परिहार उर्मिला त्रिपाठी रामभुवन शर्मा प्रहलाद सिंह भगवत सिंह तिवारी गुरमेंद्र सिंह विनीत सिंह जितेंद्र सिंह महीपतशुक्ला उमा सिंह परिहार सुधा सिंह पटेल ध्रुव त्रिपाठी आरके सिंह विनोद द्विवेदी लाल बहादुर सिंह पटेल शत्रुंजय प्रताप सिंह गुन्जन चौरसिया राजेंद्र तिवारी गिरजा वारी डॉक्टर पुरुषोत्तम पटेल मुबारक अली निशा सिंह गोपेश शर्मा गुरविंदर सिंह रोहित कांत सिंह कमलेश सिंह राकेशश्वर सिंह तरुणेन्द द्विवेदी कल्पेश शाह बी एल निराला चूड़ामणि बाढोलिया प्रवीण सेन अनिल सिंह मनसुख चौरसिया राजेंद्र गर्ग नलिनेंद्र मिश्रा यशवंत सिंह तिवारी राजीव लोचन सिंह रमाकांत मिश्रा प्रवीण सिंह कमलेश मिश्रा धनेश कुशवाहा लक्ष्मी कुशवाहा कमलेश सिंह आनंद सेन बरमेंद्र सिंह मोहम्मद संकट मोचन पांडे खून्नी लाल लोधी संतु प्रसाद लोधी जितेंद्र लोधी शिवकुमार लोधी शब्बीर देवेंद्र त्रिपाठी ताला रामकरण बुनकर सत्यभान सिंह पटेल राजभान सिंह सुखेंद्र सिंह भाद जवाहर कुशवाहा देवराज बागड़ी सीताराम त्रिपाठी सीमा बागड़ी प्रभा बागड़ी आनंद सेन प्राणनाथ पांडे विनीत सिंह बिन्नू संजय पीली संदीप सिंह राम सिंह पटेल जितेंद्र सिंह गहरवार संजय पांडे सत्येंद्र निगम संतोष कुशवाहा अरुण पांडे बालेश त्रिपाठी विभूति नारायण सिंह यादवेंद्र सिंह पंजू विनय सिंह गुड्डा सतीश पांडे राम मणि शुक्ला कृष्णम सिंह आशुतोष सिंह वंदना बागड़ी मुन्ना सिंह रैगांव रामकुमार तिवारी मिथिलेश सिंह रामू कोल बद्री विशाल तिवारी उपेंद्र द्विवेदी लाला गंगा सिंह पदमी जितेंद्र सीमा बागड़ी कमलेश गुप्ता जमुना कोल मुख्तार अहमद सिद्दीकी अंकित सिंह अमित प्यासी रोहित कांत सिंह ओमकार मिश्रा उमेश गर्ग राजा पांडे संतोष मुख्तार अहमद वरुण गुर्जर बच्चा भाई बलवंत सिंह परसवारा वीरेंद्र सिंह राजेंद्र चतुर्वेदी आनंदकर द्विवेदी सच्चिदानंद त्रिपाठी छोटे कुशवाहा उमेश जुडमानी कृष्णेन्द्र सिंह मुन्ना सिंह रैगांव नवनीत गुप्ता मझगमा विनीत सिंह बिन्नू गुरमेंद्र सिंह जितेंद्र सिंह गहरवार विनोद कुशवाहा अभिलाष कुशवाहा बरुण टिंकल गुर्जर प्रमोद उरमालिया ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गर्ग कमलेश मिश्रा राम जी निगम प्रवीण सिंह नरेंद्र मिश्रा शैलेंद्र सिंह राम प्रताप उरमलिया रामकृष्ण मिश्रा रमाकांत मिश्रा लाल बहादुर सिंह अरुण शुक्ला शैलेंद्र सिंह चाचू पटेल लक्ष्मी कुशवाहा प्रभात द्विवेदी सत्यभान पटेल यशवंत तिवारी रामभद्र पांडे मनोज सिंह रावेद्र सिंह राजीव लोचन सिंह यशवंत तिवारी धनेश कुशवाहा गौरी शंकर कुशवाहा दीप नारायण तिवारी जितेंद्र सिंह गहरवार शिव बालक लोधी संतु लोधी सुधीर निगम अमित प्यासी मोहनलाल वर्मा नागौद धीरेंद्र सिंह रनेही मीरा सोनी गोपाल सिंह अखिलेश तिवारी भाजी खेरा अशोक चतुर्वेदी गुंजन चौरसिया संजय पटेरिया इत्यादि लोगों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

सूर्य उदय - अस्त
06.46 अस्त : आज
05.14 उदय : कल


शहर का तापमान
37.0 0 अधिकतम
28.0 0 न्यूनतम

# सोन नदी में डैम बनने से 38 गांवों में होगा भू-अधिग्रहण

जागरण भू-अधिग्रहण

## 11 गांवों के बेघर होने से ग्रामीणों में दिख रही हताशा

### हनुमना प्रोजेक्ट के लिए भू-अधिग्रहण की कार्रवाई तेज


demo pic

जागरण, सीधी

हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए सीधी जिले के 38 गांवों में भू-अधिग्रहण की कार्रवाई तेज हो चुकी है। सोन नदी में डैम बनने से सीधी जिले के 11 गांव बेघर होंगे। यह सभी गांव डैम के डूब प्रभावित क्षेत्र में फंसने वाले हैं। इस वजह से संबंधित गांवों के ग्रामीण अब नये जगह में अपने आशियाना के लिए व्यवस्था तलाशने लगे हैं। कुछ ग्रामीणों के पास समीपी गांव में भी भूमि है इस वजह से उन्हें इससे ज्यादा दिक्कतें नहीं है। किंतु जिनके पास अन्य जगह भूमि नहीं है उनमें हताशा देखी जा रही है। भू-अधिग्रहण कार्रवाई पर नजर डालें तो कार्यपालन यंत्री नईगढ़ी सूक्ष्म दबाव सिंचाई परियोजना संभाग रीवा द्वारा डूब क्षेत्र में आने वाले सीधी जिले के 11 गांवों के लिए धारा 11 के प्रकाशन हेतु गांवों की सूची पहले ही जारी कर दी गई थी। सूची के अनुसार सीधी जिले के तहसील सिहावल अंतर्गत डूब क्षेत्र में आने वाले 11 गांवों में गहिरा, ढ़ाबा, तिमसी, खड़बड़ा, हटवा खास, उमरिया, गोड़हा, तितली, खाड़ी, तरिहा, सेंहुआ वीरान शामिल हैं। उक्त गांवों के डूब क्षेत्र में आने के कारण संबंधित भू-स्वामियों को मुआवजा प्रदान कर विस्थापित किया जाएगा। सीधी जिले के सिहावल तहसील क्षेत्र में हनुमना उद्वहन सिंचाई प्रोजेक्ट के अंतर्गत सोन नदी में बड़ा बांध बनाया जाएगा। उक्त प्रोजेक्ट पर जल्द से जल्द काम शुरू करने की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी सिलसिले में कमिश्नर रीवा द्वारा विशेष रूप से निर्देश दिए गए हैं कि भू-अर्जन के बाद खसरे में संबंधित विभाग का नाम अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। सभी एसडीएम को 15 दिन के भीतर भू-अर्जन के प्रकरणों का निराकरण का मुआवजा वितरण करने के निर्देश दिए गए थे। हनुमना उद्वहन सिंचाई प्रोजेक्ट के अंतर्गत सोन नदी में बांध बनाकर पानी रोका जाएगा। उक्त पानी को बाद में नहरों के माध्यम से मऊगंज एवं हनुमना क्षेत्र में सिंचाई के लिए पहुंचाया जाएगा। पानी पहुंचाने के लिए लिफ्ट एरिगेशन की व्यवस्था रहेगी। जिससे पानी को नहरों की चढ़ाई में भी ऊपर लिफ्ट होकर पहुंचेगा। इसके लिए नहरों में अलग-अलग क्षेत्रों में हैवी पावर पंप लगाए जाएंगे। यह पंप 24 घंटे पानी को नहरों में पहुंचाएंगे। सीधी जिले में उक्त सिंचाई परियोजना का लाभ कुछ गांवों के किसानों को मिलेगा या नहीं इस संबंध में स्थिति अभी स्पष्ट नहीं है। यह जरूर है कि मऊगंज एवं हनुमना क्षेत्र के किसानों को सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए सीधी जिले के सोन नदी में बड़ा बांध बनाने का प्रोजेक्ट उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल के निर्देश पर तैयार करने के साथ ही इसके लिए शासन की ओर से 4 हजार करोड़ के बजट की स्वीकृति भी प्राप्त हो गई है। सोन नदी में बनने वाले बड़े सिंचाई बांध से निश्चित ही मऊगंज एवं हनुमना क्षेत्र के हजारों किसानों के खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध होगी। सीधी जिले के जिस क्षेत्र में सोन नदी पर बांध बनाया जाएगा वहां से काफी गांवों में बाणसागर बांध की नहर के माध्यम से सिंचाई की सुविधा पूर्व से ही उपलब्ध है। ऐसे में यही माना जा रहा है कि सोन नदी में बनने वाले बांध से सीधी जिले के गांवों की सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की प्राथमिकता बाद में जरूरत के अनुसार तय की जाएगी। करोड़ों के इस प्रोजेक्ट से सीधी जिले के 11 गांव जहां डूब क्षेत्र में फंसने वाले हैं। वहीं 38 अन्य गांव भी नहरों के निर्माण के कारण प्रभावित होंगे। उक्त गांवों में नहरों का जाल फैलेगा। इस वजह से यहां के गांवों को भी आवश्यकतानुसार सिंचाई की सुविधा उपलब्ध कराने की प्राथमिकता बाद में निर्धारित की जावेगी। उक्त परियोजना को लेकर किसानों में काफी चर्चा है।

### इन गांवों का होगा भू-अधिग्रहण

हनुमना उद्वहन सिंचाई परियोजना के तहत सीधी जिले में तहसील सिहावल क्षेत्र के 38 गांवों में भू-अधिग्रहण का कार्य किया जाएगा। भू-अर्जन के लिए धारा 11 के प्रकाशन की कार्यवाही भी हो रही है। बांध के लिए 11 गांव डूब क्षेत्र में आएंगे। डूब क्षेत्र में आने वाले गांवों में गहिरा, ढ़ाबा, तिमसी, खड़बड़ा, हटवा खास, उमरिया, गोड़हा, तितली, खाड़ी, तरिहा, सेंहुआ वीरान शामिल हैं। वहीं नहर निर्माण में 38 गांवों में भू-अधिग्रहण का कार्य किया जाएगा। जिनमें बहेरा एसएम 28, बलियार एसएम 24, बलियार एसएम 15, बलियार एसएम 34, बरिगवां एसएम 3, भेलकी खुर्द एसएम 9, भेलकी कला एसएम 5, भितरी एसएम 11, चिलरी कला एसएम 10, डेम्हा एसएम 14, देवघटा एसएम 16, ढ़ाबा एसएम 26, दुअरा एसएम 4, गऊघाट एसएम 18, हटवा एसएम 36, खड़बड़ा एसएम 31, खेतौंही एसएम 27, कोटदर खुर्द एसएम 23, कुर्रवाह एसएम 12, लकोड़ा एसएम 13, मर्सरहा एसएम 32, मोहनिया एसएम 19, पटेहरा सोनतीर एसएम 25, पटपरा एसएम 17, पावा एसएम 6, 7, 8, पिपरोहर एसएम 22, रामडीज एसएम 30, रोजहा एसएम 35, सलैया एसएम 20, सर्रा एसएम 2, तिमसी एसएम 29, तितली एसएम 33, उमरिया एसएम 33, कोटदर कला एसएम 21, तरिहा एसएम 24, कठौतहा एसएम 1 शामिल हैं। उक्त गांवों में भू-अर्जन की कार्यवाही शुरू हो चुकी है। उक्त गांवों की 14 हजार 656.44 हे. भूमि बांध के लिए अधिग्रहित की जावेगी।

# दिनदहाड़े अमिलिया बाजार में लाठी, डंडे से तोड़फोड़



जागरण, सीधी। अमिलिया बाजार में फिल्मी स्टाइल में लाठी-डंडे का प्रदर्शन करते हुए घर में तोड़फोड़ की गई। पीड़ित रजनीश सिंह चंदेल पिता मंगलेश्वर सिंह चंदेल का पूरा परिवार इस घटना से काफी दहशत में रहा। आरोपियों से बचने के लिए पीड़ित परिवार एक कमरे में कैद होकर हल्ला-गुहार मचाता रहा। आरोपियों की तोड़फोड़ से पीड़ित का काफी सामान क्षतिग्रस्त हो गया। आरोपियों के जाने के बाद जब रिपोर्ट करने पीड़ित मंगलेश्वर सिंह चंदेल थाना पहुंचे तो वहां मौजूद सब इंस्पेक्टर ने रिपोर्ट लिखने से मना कर भगा दिया। यह घटना अमिलिया थाना से महज 300 मीटर दूर घटित हुई। बाद में पीड़ित के फरियाद पर जनपद सदस्य रजनीश शुक्ला उर्फ संजू ने पुलिस अधीक्षक सीधी को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद अमिलिया थाना में आरोपी सुरेन्द्र सिंह, विष्णुबहादुर सिंह, पुष्पराज सिंह, शुभम सिंह समेत अन्य के विरुद्ध धारा 125 ए, 296, 115, 333, 324(4), 351(3), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पीड़ित रजनीश चंदेल ने बताया कि मेरे घर में शाम 6 बजे 20 से 25 गुंडे मुंह बांधकर आए और अचानक पत्थर और लाठी-डंडे से प्रहार शुरू कर दिए। घटना में मेरे घर की दीवाल तोड़ दी गई और सामान नष्ट कर दिया गया। घर में रखे सामान भी आरोपी लेकर चले गए। आरोपियों से बचने पूरा परिवार एक कमरे में कैद रहा।

## शिक्षक सुमन द्विवेदी हुए सेवा निवृत्ति



जागरण, सेमरिया। बढ़ौरा के संस्कृत विद्यालय से सुमन द्विवेदी शिक्षक सेवानिवृत्ति हुए हैं, बता दे की 31 मई को वह सेवानिवृत्ति हुए हैं जहां स्कूल से घर तक शुभचिंतकों ने बैंड बाजा के साथ उनका जोशीला स्वागत किया। सुमन द्विवेदी के निज निवास कुबरी में उनके चाहने वाले शुभचिंतक पहुंचकर उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर दिनेश गुप्ता सेमरिया ने बताया कि सुमन द्विवेदी बढ़ौरा संस्कृत विद्यालय में अपनी ईमानदारी के साथ सेवा दिए। इसका यह सिला रहा कि उनके सेवानिवृत्ति होने पर शुभचिंतक उन्हें सम्मानित कर बधाई दे रहे हैं। वहीं मुख्य रूप से इस दौरान निज निवास कुबरी इस अवसर पर दिनेश गुप्ता सेमरिया, रमेश तिवारी ओवरहा, शीबेंद्र द्विवेद, राजेंद्र पाण्डेय, पंकज पाण्डेय, प्रवीण गुप्ता, विद्याभूषण तिवारी, रामराज विश्वकर्मा, प्रबल दुबे, सुरेश मिश्रा, रामाश्रय कुशवाहा और व्यास मिश्रा उपस्थित रहे।

## क्षत्रिय महासंघ की महिलाओं ने बांटे छाता व कपडे



जागरण, सीधी। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की महिलाओं ने ग्रामीण क्षेत्र की जरूरतमंद व्यक्तियों को कपड़े एवं छाता का वितरण किया गया। एक क्षत्रिय का कर्तव्य यही है। गरीबों की मदद करना असहाय की मदद करना किसी जरूरतमंद की मदद करना। इसी मिसाल को कायम करते हुए अखिल भारतीय क्षत्रिय महासंघ की महिलाओं ने एकजुट होकर के ग्रामीण क्षेत्रों में जा करके जरूरतमंद को छाता तथा कपड़े बांटे बढ़ती गर्मी तथा बरसात से बचने के गरीबों की मदद की। सुकवारी जैसे ग्रामीण क्षेत्रों में। ऐसे कार्यक्रम करने का क्षत्रिय महासंघ की महिलाओं का एक मात्र उद्देश्य ये हैं कि ऐसी जगह पे मदद पहुंचा दी जाए यहां के लोगों को सचमुच में इन चीजों की जरूरत है। साथ ही साथ क्षत्रिय महासंघ कि महिलाओं ने डाक्टर स्नेहल को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। जिनकी मृत्यु को पहले तो आत्महत्या बताया गया उसके उपरांत जांच पड़ताल के बाद पति को दोषी पाया गया। इस निर्मम हत्या के लिए हम चाहते है कि कानून उनके पति को सख्त से सख्त सजा दे। हम सभी नारी शक्ति को एक बात समझना बहुत जरूरी है कि हम नारी शक्ति हैं ताकत है हम हार नहीं मान सकते। हमारे बर्दाश्त करने की भी एक सीमा है और उसके बाद अगर कुछ गलत घटित होता है उसके खिलाफ आवाज उठानी हैं अंजाम चाहे जो भी हो, गलत के खिलाफ आवाज उठाना बहुत जरूरी है। हमें अपनी बेटीयों को एक बात समझाना बहुत जरूरी है की बिटिया इस समाज से बढ़कर तुम वो हमारे लिए पहले हमारी बच्चियां हैं फिर यह समाज है ताकि जब भी कोई बिटिया मुसीबत में हो। तो सबसे पहले अपने परिवार वालों को अपना दुख बयां कर सके ना कि ये देश ये समाज ये लोगों के बारे में सोच के बर्दाश्त करती रहे तथा इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य रूप से सहभागी रही पदाधिकारी जिला अध्यक्ष सोनम सिंह चौहान, उपाध्यक्ष भारती सिंह चौहान, उपाध्यक्ष नीलम सिंह चौहान, कोषाध्यक्ष शालीनी सिंह चौहान, सह सचिव नम्रता सिंह बघेल, सह सचिव सपना सिंह चौहान, सह सचिव शीला सिंह चौहान, सचिव मनीषा सिंह बघेल, अर्चना सिंह चौहान, विभा सिंह चौहान, आंचल सिंह, शगुन सिंह, कंचन सिंह, सपना सिंह इन सभी महिलाओं का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सराहनीय योगदान रहा। ये महिलाएं हमेशा ही गरीबों तथा जरूरतमंदों की मदद करने के लिए हमेशा तत्पर रही है।

## किसानों को डीएपी के स्थान पर एनपीके उपयोग की सलाह



जागरण, सीधी। विकसित कृषि संकल्प अभियान में चौथे दिन जिले में गठित पहले दल द्वारा रामपुर नैकिन विकासखंड के खैरा, गोरदाह, अमिलहा दूसरे दल द्वारा सिहावल विकासखंड के पहाड़ी, सोनवर्षा, कड़ियार तथा तीसरे दल द्वारा कुसमी विकासखंड के कोतमा, जूरी, रौहाल में अभियान का संचालन किया गया। विकासखंड कुसमी के कोतमा में विधायक धौहनी कुंवर सिंह टेकाम ने अभियान के तहत आयोजित कृषक संगोष्ठी में भाग लिया, जहां उन्होंने किसानों से सीधा संवाद स्थापित कर अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने कृषकों को सरकार द्वारा चलाए जा रहे इस अभियान का लाभ लेने तथा कृषि को लाभ का धंधा बनाने की अपील की है। शिविरों में जिले के कृषकों को सलाह दी गई है कि वह डीएपी के स्थान पर एनपीके उर्वरकों का प्रयोग करें। कृषि वैज्ञानिकों ने अपनी सलाह में कहा है कि डीएपी में केवल दो तत्व नाइट्रोजन व फास्फोरस प्राप्त होते हैं। जबकि एनपीके उर्वरक से फसलों के लिए आवश्यक सभी तीन मुख्य पोषक तत्वों नत्रजन, स्फुत्र एवं पोटाश की उपलब्धता होती हैं। इस प्रकार एनपीके उर्वरक से नत्रजन एवं स्फुत्र के अलावा पौधों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण तत्व पोटाश की पूर्ति किसान भाई सफलतापूर्वक कर सकते हैं। अत: एनपीके उर्वरक का प्रयोग करने पर किसान भाईयों को अलग से पोटाश डालने की जरूरत नहीं पड़ती है व लागत में कमी आती है। किसान भाईयों के लिए डीएपी के स्थान पर एनपीके खाद का उपयोग करने की सलाह दी है।

# सांसद ने हर घर नल जल योजना का किया निरीक्षण



## हर घर को मिलेगा टोटी वाले नल का पानी

जागरण, सीधी

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने नल जल योजना के अंतर्गत चल रहे विभिन्न प्रकार के कार्यों का निरीक्षण करने के पश्चात कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार हर घर, नल जल योजना केंद्र सरकार की परियोजना जल जीवन मिशन अन्तर्गत हर घर मे नल, गुलाब सागर डैम, ग्राम गजरी पर बन रहे वाटर सप्लाई के इंटेक वाटर वेल एवं वाटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिया। सांसद डॉ. राजेश मिश्रा ने कहा कि बहुत जल्द ही हर घर को टोटी वाले नल से शुद्ध पेयजल मिलेगा।

## ड्रोन से नैनो यूरिया के छिड़काव का किया प्रदर्शन

जागरण, सीधी। विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत विकासखंड सिहावल के ग्राम पंचायत घोघरा में किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक खेती और नवीनतम तकनीकों के माध्यम से सब्जी उत्पादन के प्रति जागरूक करना था। कार्यक्रम के दौरान कृषकों को बर्मी बैग के उपयोग द्वारा सब्जी उत्पादन, व्यावसायिक सब्जी उत्पादन हेतु मल्टी-लेयर क्रॉपिंग प्रणाली, तथा प्राकृतिक खेती के लाभ जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम की विशेष आकर्षण रही नमो ड्रोन दीदी श्रीमती मनीषा कुशवाहा, जिन्होंने ड्रोन के माध्यम से नैनो यूरिया के छिड़काव की विधि का प्रदर्शन किया। उन्होंने उपस्थित किसानों को ड्रोन संचालन, उसकी उपयोगिता, लागत-कटौती और समय की बचत जैसे पहलुओं पर विस्तृत जानकारी दी। यह तकनीक कृषि क्षेत्र में एक प्रभावी नवाचार के रूप में उभर रही है। इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत घोघरा सहित आसपास के अनेकों कृषकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आधुनिक कृषि तकनीकों को समझने एवं अपनाने का संकल्प लिया।

# मानसून की दस्तक, हल्की बारिश से गर्मी से राहत

## जल्द तेज बारिश होने की बढ़ी उम्मीदें

### खेत तैयार करने में किसानों की दिख रही मुस्तैदी



जागरण, सीधी

विगत एक सप्ताह से मानसून के दस्तक देने के कारण हल्की बारिश होने लगी है। सीधी जिले में कुछ स्थानों में तेज बारिश भी हो रही है। मौसम का मिजाज बदलने से भीषण गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिलने लगी है। नौतपा के अंतिम दिनों में भी हल्की बारिश होने से मौसम खुशगवार बना हुआ है। सुबह से जहां कुछ घंटे के लिए तेज धूप खिलती है उस दौरान सूर्यदेव आसमान से आग बरसाना शुरू कर देते हैं। दोपहर के बाद आसमान में घने बादल छाने लगते हैं और कई स्थानों में हल्की बारिश होती है। तत्संबंध में चर्चा के दौरान करगिल निवासी नागेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि मौसम का जिस तरह से मिजाज बना हुआ है उससे संभावना बन रही है कि जल्दी तेज बारिश हो सकती है। इस वर्ष मानसून की बारिश जल्दी आने की संभावना के चलते किसान भी अपने खेतों की तैयारी में जुटे हुए हैं। साथ ही तेज बारिश शुरू होने पर बोनी के लिए उन्नत बीज की व्यवस्था भी बनाई जाएगी। सभी किसान इस प्रयास में हैं कि तेज बारिश का सिलसिला शुरू हो जाए जिससे खेती-किसानी का काम भी समय पर शुरू हो जाए। श्री पाण्डेय ने कहा कि कुछ वर्षों से यह देखा जा रहा है कि मानसून की बारिश आरंभ में तो हो जाती है लेकिन जब बोनी का समय आता है तो उस दौरान आसमान से बादल ही गायब हो जाते हैं उस दौरान किसानों को खेतों में बोई गई धान की फसल को बचाने के लिए ट्यूबवेल के सहारे सिंचाई करने की मजबूरी बन जाती है। फिर भी यह माना जा रहा है कि भगवान इंद्रदेव इस वर्ष किसानों के ऊपर मेहरबान होंगे।

## बल्कर-बाइक की भिड़ंत में महिला की मौत, दो गंभीर



जागरण, सीधी। राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 39 में आज सुबह करीब 10 बजे तेज रफ्तार बल्कर और बाइक की भिड़ंत में बाइक में सवार महिला की मौत हो गई वहीं पति और 8 वर्षीय बालक गंभीर रूप से घायल हो गये। हादसे के बाद घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात गंभीर रूप से घायल बालक को आक्सीजन सपोर्ट के साथ मेडिकल कालेज रीवा अस्पताल रेफर कर दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलहा निवासी बुद्धिमान साहू पिता कुंवारे साहू उम्र 40 वर्ष आज सुबह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 53 एमई 1939 में पत्नी सुनीता साहू उम्र 35 वर्ष एवं पुत्र रमाशंकर साहू 8 वर्ष के साथ कुबरी बाजार से अपने घर की ओर लौट रहा था। बेलहा मोड कुबरी में सिंगरौली से सीधी की ओर तेज रफ्तार में आ रहे बल्कर क्रमांक एमपी 17 एचएच 3681 से बाइक की भिड़ंत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों की माने तो हादसा होते ही बाइक में सवार तीनों लोग उछलकर गंभीर रूप से घायल हो गये। महिला को सबसे ज्यादा चोंटे आने के कारण वह खून से सराबोर हो गई वहीं बालक एवं उसका पिता भी गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की जानकारी लगते ही स्थानीय समाजसेवी मृत्युंजय गौतम और उनके परिजनों ने तत्काल निजी बोलेरो को बुक करके तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया। साथ ही सिविल सर्जन डॉ. एसबी खरे से बात कर त्वरित उपचार शुरू कराया। उपचार के दौरान गंभीर रूप से घायल सुनीता साहू ने दम तोड़ दिया वहीं बालक को रीवा रेफर कर दिया गया। गंभीर रूप से घायल बुद्धिमान को जिला अस्पताल में 12 घंटे की विशेष निगरानी में रखा गया है।

## ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में बच्चे सीख रहे हैं खेलों के गुर



जागरण, मझौली। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में बच्चे शामिल होकर अपने अंदर छिपे हुनर को निखारने पसीना निकाल रहे हैं। शिविर के माध्यम से बच्चों को कई खेलकूद सीखने मिल रहा है। खेलकूद शिविर को लेकर बच्चों में काफी उत्साह है और खुशी-खुशी शिविर में भाग लेकर खेलकूद सीख रहे हैं। ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में भाग लेकर बच्चे ग्रीष्मकालीन छुट्टियों का भरपूर उपयोग कर खुद को तराशने में जुटे हैं। सुबह से खेल मैदान पहुंचकर प्रशिक्षकों की मौजूदगी में कई खेल सीख रहे हैं, जिससे बच्चों के अंदर खेल का हुनर पैदा हो रहा है। सीधी जिले के मझौली ब्लॉक में कन्या स्कूल खेल मैदान में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मार्गदर्शन पर युवा टीम मझौली द्वारा 1 मई से ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जो आगामी 5 जून तक चलेगा। कैम्प में बच्चों को विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण कोच प्रकाश गौतम के द्वारा दिया जा रहा है। शिविर को लेकर बच्चों में भी खासा उत्साह है। बड़ी संख्या में बच्चे हर दिन सुबह यहां खेलों का प्रशिक्षण लेने आते हैं। जिला प्रशासन व युवा टीम द्वारा आयोजित यह शिविर बच्चों के लिए पूर्णत: निःशुल्क है। कोच प्रकाश गौतम ने बताया कि बच्चे अक्सर अपना ज्यादातर समय मोबाइल पर बिताने लगते हैं, जो उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है। ऐसे में समर कैंप एक बेहतरीन विकल्प है, जहां बच्चे ना सिर्फ मोबाइल से दूर अपना ज्यादातर समय खेल, योग और अन्य शारीरिक गतिविधियां करते हुए बिताते हैं बल्कि अब समर कैंप में बच्चों को अच्छा व्यवहार करने से लेकर गुड टच और बैड टच में अंतर करना भी सीख रहे हैं। इस दौरान कैंप संयोजक सरोज पटेल, ब्लॉक अधिकारी मझौली कोच प्रकाश गौतम उपस्थित रहे।

## एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के रूप में चलेगा अभियान

जागरण, सीधी। स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के विद्यालयों में 5 जून से ईको क्लब के माध्यम से व्यापक स्तर पर पौध रोपण अभियान चलाने का निर्णय लिया है। यह अभियान प्रदेश में एक पेड़ माँ के नाम 2.0 के नाम से चलाने का फैसला किया गया है। इस संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त जिला शिक्षा अधिकारी और जिला परियोजना समन्वयक को पत्र लिखकर निर्देश जारी किये हैं। प्रत्येक जिले में अभियान के दौरान एक लाख पौधों का रोपण करने का निर्णय लिया गया है। प्रदेश में विद्यार्थियों की भागीदारी से 30 सितम्बर तक 50 लाख पौधे रोपे जायेंगे। व्यापक स्तर पर पौध रोपण का उद्देश्य बच्चों और युवा पीढ़ी को सतत् विकास के प्रति संवेदनशील बनाने और प्रकृति को हरा-भरा बनाने में सक्रिय भागीदार बनाना है।

RUKMINI RISING STAR HIGH SCHOOL SIDHI

Admission open for session 2025-26 NUR. TO 10TH

| Sr. | Subject | No of vacancy |
|---|---|---|
| 1. | Math | 01 |
| 2. | Social science | 01 |
| 3. | English | 01 |
| 4. | Computer | 01 |
| 5. | Sanskrit | 01 |

Address:- Infront of Ramagovind palace Collage Stadium Road North Karaundiya sidhi

Mob. No.- 7024967935, 6264798158, 7898612068

RAISBEAN CITY HIGH SCHOOL PADRA

Medium:- Hindi/English

TEACHERS REQUIRED



ADMISSION OPEN 2025-26

| Sr. | Subject | Qualification | vacant seat |
|---|---|---|---|
| 1. | Mathematics | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 2. | English | M.A., B.Ed. | 2 POST |
| 3. | Social science | M.A., B.Ed. | 1 POST |
| 4. | Science | M.Sc., B.Ed. | 2 POST |
| 5. | Physical Education | BPED with sound English | 1 POST |
| 6. | Music and Dance teacher | ___ | 1 POST |
| 7. | Computer Teacher | CPCT & PGDCA | 1 POST |

Walk in interview - 15/06/2025, Time 11am to 1 pm

Add- Nh. 39 Rewa Singrauli By Pass Road padra Sidhi (M.P.)
E-mail:- rchspadra@gmail.com
Contact No.:- 9752847634, 6267295254, 6261514926

Our Special Features
* Trained and Qualified staff.
* Big play Ground.
* Computer Lab.
* Music art and yoga, Dance Class
* Big Library.
* Full Emphasis on Spoken Class
* Teaching through digital smart board Audio vedio and play way method of teaching.
* Well Maintained and safe Transport Facility.

Fully secured and CCTV Sureillance campus

शिक्षा महाविद्यालय सीधी (म.प्र.)
सम्बद्ध-अ.प्र. सिंह विश्वविद्यालय रीवा (म.प्र.)
प्रवेश प्रारंभ
संचालित पाठ्यक्रम

| | | |
|---|---|---|
| B.A (Computer) 12वीं पास (कला समूह) | B.Sc (Computer) 12वीं पास (विज्ञान विषय) | BA.Bed (All Sub. 4 Year) 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.A (Plain) 12वीं पास (कला समूह) | B.Sc (CBZ) 12वीं पास (विज्ञान विषय) | B.Ed (2 Year) स्नातक पास (सभी समूह) |
| B.Com (Computer) 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | B.Sc (PCM) 12वीं पास (विज्ञान विषय) | DELED (2 Year) 12वीं पास (सभी समूह के विषय) |
| B.Com (Plain) 12वीं पास (वाणिज्य विषय) | B.Sc (Bio. Tech.) 12वीं पास (विज्ञान विषय) | L.L.B. (3 Year) स्नातक पास (सभी समूह) |

शिक्षा महाविद्यालय, पनवार सेंगरान, सीधी म.प्र.
सम्पर्क सूत्र :- 6261003429, 9981861520

# हल्का पटवारी को फ़ोन पर दी गई कुल्हाड़ी से सर काटने की धमकी, पटवारियों ने एफ़आईआर कराई दर्ज



**टीकमगढ़।** जिले से एक जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है ।हल्का पटवारी पठा दिनेश कुशवाहा ने बताया कि रामस्वरुप लोधी के द्वारा फ़ोन पर अभ्रद व्यवहार कर माँ बहन की बुरी गालिया दी गई ।फ़ोन पर धमकी दी गई कि पठा गाँव में अगर कभी दिख गए तो कुल्हाड़ी से सिर काट दूँगा ।अनावेदक के द्वारा बोला गया कि तुम्हें और तहसीलदार को जान से मारना है ।उक्त मामले में आवेदक दिनेश कुमार और अन्य पटवारियों के द्वारा कोतवाली थाने में शिकायत की गई ।आवेदन पत्र के मजमून से प्रथक दृष्टया अपराध धारा 296, 221,131,351 (2) बीएनएस, 67 आईटी एक्ट का घटित करना पाया जाने से अपरा कायम कर विवेचना में लिया गया ।इस दौरान समारी पटवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# अवैध रेत खदान में हादसा, मजदूर गंभीर रूप से घायल, झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर



**जतारा।** थाना क्षेत्र में संचालित अवैध रेत खदान में काम करते समय एक मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के तुरंत बाद युवक को जतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज झांसी रेफर कर दिया गया ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह खदान बिना किसी वैध अनुमति के संचालित की जा रही थी। रेत खनन के दौरान अचानक मिट्टी धंसने से युवक उसमें दब गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने उसे बाहर निकाला और इलाज के लिए स्वास्थ्य केंद्र जतारा पहुंचाया ।लगातार बढ़ रहा अवैध रेत खनन, प्रशासन बेबस है क्षेत्र में लंबे समय से अवैध रेत खनन का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। रेत माफियाओं के हौंसले इतने बुलंद हैं कि दिनदहाड़े मशीनों और डंपरों से खनन कर रहे हैं, लेकिन प्रशासन और पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही ।स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बाद भी खनन पर नकेल कसने के बजाय अधिकारी मौन हैं। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि अब मानव जीवन पर भी संकट मंडरा रहा है। क्या प्रशासन जागेगा किसी बड़ी अनहोनी के बाद?

इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि आखिर प्रशासन कब जागेगा? क्या कोई बड़ा हादसा होने के बाद ही जिम्मेदार हरकत में आएंगे।

# अगरबत्ती एजेंसी के शोरूम में भीषण आगजनी, लाखों का नुकसान

## अमहिया थाना क्षेत्र के गल्ला मंडी की घटना



**जागरण, रीवा।** शहर के अमहिया थाना क्षेत्र अंतर्गत गल्ला मंडी के पास बीती रात अगरबत्ती एजेंसी के शो रूम में भीषण आगजनी की घटना हुई। आगजनी में शो रूम के अंदर रखी लाखों रुपए की अगरबत्ती जलकर खाक हो गई। एजेंसी संचालक के मुताबिक करीब बीस लाख रुपए का नुकसान आगजनी से हुआ है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक शहर के अमहिया मोहल्ले में संचालित विशाल अगरबत्ती की एजेंसी में बीती रात्रि तकरीबन 12 बजे भीषण आगजनी की घटना हो गई इस दौरान दुकान संचालक का तकरीबन 20 से 25 लाख रुपए का नुकसान होना बताया गया है। आगजनी की सूचना पर मौके पर पहुंचे दमकल के वाहन ने आग पर काबू पाया। घटना के संबंध में विशाल अगरबत्ती एजेंसी के संचालक विश्वनाथ गुप्ता निवासी अमहिया ने बताया कि रोजाना की तरह वह एजेंसी बंद कर अपने घर चले गए थे। रात्रि तकरीबन 12.30 बजे उन्हें सूचना मिली की दुकान के अंदर से आग की लपटें निकल रही हैं जब वह मौके पर पहुंचे तो आग की लपटें तेज हो चुकी थीं। जिसके बाद उन्होंने पुलिस को तत्काल सूचना दी। मौके पर पहुंची अमहिया पुलिस की सूचना पर दमकल ने घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गुप्ता ने बताया कि आगजनी की इस घटना में उनका तकरीबन 20 से 25 लाख रुपए का नुकसान हुआ है उन्होंने बताया कि यह थोक की दुकान थी जहां अगरबत्ती के अलावा अन्य सामग्री भी रखी हुई थी। आगजनी की घटना का कारण शॉर्ट सर्किट बताया गया है, अमहिया पुलिस फिलहाल पूरे मामले की जांच कर रही है।

# जीओसी मध्य भारत एरिया द्वारा विस्तारित आर्मी कैंटीन का हुआ उद्घाटन

## निरीक्षण कर देखी गई व्यवस्थाएं, स्टॉफ की सराहना भी की गई



**जागरण, रीवा।** विस्तारित आर्मी कंटीन का शुभारंभ जीओसी मध्य भारत एरिया से लेफ्टीनेंट जनरल पद्म सिंह सेखावत पीवीएसएमए एवीएसएमए एसएम द्वारा शनिवार को किया गया। बताया गया कि पूर्व सैनिक कैंटीन की स्थापना कर्नल राज सिंह के अथक प्रयास के उपरांत सन् 2021 में रीवा में हुई थी। लेकिन पूर्व सैनिकों की बढ़ती हुई संख्या के कारण कैंटीन स्टोर्स की भंडारण क्षमता पर्याप्त नहीं हो पा रही थी। विगत वर्ष अगस्त 2024 में जनरल सेखावत के विजिट के दौरान ईसीएचएस के वर्तमान प्रभारी ने उन्हें पूर्व सैनिकों की समस्याओं से अवगत कराते हुए विस्तार हेतु प्रस्ताव रखा था। इसके पश्चात शीघ्र ही जीओसी ने निर्णय लिया की एक अतिरिक्त स्टोर, पूर्व सैनिकों के लिए प्रतिक्षालय एवं स्थाई लिक्कर काउंटर एवं मैनेजर के लिए कार्यालय का निर्माण प्रारंभ किया जाय इसके साथ ही कैंटीन मैनेजर की भी नियुक्त की जाय। इन सभी सुविधाओं का निर्माण रिकार्ड समय में आठ महीने के भीतर पूर्ण किया गया। जीओसी मध्य भारत एरिया के स्वागत में बताया गया कि कैंटीन की मौलिक संख्या वृद्धि के अतिरिक्त जनरल सेखावत के व्यक्तिगत हस्ताक्षेप से ईसीएचएस के साथ तीन प्राइवेट हास्पिटल अनुबंधित हुए थे। तथा ईसीएचएस विल्डिंग का मरम्मत का कार्य भी मंजूर किया गया साथ ही लेवोरेटरी, डेन्टल एवं मेडिकल के अधिकांश उपकरणों को बदला गया। पूर्व सैनिकों की ओर से सूबेदार मेजर (आनरी कैप्टन) सालिकराम नापित ने पुष्प गुच्छ जीओसी को भेंट कर सम्मानित किया। इस पूरे कार्य को सफल बनाने में कमांडेंट 1 एसटीसी के ब्रिगेडियर टी.सुरेश एवं 4 टीटीआर की सीओ कर्नल मनीषा कँवर की अहम भूमिका रही। उनके साथ ही कार्यक्रम में कर्नल जसपाल, सीओ एनसीसी कर्नल प्रसन्ना, लेफ्टिनेंट कर्नल अरोरा, स्टाफ आफिसर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल पी.गंगा, सेवा निवृत्त कर्नल राज सिंह, कैप्टन प्रदीप सिंह एवं बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक उपस्थित रहे। जीओसी मध्य भारत एरिया अपनी उद्बोधन में विश्वास दिलाया कि आने वाले समय में शीघ्र ही ईसीएचएस के मौलिक संरचना में यथोचित निर्माण और मरम्मत का कार्य किया जायेगा। तत्पश्चात पूर्व सैनिक एवं परिवार जनों के साथ स्वल्पाहार के दौरान जीओसी ने उनसे बातचीत की तथा उनकी समस्याओं को सुना। इसके बाद जीओसी वापस जाते समय सैनिक स्कूल रीवा के कार्यवाहक प्रिंसीपल से मिलकर उनसे सैनिक स्कूल की आवश्यकताओं के विषय में बात की गई। स्टॉफ द्वारा किए जा रहे प्रयासों व पूर्व सैनिकों मिल रही सुविधाओं की प्रशंसा अतिथियों द्वारा निरीक्षण के दौरान की गई। इस दौरान सूबेदार मेजर ज्ञानेन्द्र सिंह, हवलदार लालमणि सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

# अधिवक्ता का बोर्ड और मोनो के गलत इस्तेमाल पर होगी कार्रवाई

## स्टेट बार काउंसिल ने विधि के छात्रों और कर्मचारियों को दी चेतावनी

**जागरण, रीवा।** अधिवक्ता का मोनो व बोर्ड का गलत इस्तेमाल करने वालों पर अब कड़ी कार्रवाई की जाएगी। स्टेट बार काउंसिल ने इस संबंध में विधि छात्रों व न्यायिक कर्मचारियों को चेतावनी दी है। बताया गया कि प्रदेश से कई शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि विधि की पढ़ाई करने वाले छात्र न्यायालय में काला कोट पहनकर स्वयं को अधिवक्ता बताकर पैरवी कर रहे हैं। साथ ही पुलिस थाने में भी स्वयं को अधिवक्ता बताकर पक्षकार की पैरवी कर रहे हैं। विधि के छात्रों द्वारा अपने घरों में अधिवक्ता का बोर्ड भी लगाया जा रहा है और उनके द्वारा पक्षकारों को गलत सलाह दी जा रही है। प्रदेश के कई तहसीलों व जिलों से इस तरह की कई शिकायतें प्राप्त हो रही हैं कि संघों के कुछ पदाधिकारियों द्वारा ऐसे छात्रों का दुरुपयोग किया जा रहा है और अपने अवैध कार्यों को कराए जाने के लिए उनका इस्तेमाल किया जा रहा है जो कि विधि विरुद्ध है। बताया गया कि ऐसे विधि के छात्रों के नाम परिषद के पास हैं। उन्हें पढ़ाई पूरी होने के बाद परिषद में नामांकन के समय दिक्कत का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि जब तक परिषद में नामांकन नहीं हो जाता, तब तक कोई भी अपने घर या अपने वाहनों में अधिवक्ता का बोर्ड या एडवोकेट का मोनो नहीं लगा सकता। ऐसा करने वालों के खिलाफ संबंधित प्रधान जिला न्यायाधीश के समक्ष शिकायत की जाएगी, क्योंकि यह विधि विरुद्ध व दंडनीय है।


## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।


# 80 हजार रुपए के इनामी तस्कर ने पुलिस के सामने उगले राज

## 4 लाख रुपए की 1660 शीशी नशीली कफ सिरप हुई बरामद

**जागरण, रीवा**

शातिर नशा तस्कर विजय साहू उर्फ बुच्ची को चोरहटा पुलिस ने गुरुवार को भोपाल से गिरफ्तार किया था, पकड़े गए आरोपी को पुलिस शुक्रवार को रीवा लेकर पहुंची जहां न्यायालय से उसे रिमांड में लिया गया। पुलिस कस्टडी में आरोपी ने अवैध मेडिकल नशा से जुड़े छोटे-बड़े कारोबारियों के नाम उगले हैं। आरोपी के खिलाफ शहर के सिविल लाइन थाना, चोरहटा, सिटी कोतवाली, मनगवां और सगरा थाना में एनडीपीएस एक्ट के तहत 17 मामले पंजीबद्ध थे। आरोपी के खिलाफ 80 हजार रुपए का ईनाम घोषित था। पकड़े गए आरोपी की निशानदेही पर चोरहटा पुलिस ने करीब 4 लाख रुपए कीमत की 1660 शीशी अवैध नशीली कफ सिरप जब्त की है। शनिवार को



पूरे मामले का खुलासा करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने बताया कि नगर पुलिस अधीक्षक रितु उपध्याय के नेतृत्व में रीवा पुलिस द्वारा अबैध मदाक पदार्थ के मामले में लम्बे समय से फरार आरोपी बुच्ची उर्फ विजय साहू पिता रामकृपाल साहू 35 वर्ष को गिरफ्तार किया गया है। पकड़ा गया आरोपी जिले के विभिन्न थानों से अवैध कफ सिरफ की तस्करी के विभिन्न अपराधों में फरार था, जिसकी तलाश पुलिस 3 साल से कर रही थी। फरार आरोपी को पकडने के अनुभाग स्तर पर थानों एवं सायबर सेल टीम को गठित किया गया था। टीम द्वारा लगातार फरार आरोपी के विरुद्ध तकनीकी एवं मैदानी रूप से निगरानी बनाये रखी गई थी। सायबर सेल की मदद से चोरहटा पुलिस टीम को 28 मई को जानकारी प्राप्त हुई की फरार आरोपी भोपाल में रह रहा है। जिस पर सायबर सेल एवं थाना चोरहटा की संयुक्त टीम द्वारा भोपाल पहुंचकर फरार आरोपी के स्थान पर दबिश देकर उसे धर दबोचा।

### सोमवार को न्यायालय में होगा पेश

आरोपी को गिरफ्तार कर चोरहटा पुलिस ने न्यायालय जिला रीवा पेश कर पुलिस रिमान्ड लिया था, बताया गया कि सोमवार को पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करेगी। आरोपी से अभी भी पुलिस की पूछताछ जारी है। पकड़े आरोपी ने नशे की एक खेप थाना चोरहटा क्षेत्र में छुपाये रखने की जानकारी दी थी, जिसके बाद पुलिस ने दबिश देकर 1660 शीशी नशीली कफ सिरप जब्त की है, साथ ही अन्य मामलों में भी आरोपी से पूछताछ जारी है।

# महिला की मौत से नाराज परिजनों ने अस्पताल में किया हंगामा

## चिकित्सकों पर लगाया लापरवाही का आरोप

**जागरण, रीवा।** संजय गांधी अस्पताल में उपचार के दौरान महिला की मौत पर परिजनों ने चिकित्सकों पर उपचार में लापरवाही का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। पूर्व में भी अस्पताल प्रबंधन पर ऐसे आरोप लगते रहे है। विंध्य के सबसे बड़े अस्पताल संजय गांधी में जूडा ही व्यवस्थाओं को संभाल रहे हैं। परिजनों ने आरोप लगाया कि शनिवार की सुबह करीब 5 बजे वो महिला को उपचार कराने लेकर पहुंचे लेकिन उसका समय से इलाज ही शुरू नहीं हुआ। परिजन मरीज के उपचार के लिए अस्पताल में इधर-उधर भटकते रहे। महिला की मौत के बाद परिजनों का सब्र टूट गया और अस्पताल प्रबंधन पर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया है। घटना के संबंध में मृतका विद्या देवी यादव निवासी नीम चौराहा थाना विश्वविद्यालय के बेटे जैनेंद्र यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि उनकी माताजी को सांस लेने में तकलीफ थी। सुबह 5 बजे संजय गांधी अस्पताल में लाकर उन्हें भर्ती कराया गया जिसके बाद चिकित्सों ने ऑक्सीजन लगा दिया और इसके बाद देखने तक नहीं आए। जिससे उसकी मां की मौत हो गई। बताया गया कि जब उसकी मां की मौत हो गई तो अचानक डॉक्टर की टीम पहुंची और उपचार शुरू कर दिया। बेटे ने आरोप लगाया कि उनकी मां की मौत के जिम्मेदार संजय गांधी अस्पताल के डॉक्टर हैं जिनकी लापरवाही के चलते उसने अपनी मां को खो दिया। परिवार के ही राजू यादव ने बताया कि अगर सीनियर डॉक्टर द्वारा विद्या देवी का उपचार समय से किया जाता तो उनकी जान बच सकती थी लेकिन डॉक्टर महज ऑक्सीजन लगाकर खाना पूर्ति कर गायब हो गए और जब उनके प्राण निकल गए तो उसके बाद डॉक्टरों ने उपचार शुरू कर दिया परिजनों ने डॉक्टर के ऊपर कारवाई किए जाने और व्यवस्थाओं को सुधारने की मांग की है।

# अनुत्तीर्ण विद्यार्थी अब 8 जून तक भर सकेंगे परीक्षा फार्म

**रीवा।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मप्र ने हाईस्कूल/हायर सेकंडरी द्वितीय परीक्षा 2025 के लिए ऑन लाइन आवेदन पत्र भरने की तिथि में वृद्धि की है। पूर्व में इस परीक्षा के आवेदन भरने की अंतिम तिथि 31 मई निर्धारित की गई थी, जिसे बढ़ाकर 8 जून रात्रि 12 बजे तक ऑन लाइन आवेदन भरने के लिए जारी किए गए है, शेष निर्देश यथावत लागू रहेंगे।


## दुकान एवं हाल किराये से देना है

हाल- 7500, 2000 एवं विभिन्न सइज के दुकान 12x25, 10x25 एवं विभिन्न साईज की।
पता:- समान तिराहा नया बस स्टैड रीवा
मो. 9424982753
9200290020
RN 82519/4/6



## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944


## सरकारी योजनाओं में रोड़ा बनी समग्र पोर्टल की रफ्तार

# सर्वर का लिंक गायब होने के कारण घंटों नहीं हो पा रहे हितग्राहियों के काम

### आवेदनों की बढ़ रही पेंडेंसी, हितग्राही हो रहे परेशान

**जागरण, रीवा।** आमजनों को सुविधाजनक तरीके से कम समय में सरकारी योजनाओं का लाभ देने और जरूरी दस्तावेज उपलब्ध कराने के लिए लोक सेवा केन्द्रों की शुरूआत की गई है। जिले के हर विकासखण्डों में लोकसेवा केन्द्र संचालित हो रहे हैं, जहां अपने विभिन्न कामों को लेकर दूर-दूर से लोग पहुंच रहे हैं लेकिन यहां आए दिन समग्र पोर्टल का सर्वर का लिंक गायब रहने से लोक सेवा केन्द्र में कामकाज प्रभावित रहा है। यहीं हाल नगर निगम कार्यालय का है, यहां भी समग्र आईडी में सुधार कराने आने वाले हितग्राहियों को परेशान होना पड़ रहा है।

### नहीं बन रहे प्रमाण पत्र

चूंकि अगले माह के पहले पखवाड़े से स्कूलों की शुरूआत होने जा रही है, ऐसे में विशेष रूप से अभिभावक अपने बच्चों के लिए जाति प्रमाण पत्र, आय, मूल निवासी प्रमाण जैसे अन्य आवश्यक कार्यों के लिए यहां पहुंच रहे हैं लेकिन सर्वर की समस्या के कारण उन्हें बाद में आने के लिए कहा जा रहा है। जानकारी के अनुसार नए पोर्टल का उपयोग शुरू किया गया है, पिछले माह से अपडेट किए गए पोर्टल के माध्यम से लोक सेवा से जुड़े सभी कामकाज किए जा रहे हैं हितग्राहियों के आवेदन लिए जा रहे हैं। एनआईसी के माध्यम से संचालित समग्र पोर्टल और इससे संबंधित समस्त एप्लिकेशन के लिए सर्वर संधारण और सुधार कार्य किया जाना था। सर्वर मेंटीनेंस के बाद समग्र एप्लिकेशन की दक्षता और कार्यक्षमता में सुधार होना था, जिससे समग्र एप्लिकेशन सॉफ्टवेयर से और बेहतर सेवाएं प्राप्त हो सकें। लोगों का कहना है पिछले माह से नए पोर्टल की शुरुआत के साथ ही इसमें सर्वर की समस्या आने लगी थी, जिसे किसी तरह ठीक करा लिया गया लेकिन एक बार फिर पिछले करीब एक सप्ताह से सर्वर की समस्या बनी हुई है। कर्मचारियों ने बताया कि सर्वर बीच-बीच में काम करता है लेकिन कुछ देर में बंद हो जाता है, ऐसे में पोर्टल के माध्यम से आवेदनों पर आगे की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है।

### कामकाज हो रहा है प्रभावित

हिताहियों का कहना है कि लोक सेवा केन्द्र से जारी होने वाले प्रमाण पत्रों को बनवाने में लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ दिनों पहले पोर्टल को मेंटीनेंस के नाम पर बंद किया गया था। गुरुवार को पोर्टल ठीक तरह से काम कर रहा था। कर्मचारियों ने बताया कि पोर्टल कब तक चलेगा कहना मुश्किल है। पोर्टल तो शुरू कर दिया गया लेकिन सर्वर की समस्या होने के कारण काम करना मुश्किल हो रहा है। यही कारण है कि गुरुवार को लोक सेवा केन्द्र में बड़ी संख्या में लोग आय, जाति व निवास प्रमाण पत्र के साथ भूमि संबंधित दस्तावेज के बजवाने के लिए परेशान होते देखे गए।

# जिल हिज्जा का चांद दिखा, ईद-उल-अजहा 7 जून को

**जागरण, रीवा।** हज़रत इब्राहीम अलै. के बेटे हज़रत इस्माईल अलै. की याद में मनाया जाने वाला कुर्बानी का प्रतीक पर्व ईद-उल-अजहा आगामी 7 जून को मनाये जाने का निर्णय बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता कमेटी के संस्थापक मो. शुऐब खान ने की एवं अध्यक्ष मखदमू खान विशेष रूप से उपस्थित रहे। उम्मत-ए-मोहम्मदिया कमेटी रीवा के संस्थापक मो. शुऐब खान, मोहसिन खान एवं प्रवक्ता अजहरउद्दीन अज्जू ने प्रेस को जारी संयुक्त विज्ञप्ति में बताया कि पूरे हिन्दोस्तां के साथ-साथ विंध्य क्षेत्र में भी कुर्बानी का प्रतीक पर्व ईद-उल-अजहा 7 जून को परम्परागत तरीके से मनाया जायेगा। इस्लाम में एक साल में दो तरह की ईद मनाई जाती है, एक ईद जिसे मीठी ईद यानी ईद-उल-फित्र कहा जाता है और दूसरी बकरीद ईद-उल-अजहा। एक ईद समाज में प्रेम की मिठास घोलने का संदेश देती है तो वहीं दूसरी ईद अपने कर्तव्य के लिये जागरूक रहने का सबक सिखाती है।

# गांजा के अवैध सप्लायरों की लोकेशन ट्रेस कर रही पुलिस

## मनगवां पुलिस ने कार सहित दो आरोपियों के कब्जे से 2 क्विंटल 93 किलो गांजा किया था जब्त, आरोपी भेजे गए जेल



**जागरण, रीवा।** मनगवां पुलिस ने अमवा नहर के पास सफेद रंग के ईको कार में सवार दो आरोपियों के कब्जे से शुक्रवार को 2 क्विंटल 93 किलोग्राम गांजा जब्त किया था। पकड़े गए आरोपियों ने पुलिस पूछताछ में बड़े गांजा तस्करों के नाम बताए है, जिनकी लोकेशन अब पुलिस ट्रेस कर रही है। बताया जा रहा है कि आरोपी दूसरे सप्लायरों से गांजा की यह खेप लेकर क्षेत्र में खपा रहे थे, जिसके बाद पुलिस ने मुखबिर सूचना के बाद उन्हे गिरफ्तार किया था। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी शुभम उर्फ गोलू जायसवाल पुत्र मुद्रिका जायसवाल 25 वर्ष निवासी इटौरा बायपास थाना विश्वविद्यालय व अरुण कुमार मिश्रा पुत्र रामलखन मिश्रा 50 वर्ष निवासी सिरखनी थाना रायपुर कर्चुलियान को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की थी। पकड़े गए आरोपियों को पुलिस ने शनिवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेजा गया है। मनगवां थाना प्रभारी वर्षा सोनकर ने बताया कि अवैध रूप से गांजा की तस्करी कर रहे आरोपियों ने पूछताछ में इस अवैध से जुड़े अन्य तस्करों के नाम बताए हैं, जिसके बाद उनकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है।

# खजुराहो से दतिया होते हुए भोपाल के लिए हवाई उड़ान सेवा प्रारंभ

## पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा : विधायक अरविंद पटैरिया



**जागरण, खजुराहो ।** विश्व प्रसिद्ध पर्यटन नगरी खजुराहो से हवाई सेवाओं में विस्तार करते हुए फ्लाई बिग एयरलाइंस की खजुराहो-दतिया-भोपाल उड़ान सेवा का शुभारंभ राजनगर विधायक अरविंद पटैरिया की उपस्थिति में हुआ। इस सेवा को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भोपाल में आयोजित एक कार्यक्रम के माध्यम से हरी झंडी दिखाकर शुरू किया, जबकि विधायक अरविंद पटैरिया ने खजुराहो एयरपोर्ट पर विमान को रवाना किया। उद्घाटन समारोह में दतिया से खजुराहो पहुंचीं महिलाओं के एक दल की सदस्य रवीना वाल्मीकि ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। विधायक अरविंद पटैरिया ने कहा कि ये छोटी उड़ान सेवाएं बुंदेलखंड के पर्यटन को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगी। खजुराहो जैसे वैश्विक पर्यटन स्थल को बेहतर कनेक्टिविटी से जोड़ना क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताया कि खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा के प्रयासों से जल्द ही दिल्ली, वाराणसी और अन्य प्रमुख शहरों के लिए भी उड़ान सेवाएं शुरू होंगी। खजुराहो एयरपोर्ट के डायरेक्टर संतोष सिंह ने बताया कि यह 19 सीटर विमान सेवा सप्ताह में चार दिन सोमवार, मंगलवार, बुधवार और गुरुवार को संचालित होगी। भोपाल से दोपहर 1:00 बजे उड़ान शुरू होकर 2:01 बजे दतिया पहुंचेगी, फिर 2:30 बजे दतिया से खजुराहो के लिए उड़ेगी और 3:15 बजे खजुराहो पहुंचेगी। वापसी में खजुराहो से 3:40 बजे उड़ान दतिया के लिए होगी, जो 4:45 बजे दतिया पहुंचेगी, और फिर 4:45 बजे दतिया से भोपाल के लिए उड़ान भरेगी, जो 6:00 बजे भोपाल पहुंचेगी। पहले दिन दतिया से खजुराहो सात यात्री पहुंचे, जिनमें सभी महिलाएं थीं। किराया मात्र 999 रुपये से शुरू है ।

## सरपंच प्रतिनिधि ने की मारपीट, वीडियो हुआ वायरल

**छतरपुर ।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम दालौन के सरपंच प्रेमचंद अहिरवार एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। उनके खिलाफ अवैध कट्टे के साथ प्रदर्शन और एक दर्जन लोगों के साथ मिलकर ग्रामीणों के साथ मारपीट करने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया गया है कि सिविल लाइन थाने में प्रेमचंद अहिरवार सहित चार अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट और एससी-एसटी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। जो वीडियो सामने आया है, उसमें सरपंच और उनके साथ करीब एक दर्जन लोग ग्रामीणों के साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इसके साथ ही एक तस्वीर भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें प्रेमचंद अहिरवार अवैध कट्टे के साथ दिखाई दे रहे हैं। सिविल लाइन थाना प्रभारी ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# झोलाछाप डॉक्टरों पर मेहरबान स्वास्थ्य विभाग

### विभाग की अनदेखी से हो रहीं मौतें




**जागरण, छतरपुर ।** गुलगंज क्षेत्र में इन दिनों झोलाछाप डॉक्टरों का कहर जारी है और इन झोलाछाप डॉक्टरों पर स्वास्थ्य विभाग मेहरबान बना हुआ है। ग्राम गोपालपुर, मऊ खेड़ा, राजपुरा, टपरियन, गुलगंज, बौंकना, देवरान, पीरा, सिंध खुरई, डीकौली, गढा, कांटी, और अनगौर जैसे गांवों में एक दर्जन से अधिक झोलाछाप डॉक्टर अवैध क्लीनिक चला रहे हैं। आरोप है कि बिजावर बीएमओ और छतरपुर सीएमएचओ की जानकारी के बावजूद ये डॉक्टर सुविधा शुल्क देकर कार्रवाई से बच रहे हैं। पिछले दो महीनों में फर्जी इलाज के कारण करीब एक दर्जन गरीब मरीजों की मौत हो चुकी है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय प्रशासन की उदासीनता बरकरार है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गुलगंज क्षेत्र के गांवों में झोलाछाप डॉक्टर बिना वैध डिग्री या लाइसेंस के क्लीनिक संचालित कर रहे हैं। अनगौर में एक झोलाछाप डॉक्टर फॉर्च्यूनर गाड़ी से घूमता है और लकवा का फर्जी डिप्लोमा दिखाकर मरीजों का इलाज करता है, जिससे कई लोगों की जान जा चुकी है। ग्रामीणों ने गुलगंज थाने में शिकायतें दर्ज कीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी सुविधा शुल्क लेकर इन अवैध गतिविधियों को अनदेखा कर रहे हैं। जब इस बारे में सीएमएचओ, छतरपुर से संपर्क किया गया, तो उन्होंने कहा, मैं मंत्री जी के साथ दौरे पर हूं। आपके द्वारा बताए गए झोलाछाप डॉक्टरों के खिलाफ जरूर कार्रवाई करूंगा।

## एनसीसी कैडेट्स ने रैली निकालकर दिया नशामुक्ति का संदेश

**छतरपुर ।** नशा मुक्ति दिवस के अवसर पर छतरपुर में 25 एमपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में एक भव्य नशा मुक्ति जागरूकता रैली निकाली गई। रैली छत्रसाल चौराहे से शुरू होकर बिजावर नाका, एसपी कार्यालय होते हुए पुनः छत्रसाल चौराहे के रास्ते बटालियन मुख्यालय पर समाप्त हुई। इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने नारों और संदेशों के माध्यम से शहरवासियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया। रैली में बड़ी संख्या में एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। रैली का उद्देश्य नशे के व्यक्तिगत, पारिवारिक और सामाजिक नुकसानों को उजागर कर समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में जागरूकता फैलाना था। 25 एमपी बटालियन के अधिकारियों, स्कूल शिक्षकों, स्थानीय नागरिकों और समाजसेवियों ने इस पहल की सराहना की।

## श्रीकृष्णा विश्वविद्यालय मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**छतरपुर ।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर द्वारा विगत पांच वर्षों से बारहवीं कक्षा में 60 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करने की परंपरा को इस वर्ष भी जारी रखा गया। मेधावी छात्र सम्मान 2025 के प्रथम चरण का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में शनिवार को सम्पन्न हुआ, जिसके मुख्य अतिथि बिजावर विधायक राजेश शुक्ला, विशिष्ट अतिथि सेवानिवृत्त संयुक्त कलेक्टर डी.पी. द्विवेदी, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के प्राध्यापक व शोध समन्वयक पुष्पेंद्र खरे, संघ लोक सेवा आयोग में चयनित आशुतोष मिश्रा, समाजसेवी मानवेंद्र सिंह, कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम और प्रभारी कुलसचिव डॉ. अमित जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मंचासीन अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रभारी कुलसचिव डॉ. अमित जैन ने स्वागत भाषण में विश्वविद्यालय में संचालित पाठ्यक्रमों, पिछले छह वर्षों की उपलब्धियों और अतिथियों का परिचय देते हुए सभी का स्वागत किया। कम्प्यूटर एप्लीकेशन विभाग के प्राध्यापक ओंकार तिवारी ने पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के पाठ्यक्रमों, उनकी उपयोगिता, केंद्रीय पुस्तकालय, विभागीय पुस्तकालय और विभिन्न प्रयोगशालाओं की जानकारी दी। कुलाधिपति डॉ. बृजेंद्र सिंह गौतम ने अपने उद्बोधन में कहा कि मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करना समाज और भावी पीढ़ी के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखता है। उन्होंने कहा, विद्यार्थी देश का वर्तमान और भविष्य हैं।

# लोन के पैसों के विवाद में पिता की हत्या करने वाला बेटा चढ़ा पुलिस के हत्थे, 24 घंटे में हुई गिरफ्तारी



**जागरण, डिंडौरी ।** सिटी कोतवाली अंतर्गत ग्राम धनवासी में पुत्र द्वारा पिता की निर्मम हत्या कर फरार होने की घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही थाना कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।घटना विगत दिनांक 31 मई 2025 की रात्रि की है, जब ग्राम धनवासी निवासी भीकम सिंह धुर्वे (उम्र 58 वर्ष) की हत्या उनके ही पुत्र राजेश धुर्वे ने कर दी। फरियादिया प्रेमवती बाई धुर्वे, पत्नी मृतक भीकम सिंह ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई कि आरोपी पुत्र राजेश ने लोन के पैसों को लेकर अपने पिता से विवाद किया। झगड़े के दौरान राजेश ने लकड़ी के डंडे से लगातार प्रहार कर अपने पिता की हत्या कर दी और शव को घर में छोड़कर बाहर से ताला लगाकर फरार हो गया।थाना कोतवाली में अपराध क्रमांक 362/25 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला पंजीबद्ध कर जांच शुरू की गई। पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहिनी सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. अमित वर्मा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस श्रीमती मेहंती मरावी के मार्गदर्शन में तत्काल कार्रवाई करते हुए थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे द्वारा एक विशेष टीम गठित की गई। टीम ने आरोपी की तलाश में तेजी से कार्य करते हुए उसे ग्राम अमदरी चौकी अमरपुर थाना समनापुर से 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया।

### गिरफ्तारी में इन अधिकारियों-कर्मचारियों की रही विशेष भूमिका

थाना प्रभारी दुर्गा प्रसाद नगपुरे, उपनिरीक्षक बी.एल. बरकड़े, सउनि. शिशांक श्रीवास्तव, आरक्षक दिनेश तेकाम, प्रआर 189 केके मरावी, प्रआर 36 रोहित पटेल, प्रआर 146 सलीम खान, आर 211 सतेंद्र डहेरिया, आर 332 श्याम तिवारी, आर 168 विशाल पटेल, चा.आर 395 मनोज कुंजाम की सक्रिय भूमिका रही।

## जल जीवन मिशन फेल, ग्राम पंचायत मुड़िया कला के कुर्कवारा माल के वशिंदे बूंद-बूंद पानी को तरस रहे



**जागरण, डिंडोरी ।** डिंडोरी जिले की जनपद पंचायत डिंडोरी के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत मुड़िया कला के पोशक ग्राम कुर्कवारा माल के वाशिंदे इन दिनों भीषण गर्मी के दौर में बूंद बूंद पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं, ग्रामीणों के अनुसार लगभग 15 दिनों से ग्राम के सभी कुआं, झीरिया सूखाग्रस्त हो गए हैं, हम लोगों के द्वारा सरपंच को ग्राम पंचायत में उपलब्ध पानी टैंकर से पानी देने के लिए कई बार आवेदन निवेदन किया गया किंतु सरपंच के द्वारा कलेक्टर के आदेश नहीं है का हवाला देकर हमें शांत कर दिया जाता है, ग्राम पंचायत में उपलब्ध पानी टैंकर को अन्य पंचायतों में किराया से दे- दे कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया है एवं किराया से प्राप्त राशि का बंदर बांट कर दिया गया है, ग्रामीणों के अनुसार पिछले दिनों हमारे ग्राम में नल जल योजना के नाम पर ढाई से तीन लाख रूपये सरपंच, सचिव के द्वारा खर्च किया गया था, उसके बावजूद हमें आज भी बूंद बूंद पीने के पानी के लिए तरसना पड़ रहा है, लोगों का कहना है कि रात के दो-तीन बजे उठकर ग्रामीण कुआं, झिरिया से दूषित पानी झिरा-झिरा कर जैसे - तैसे अपने पीने का जुगाड़ तो कर लेते हैं, किंतु मवेशियों के पीने एवं निस्तार के लिए हमें पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे हमारा जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन जल्द से जल्द हमारे पीने के पानी की व्यवस्था कराए अन्यथा हम लोगों के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में ताला जड़कर विरोध प्रदर्शन किया जाएगा ।

## पेयजल स्त्रोतों का किया क्लोरिनेशन



**मंडला ।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला में गठित टीम ने ग्रामीण अंचलों में शुद्ध पेयजल आपूर्ति हेतु मंडला जिले के ब्लॉक नैनपुर के सुनेहरा, छीन्दा ब्लॉक नारायणगंज के समनापुर, मझगांव ब्लॉक मोहगांव के बिलगांव, पलेहरा, चौगान, ब्लॉक बिछिया के रामनगर, लुटिया, नकावल, भावाजर ब्लॉक घुघरी के रामेपुर, बिलगांव, साजपानी, बिसांधर, दलका गोपांगी, ब्लॉक बीजाडांडी के शोधन पिपरिया, बारगदा माल, बारंगदा वनग्राम में स्थापित हैंडपंप, कुआं, ट्यूबवेल आदि ग्रामों में जर्मेक्स एवं ब्लीचिंग पाउडर डालकर क्लोरिनेशन किया गया। साथ ही ग्रामीणों को पेयजल स्त्रोतों के आसपास साफ सफाई रखने, जल के सदुपयोग, व्यक्तिगत रूप से सोखता गड्ढा बनाकर जल संरक्षण हेतु जानकारी दी गई।

## माँ नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा एवं चौपाल में शामिल हो रहे ग्रामीणजन




**जागरण, मंडला ।** प्रदेश के 16 जिलों के 51 विकासखंडों में चिन्हित 335 पंचायतों में माँ नर्मदा सर्वेक्षण एवं जनजागरण यात्रा निकाली जा रही है। मंडला जिले में उत्तर तट की प्रत्येक नर्मदा तटीय ग्राम पंचायत में नर्मदा पथ सर्वेक्षण यात्रा पहुँच रही है। यात्रा के दौरान सार्वजनिक चौपालों के माध्यम से नर्मदा सेवा समितियों का गठन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में यात्रा ग्राम बड़ी खैरी से प्रारंभ होकर आमानाला, खुड़िया, पटपरा व छपरी (सिलपुरी) में समाप्त हुई। संबंधित चौपालों में यात्रा दल प्रभारी व म.प्र. जन अभियान परिषद के जिला समंवयक श्री राजेन्द्र चौधरी ने यात्रा के उद्देश्य के विषय में विस्तार से जानकारी दी। काशी विश्वनाथ वैदिक गुरुकुल के संचालक आचार्य श्री भीमदेव, नैष्टिक ब्रम्हचारी एवं श्री देववप्पा आश्रम सुरंगदेवरी के महंत स्वामी सच्चिदानंद महाराज जी ने प्रत्येक स्थानों में सभी उपस्थितजनों के समक्ष पतित पावनी मां के प्रवाह पर वर्तमान समय में किस तरह के दुष्प्रभाव पड़ रहे हैं ? इससे अवगत कराया। चौपालों में सर्वे प्रपत्र की जानकारी भरवाई गई एवं जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत ग्रामवासियों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। ग्राम चौपालों में स्थानीय ग्रामवासियों ने खुलकर सहभागिता की। पंचायतों के प्रतिनिधियों ने यात्रा दल के लोगों का आत्मीय स्वागत किया। पांचों पंचायतों में परामर्शदाता श्री संतोष रजक, श्री आशीष नामदेव, श्रीमती दीपा श्रीवास एवं श्रीमती रागिनी हरदहा कार्यक्रम की व्यवस्था हेतु उपस्थित थे।

## डिंडोरी में दिग्विजय बोले- बैगा आदिवासियों के जमीन कटनी जिले के आदिवासियों के नाम पर विधायक संजय पाठक ने खरीदी



**जागरण, डिंडोरी ।** डिंडोरी के पिपरिया गांव में पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रेस वार्ता कर बताया कि बैगा आदिवासियों से जमीन खरीद फरोख्त मामले पर दिग्गी राजा ने जानी हकीकत, जमीन बिकवाने वाले पिपरिया गाँव और बजाग के दलालों के नाम हुए उजागर पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने रविवार को डिंडोरी दौरे पर पहुंचे यहां पर उन्होंने रेस्ट हाउस में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा विधायक संजय पाठक पर गंभीर आरोप लगाए हैं उन्होंने कहा कि पाठक ने षडयंत्र कर बैगा आदिवासियों की एक हजार एकड़ जमीन कटनी जिले के आदिवासियों के नाम पर खरीद ली है। दिग्विजय सिंह ने बताया कि उनके मुख्यमंत्री काल में संजय पाठक मंत्री परिषद में सदस्य थे संजय पहले कांग्रेस के विधायक थे और बाद में भाजपा में शामिल हो गए उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रहते हुए आदिवासियों की जमीन की सुरक्षा के लिए नियम बनाए थे जिसमें कलेक्टर की मंजूरी के बिना जमीन की खरीद बिक्री पर रोक थी जमीन खरीदने वालों में कटनी के रघुराज सिंह, राकेश, नाथू और प्रहलाद शामिल हैं इनमें से कुछ लोग गरीबी रेखा के नीचे हैं और सरकारी योजनाओं का लाभ ले रहे हैं दिग्विजय सिंह के अनुसार यह सभी खरीददार संजय पाठक के नियंत्रण में है और उनसे किसी को मिलने नहीं दिया जाता है हालांकि डिंडोरी जिला प्रशासन ने इस मामले में कटनी प्रशासन से जानकारी मांगी है।

## पत्रकारिता समाज को सही दिशा दिखाने का सशक्त माध्यम : आलोक सिंह



### देवर्षि नारद जयंती कार्यक्रम में हुआ वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान

**जागरण, मंडला।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रचार विभाग द्वारा आद्य पत्रकार देवर्षि नारद जी की जयंती के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन पीडब्ल्यूडी रेस्टहाउस में किया गया। इस कार्यक्रम में पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले वरिष्ठ पत्रकारों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता स्वदेशी जागरण मंच, जबलपुर के प्रांत संयोजक आलोक सिंह चौहान ने अपने उद्बोधन में पत्रकारिता की सामाजिक जिम्मेदारी और देवर्षि नारद के आदर्शों का उल्लेख करते हुए कहा कि पत्रकारिता समाज को सही दिशा दिखाने का एक सशक्त माध्यम है, और इसे नारद जी के सत्य, निष्पक्षता और लोक कल्याण के सिद्धांतों पर आधारित होना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित वरिष्ठ पत्रकार सुनील दुबे अन्ना महाराज और सुधीर उपाध्याय ने पत्रकारिता के बदलते स्वरूप और इसके समाज पर प्रभाव पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार सुनील दुबे अन्ना महाराज, सुधीर उपाध्याय, विमलेश मिश्रा, चंद्रेश खरे और हनुमान तिवारी को उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन पत्रकार नीरज अग्रवाल और आभार जिला प्रचार प्रमुख दीपचंद नंदा ने किया। इस अवसर पर आरडी कॉलेज प्राचार्य डॉ अनिल गुप्ता, सेवानिवृत्त प्रोफेसर डॉ विजेंद्र चौरसिया सहित स्थानीय पत्रकार, स्वयंसेवक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# कलेक्टर सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बाल कल्याण समिति की पहल

**जागरण, मंडला ।** बाल कल्याण समिति,मंडला देखरेख और संरक्षण के लिए जरुरतमंद बच्चों के विकास, सुरक्षा उपचार, विकास और पुर्नवास के लिए कार्य कर रही है। बाल कल्याण समिति ने मंडला जिला कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के मार्गदर्शन में बैगा जनजाति के दो बच्चों को रेस्क्यू करने के दो माह बाद उनका आवासीय विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित किया। बैगा जनजाति के दो बच्चों को उनके अभिभावकों ने मार्च के प्रथम सप्ताह में माहिष्मती घाट मंडला में छोड़ दिया था। इन बच्चों की जानकारी मिलते ही बाल कल्याण समिति द्वारा विभागीय अमले के सहयोग से बच्चों को रेस्क्यू किया और आर्दश बालगृह पहुंचाया। बच्चों के जैविक माता-पिता की जानकारी जुटाई गई। विशेष किशोर पुलिस इकाई के माध्यम से माता को बाल कल्याण समिति के समक्ष उपस्थित कराया गया। परामर्श के दौरान माता-पिता के अत्यधिक शराब के सेवन और लड़ाई के तथ्य की जानकारी मिली। माता-पिता बच्चों के लालन-पालन में अत्यधिक लापरवाह थे, एकाध बार पहले भी बच्चों को घर से निकाल दिया था। मार्च के प्रथम सप्ताह में बच्चों के साथ गाली-गलौच कर उन्हें दोबारा घर न आने के चेतावनी के साथ माहिष्मती घाट मंडला में छोड़ दिया था। दो-तीन दिन से भूखे प्यासे बच्चों को रेस्क्यू किया गया। रेस्क्यू के समय एक बच्चे के आंखों में गंभीर संक्रमण था। पहले शासकीय चिकित्सालय में उपचार कराया गया। बाल कल्याण समिति ने बाल गृह के निरीक्षण के दौरान निजी क्षेत्र के नेत्र रोग विशेषज्ञ से भी उपचार कराया । बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष गजेन्द्र गुप्ता, सदस्य श्रीमती तृप्ति शुक्ला, रंजीत कछवाहा, सुश्री शशि पटेल और संतोष कुमार यादव ने बच्चों के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए जनजातीय कार्य विभाग से समन्वय कर बैगा बालक आश्रम में प्रवेश हेतु पहल की। प्रवेश हेतु आवश्यक दस्तावेजों की उपलब्धता नहीं थी। बाल कल्याण समिति, बालगृह और प्रशासनिक अमले के संवेदनशीलता के कारण सभी दस्तावेज समय पर तैयार हुआ। बैगा बालक आश्रम ने विद्यालय के नवीन सत्र में बच्चों का प्रवेश सुनिश्चित किया। बच्चे अभी ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण में शामिल हो रहे हैं। एसडीएम मंडला सोनल सिडाम, सहायक आयुक्त जनजाति कार्य वंदना गुप्ता और अधीनस्थ अमले ने रेस्क्यू से लेकर प्रवेश तक की प्रक्रिया में संवेदनशीलता से बाल कल्याण समिति को सहयोग प्रदान किया। बाल कल्याण समिति और प्रशासनिक अमले ने बच्चों की पहचान उजागर नहीं होने दिया।

**बाल कल्याण समिति क्या करती है :** बाल कल्याण समिति भारत में किशोर न्याय अधिनियम 2015 के तहत गठित एक स्वायत्त संस्था है, जो उन बच्चों से संबंधित शिकायतों को संभालने और हल करने के लिए है जो या तो त्याग दिए गए हैं, अनाथ हैं, माता-पिता द्वारा स्वेच्छा से दिए गए हैं या खो गए हैं और जिन्हें विकास, सुरक्षा, उपचार, विकास और पुनर्वास से संबंधित मुद्दों पर देखभाल की आवश्यकता है।

# धूमधाम से मनाई गई रामहर्षण देवाचार्य महाराज की 108वीं जयंती



**जागरण, रीवा।** पौड़ी धाम में श्रीमद् राम हर्षण देवाचार्य महाराज की 108 वी जयंती महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्वामीजी के शिष्यगण पहुंचकर स्वामीजी का पूजन किया। प्रातः काल स्वामीजी के जन्म पर पूजन प्रारंभ हुई दोपहर में पूजन पश्चात भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था। पौड़ी धाम में 10 दिवसीय आयोजन स्वामीजी के जन्म महोत्सव के उपलक्ष में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर अयोध्या से श्री राम कुंज आश्रम से पधारे, संत श्रीरामानंद दास महाराज के श्रीमुख से श्रीमद् वाल्मीकि रामायण राम कथा की गई। अखिल भारतीय श्री राम हर्षण मंडल आयोजक मंडल द्वारा सचिन अखिल भारतीय राम हसन मंडल संभाग की अध्यक्ष बृजेंद्र तिवारी ने बताया यहां पर राम हसन देवाचार्यजी महाराज का 108 वीं जयंती महोत्सव पर यहां पर पूजा अर्चना की गई। यज्ञ हवन एवं भंडारे का आयोजन किया गया। मप्र के अन्य शहरों से भक्त लोग यहां पर आकर उनके दर्शन का लाभ लिया कथा व्यास पर श्री रामानंद दासजी महाराज अयोध्या से लोगों को कथा का श्रवण कराया।

## रतहरा नहर के पास झोपड़ी बनाकर किये गये कब्जे को नगर निगम ने हटाया



**रीवा।** नगर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर चलाए जा रहे नियमित अतिक्रमण विरोधी अभियान पर निगम अमले द्वारा सख्त कार्यवाही जारी है। इस क्रम में वार्ड 15 रतहरा नहर के पास लोगों द्वारा झुग्गी झोपड़ी बनाकर अतिक्रमण किया जा रहा था जिस पर नगर निगम अतिक्रमण अमले द्वारा हटाने की कार्रवाई की गई साथ ही समझाईश दी गई, दुबारा अतिक्रमण करने पर कड़ी कार्यवाही की जावेगी। इसी प्रकार रतहरा पुलिया के ऊपर से अतिक्रमण हटवाया गया। साथ ही प्रकाश चौराहा से धोबिया टंकी एवं धोबिया टंकी से जिला अस्पताल तक अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में अतिक्रमण सहायक ज्ञानेन्द्र द्विवेदी एवं अतिक्रमण दल उपस्थित रहा।




कई भारतीय यात्रियों ने ऑपरेशन सिंदूर के बाद से तुर्की और अजरबैजान को पूरी तरह से बॉयकॉट करने की ठान ली हैं। इसके चलते इन देशों का ट्रिप कैंसल करा दिया है। इसके बाद हर कोई वैकल्पिक ट्रेवल ऑप्शन भी देख रहा है, आखिर इतने खर्चे में और कहां जा सकते हैं। परेशान ना हों, ऐसे कई देश हैं, जिनकी ट्रिप आपको बजट फ्रेंडली होने के साथ-साथ वीजा के मामले में भी सही पड़ेगी।

# तुर्की-अजरबैजान जाने का इरादा टाल दिया...

■ सपना सिंह ■

हम सभी जानते हैं, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान जब से पाकिस्तान का साथ तुर्की ने दिया है, तब से भारतीयों ने भी साफ-साफ कह दिया है - टूरिज्म के रूप में तो हम इसका बॉयकॉट करते हैं! लेकिन लोगों का सवाल है आखिर अब कौन से देश में घूमने के लिए जाना चाहिए? क्योंकि एक टूरिस्ट वही जगह अपनी लिस्ट में शामिल करता है, जो सस्ती हो जहां वीजा भी मिल जाए और घूमने के लिए काफी कुछ हो।

## सेशल्स

खूबसूरत समुद्र तटों के बारे में जब भी सोचा होगा तो शायद अभी तक मालदीव वगैरह को ही अहमियत देते होंगे। लेकिन सेशल्स डेस्टिनेशन आपके लिए बढ़िया साबित हो सकती है। जो सस्ते में आइलैंड और समुद्री किनारों का मजा लूटना चाहते हैं, उन्हें यहां एक बार जरूर आना चाहिए। ये जगह केवल शानदार बीच फोटोस के लिए ही फेमस नहीं है, बल्कि सुकून के साथ अपने पार्टनर के साथ शांति के पल बिताने के लिए भी अच्छी है। यहां आप कोरल रीफ्स में स्नॉर्कलिंग, रेनफॉरेस्ट ट्रेल्स पर वॉक और यूनेस्को साइट्स घूम सकते हैं। भारतीय पासपोर्ट होल्डर्स को यहां वीजा की जरूरत नहीं पड़ेगी, और फ्लाइट भी ज्यादा लंबी नहीं है, इसलिए इसे हम इंडियंस के लिए बेस्ट ऑप्शन माना जाता है।

**वीजा प्रोसेसिंग टाइम-** भारतीयों के लिए कोई वीज़ा नहीं लगता; 90 दिनों तक फ्री एंट्री

**बजट-** लगभग 1.3 से 2 लाख प्रति व्यक्ति (5-7 दिन की ट्रिप के लिए)

## इन देशों का बनाएं टूर, तुरंत मिल जाएगा वीजा



## वियतनाम

वियतनाम भी छुट्टियां बिताने के लिए एक शानदार ऑप्शन है, जहां की प्राकृतिक खूबसूरती और ऐतिहासिक जगहें आपका दिल जीत लेंगी। यहां आप हा लॉन्ग बे की पहाड़ियां देख सकते हैं या होई आन जैसे पुराने शहर घूम सकते हैं - वो भी बिना ज्यादा खर्च किए। दिल्ली से हनोई या हो ची मिन्ह सिटी की फ्लाइट्स लगभग 30,000 रु से शुरू होती हैं, और वहां की सस्ते होटल्स और खाने-पीने की जगहों की वजह से पूरे हफ्ते की ट्रिप 50,000 से 70,000 रु के बीच में हो सकती है। यानी आपको एक खूबसूरत जगह भी मिल जाएगी और बजट भी मेंटेन रहेगा!

**वीजा टाइम-** वियतनामी लेटर एक तरह की अनुमति होती है जो वियतनाम की सरकार द्वारा दी जाती है, ताकि आप कुछ समय के लिए वियतनाम में एंट्री कर सके। यह डॉक्युमेंट एक एप्रूवल लेटर होता है, जिसके जरिए आप एक बार वियतनाम में एंट्री लेकर मैक्सिमम 90 दिनों तक रह सकते हैं।

## संयुक्त अरब अमीरात



यूएई (संयुक्त अरब अमीरात) आज भी भारतीय टूरिस्ट्स के लिए सबसे पसंदीदा डेस्टिनेशंस में से एक है। यहां आपको सब कुछ मिलेगा जिसकी तलाश में हम हर जगह भटकते रहते हैं। यहां चमचमाते मॉल, रेगिस्तान की रेत, और बाजार हैं, जो टूरिस्ट को काफी पसंद आते हैं। चाहे आप फैमिली के साथ जा रहे हों या अकेले ट्रिप पर, करने के लिए इस जगह पर ढेरों चीजें हैं। यहां का बुर्ज खलीफा, म्यूजिकल दुबई फाउंटेन, अबू धाबी का फेरारी वर्ल्ड, और ओल्ड दुबई के गोल्ड और स्पाइस मार्केट्स तो जरूर जाएं।

**वीजा प्रोसेसिंग टाइम-** 3-5 वर्किंग डेज ( ट्रैवल एजेंट्स या एयरलाइंस के जरिए)

**औसत बजट-** 80,000 से 1.5 लाख प्रति व्यक्ति (5-7 दिन के लिए)

## कंबोडिया



इतिहास में रुचि रखने वाले और प्रकृति प्रेमी लोगों को कंबोडिया जाकर बहुत खुशी होगी, क्योंकि यहां की सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक मंदिर देखने लायक हैं। यहां जाने वाले पर्यटकों को एकदम स्वर्ग जैसी फीलिंग आती है। कंबोडिया के शहर जैसे सीएम रीप और फ्नॉम पेन्ह टूरिस्ट्स को एक ऐसा अनुभव देते हैं जो ना सिर्फ शानदार हैं, बल्कि बजट में भी सही हैं। यहां सस्ती और अच्छे रहने की जगहें और स्वादिष्ट खाना आसानी से मिल जाता है। मुंबई से कंबोडिया की फ्लाइट का किराया करीब 35,000 रु होता है, जिस वजह से भी एक किफायती इंटरनेशनल डेस्टिनेशन है।

**वीजा प्रक्रिया-** भारतीय नागरिकों को कंबोडिया जाने के लिए वीजा की जरूरत होती है। आप ऑनलाइन ई-वीजा के लिए आवेदन कर सकते हैं या फिर कुछ एंट्री प्वाइंट्स पर पहुंचकर वीजा ऑन अराइवल भी ले सकते हैं। ई-वीजा 90 दिनों के लिए वैलिड होता है और इससे आप कंबोडिया में अधिकतम 30 दिन तक रुक सकते हैं। वहीं, वीजा ऑन अराइवल भी 3 महीने के लिए वैध होता है और इससे भी आप 30 दिन तक रुक सकते हैं।

## पुर्तगाल



अपने प्राचीन किलों, समुंदर के किनारे के नजारों और रंग-बिरंगी इमारतों के कारण पुर्तगाल आजकल यात्रियों के बीच तेजी से पसंदीदा जगह बनता जा रहा है। इस देश में खाने, संस्कृति और नजारों के मामले में काफी वैरायटी देखने को मिलेगी - खासकर लिस्बन और पोर्तो जैसे शहरों में, जहां बजट में रहने और खाने की अच्छी जगहें मिल जाती हैं। इसी वजह से आप आसानी से 5-6 दिन की ट्रिप करीबन 80,000 से 1,00,000 रु के अंदर कर सकते हैं। मुंबई से लिस्बन के लिए फ्लाइट्स आमतौर पर करीबन 45,000 रु से शुरू हो जाती हैं।

**वीजा प्रक्रिया-** भारतीय पासपोर्ट धारकों को आम तौर पर पुर्तगाल यात्रा के लिए शेंगेन वीजा की जरूरत होती है, जिसमें आप 180 दिनों की वैलिडिटी में 90 दिनों तक शॉर्ट टर्म के लिए रह सकते हैं।

# करीना कपूर खान का समर स्टाइल

करीना कपूर खान लंबे समय से स्क्रीन पर और स्क्रीन के बाहर दोनों जगह स्टाइल आइकन के रूप में राज करती रही हैं। जब बात उनके ऑफ-ड्यूटी फैशन की आती है, तो बॉलीवुड दिवा अक्सर क्लासिक और सहज लुक की ओर आकर्षित होती हैं जो कभी भी स्टाइल से बाहर नहीं होता, एक शर्ट और जींस कॉम्बो। और हाल ही में, उन्हें अपने पसंदीदा सौंदर्य के एक और अवतार में देखा गया, जिसमें वह बिल्कुल कैजुअल-चिक की रानी की तरह दिख रही थीं।

अपनी वैनिटी वैन से बाहर निकलते हुए, मशहूर स्टाइल आइकन करीना कपूर खान ने एक जीवंत और मूड-लिफ्टिंग पहनावा पहना, जो गर्मियों की याद दिलाता था। उन्होंने एक नारंगी रंग की लिनन शर्ट पहनी थी, जिसका चमकीला रंग ताज़गी और धूप बिखेर रहा था। शर्ट में कंट्रास्टिंग सफ़ेद बटन और एक आरामदायक, पूरी आस्तीन वाली डिज़ाइन थी, जो छाती तक बटन वाली थी और कलाई पर कैजुअली कफ़ थी, जो आरामदेह विलासिता का सार प्रस्तुत करती थी। हल्के और हवादार, लिनन कपड़े ने चीजों को ठंडा और हवादार रखा, जिससे यह गर्मी के मौसम के लिए एक आदर्श विकल्प बन गया। जेन-जेड से प्रेरित बैगी डेनिम



जींस के साथ पॉप-कलर शर्ट को पेयर करते हुए, करीना ने ओवरसाइज़्ड सिल्हूट ट्रेंड को आसानी से अपनाया। उनकी नीली डेनिम, रूमी और आरामदायक, ने उनके पहनावे में कैजुअल लापरवाही का एक तत्व जोड़ा। पूरे लुक में बहुत आरामदायक वाइब दिखाई दे रही थी, जिससे यह स्पष्ट हो गया कि बेबो जानती हैं कि फैशन और काम के बीच संतुलन कैसे बनाया जाता है।

### 3 शादी, 10 बच्चों का पिता, दुनिया का सबसे पॉपुलर 'प्लेबॉय' अब बन गया ट्रांस वुमन

# विलियम ब्रूस जेनर बन गए कैटलिन जेनर

अमेरिकन इतिहास के सबसे बड़े हीरो ब्रूस जेनर ने उस वक्त हर किसी को चौंका दिया, जब उसने खुद को ट्रांस वुमन बताया। तीन बीवियां और दस बच्चों के पिता ब्रूस जेनर जवानी में प्लेबॉय इमेज वाली लाइफ जीते थे, वे लाखों लड़कियों के क्रश थे, फिर उन्हें सेक्स बदल कर महिला बनने की जरूरत क्यों पड़ी? ब्रूस जेनर 66 साल की उम्र में सेक्स चेंज कराकर ट्रांस वुमन बन गए।

■ नित्यानंद पाठक ■

चार्वाक दर्शन में कहा गया है- जो कुछ है यही है। एक ही जीवन है। जितना मजा लूट सकते हो लूट लो। यानी जीवन, सुख का अंतिम लक्ष्य है। शायद विलियम ब्रूस जेनर इसी मंत्र को फॉलो करते हैं। पूरा जीवन पुरुष होने का सुख भोगते रहे। वह बिना सोशल मीडिया-इंटरनेट के दौर में लाखों लड़कियों के क्रश थे, प्लेबॉय वाली इमेज थी। उन्हें आज अमेरिका का हीरो कहा जाता है। दुनिया की कई सबसे हसीन-तरीन महिलाओं के प्यार में पड़े, 3 शादियां कीं। 6 बच्चे (सौतेले सहित 10) पैदा किए और 66 साल की उम्र में एक दिन अचानक सेक्स बदलकर महिला बन गए। अब कैटलिन जेनर के नाम से जाने जाते हैं। ग्लैमर की दुनिया में छाए रहने वाले विलियम ब्रूस जेनर ने जो किया उसे पॉपुलैरिटी हासिल करने का साधन समझा जा सकता है। कुछ लोग इसे सनक भी कह सकते हैं। यह भी संभव है कि एक ही जीवन में पुरुष और महिला होने का प्लेजर की चाहत में ऐसा किया हो। आखिर दुनिया के सबसे रंगीन प्लेबॉय इमेज वाले खिलाड़ी ब्रूस जेनर को जेंडर चेंज करने की क्या जरूरत पड़ गई तो आइए अतीत के पन्नों को खंगालते हैं।





### कौन हैं कैटलिन जेनर या विलियम ब्रूस जेनर?

सबसे पहले तो यह बताना जरूरी है कि ब्रूस मौजूदा दौर की इंटरनेट सनसनी काइल जेनर, केंडल जेनर के सगे पिता हैं, जबकि कार्दशियन सिस्टर्स यानी किम कार्दशियन, क्लोए कार्दशियन, कॉर्टनी कार्दशियन और उनके भाई रॉब कार्दशियन के सौतेले पिता भी हैं। हालांकि, सिर्फ इतना कहना ब्रूस की आइडेंटिटी बताने के लिए कतई सही नहीं होगा। आज की कैटलिन(ब्रूस) जेनर अमेरिकी टीवी पर्सनालिटी, रिटायर्ड ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट और ट्रांसजेंडर आइकन हैं। इसके इतर अमेरिका के हीरो हैं। ब्रूस का जन्म 28 अक्टूबर 1949 को न्यूयॉर्क के सामान्य परिवार में हुआ था। हालांकि, उनके पिता कनाडा से थे। ब्रूस जेनर ने बचपन में ही खेलों में रुचि लेना शुरू कर दिया था। हालांकि, पढ़ाई में वह औसत थे और डिस्लेक्सिया (पढ़ने में कठिनाई) की समस्या से जूझ रहे थे।

**पहली शादी :** ब्रूस ने तीन बार शादी की और उनके कुल 10 बच्चे (चार सौतेले) हैं, जिनमें कुछ दुनिया भर में मशहूर हैं। पहली पत्नी क्रिस्टा स्कॉट थी। करीब 9 साल चली इस शादी से उन्हें दो बच्चे हुए- 1978 में बर्ट जेनर और 1980 में कैसेंड्रा कैसी जेनर। बर्ट रेसिंग और बिजनेस में एक्टिव हैं, जबकि कैसी मीडिया से दूर रहती हैं।

**दूसरी शादी :** दूसरी शादी लिंडा थॉम्पसन (1981 से 1986 तक) से हुई, जो एक मशहूर एक्ट्रेस थीं। यह शादी भी पांच साल तक चली और इससे कैटलिन को दो बेटे हुए, जो अब हॉलीवुड और टीवी में जाना-पहचाना नाम हैं- 1983 में ब्रॉडी जेनर और 1981 में ब्रेंडन जेनर। दोनों ही टीवी और रियलिटी शोज में एक्टिव हैं।

**तीसरी शादी :** सबसे मशहूर शादी रही क्रिस कार्दशियन के साथ, यह शादी 1991 से 2015 तक चली। क्रिस इस शादी से पहले किम, क्लोए, कोर्टनी और रॉब कार्दशियन की मां थीं। ब्रूस ने इन बच्चों को सौतेले पिता की तरह पाला। इस शादी से केंडल और काइली दो बेटियां हुईं। ब्रूस की सच्चाई क्रिस को पता चलने से यह शादी इसलिए टूटी।

### ब्रूस बन गए अमेरिका के नेशनल हीरो

ब्रूस 1972 में म्यूनिख ओलंपिक में पांचवें स्थान पर रहे। इस हार ने उन्हें अंदर से झकझोर दिया। 1976 के मॉन्ट्रियल ओलंपिक में ब्रूस जेनर ने डेकाथलॉन में गोल्ड मेडल जीता। एक वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया। इसके बाद वह अमेरिका के हीरो बन गए। रूस पर उनकी जीत को अमेरिका में बहुत बड़ा सम्मान मिला। यही वजह है कि ब्रूस को लोगों ने हाथों हाथ लिया। वह लड़कियों के बीच काफी पॉपुलर हो गए थे। मशहूर 'प्लेगर्ल' मैगजीन (पुरुषों की न्यूड तस्वीरों के कारण चर्चित) के कवर मॉडल बने।

### एक झलक पाने को बेताब

ओलंपिक के बाद उन्होंने स्पोर्ट्स से संन्यास लेकर टीवी, फिल्मों और मोटिवेशनल स्पीकिंग में करियर बनाया। 1980 में ब्रूस ने अमेरिका की एक प्रमुख स्पोर्ट्स कार रेसिंग चैंपियनशिप में हिस्सा लिया। यह दुनिया की सबसे कठिन एंड्योरेंस रेसिंग इवेंट्स में से एक मानी जाती है। जब वह ट्रैक पर उतरते थे तो उनकी एक झलक पाने को पब्लिक दौड़ पड़ती थी।

# फोकस कैसे हुई इस्लामिक आतंकवाद की शुरुआत?

इस्लामिक आतंकवाद आज के समय में विश्व के सामने एक चुनौती बनकर खड़ा है, शायद ही कोई देश हो, जो इसके बढ़ते प्रभाव से आतंकित ना हो। पहलगाम में आतंकियों ने पर्यटकों का धर्म पूछकर उन्हें गोली मार दी, वह इस्लामिक आतंकवाद का एक घिनौना चेहरा है। भारत ने ऑपरेशन सिंदूर चलाकर आतंकियों से बदला भले ही ले लिया हो, लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि इस्लामिक आतंकवाद विश्व के सामने चुनौती बनकर खड़ा है। ये आतंकवादी आखिर चाहते क्या हैं और इनका उद्देश्य क्या है? यह बड़ा सवाल लोगों के सामने खड़ा है।

## क्या है इस्लामिक आतंकवाद?

इस्लामिक आतंकवाद इस शब्द से दुनिया तब परिचित हुई जब कई ऐसी घटनाएं उनके सामने घटीं जो दिल दहलाने वाली थीं। इसका सबसे बड़ा उदाहरण माना जाता है 11 सितंबर 2001 को अमेरिका के पेंटागन में हुआ हवाई हमला जिसमें 3000 से अधिक लोगों की जान गई थी और तब अमेरिका ने आतंकवाद के खिलाफ अभियान छेड़ा था। दरअसल, इस्लामिक आतंकवाद उन कट्टरपंथी लोगों द्वारा प्रचारित एक विचारधारा है, जो यह विश्वास करती हैं कि पूरे विश्व में जो शासन है, वह इस्लाम विरोधी है। ये कट्टरपंथी पूरी दुनिया में शरीयत का शासन स्थापित करना चाहते हैं, जो इस्लाम के नियम और कायदे के अनुसार हो। इनका विश्वास है कि पूरी दुनिया में तभी सही व्यवस्था कायम हो सकती है, जब शरीयत का कानून लागू होगा। इस्लामिक कट्टरपंथी अमेरिका के घोर विरोधी हैं और वे अमेरिका को बर्बाद करना चाहते हैं। इस्लामिक आतंकवाद जिहाद के बल पर पूरी दुनिया में शरीयत कानून लागू करना चाहता है। इसी सोच के साथ इन्होंने कई ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया, जो मानवता के खिलाफ थी, जिसकी वजह से इस्लामिक आतंकवाद का खौफ पूरे विश्व पर छा गया।



## आतंकवाद की बड़ी घटनाएं जिन्होंने दुनिया को हिला दिया

- **9/11 हमला ( 2001, अमेरिका )-** अल-कायदा के आतंकियों ने जिनका सरगना ओसामा बिन लादेन था, चार यात्री विमानों का अपहरण किया और उन्हें वर्ल्ड ट्रेड सेंटर (न्यूयॉर्क) और पेंटागन (वॉशिंगटन डीसी) से टकरा दिया। इस घटना में 3,000 लोग मारे गए थे।
- **26/11 मुंबई हमला ( 2008, भारत )-** लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने मुंबई में कई जगहों और प्रतिष्ठित इमारतों पर हमला कर दिया था। यह हमला चार दिनों तक चला था। मुंबई हमलों में 160 से अधिक लोग मारे गए थे। इस हमले में के दो फाइव स्टार होटल भी शामिल थे। एक अस्पताल और रेलवे स्टेशन को भी निशाना बनाया गया था।
- **चार्ली हेब्दो हमला ( 2015, फ्रांस )-** पेरिस में एक व्यंग्य पत्रिका चार्ली हेब्दो के कार्यालय पर हमला हुआ था। इस हमले में 12 लोगों की मौत हुई थी, पत्रिका के कर्मचारी थे। पत्रिका पर हमला इसलिए किया गया था कि इन्होंने पैगंबर मुहम्मद का कार्टून प्रकाशित कर दिया था।
- **आईएस आईएस का उदय और सीरिया-**ईराक में अत्याचार (2014-2019)- इस्लामिक स्टेट ( आईएस ) ने सीरिया और इराक के बड़े हिस्सों पर कब्जा कर विद्रोह की घोषणा कर दी थी। इन्होंने नरसंहार किया, महिलाओं को गुलाम बनाया और कई आत्मघाती हमले किए। इनका उद्देश्य अपने प्रभाव वाले इलाके में शरीयत कानून लागू करना था।
- **नाइजीरिया,बोको हराम आतंक ( 2009 से अब तक )-** यह आतंकवादी संगठन पश्चिमी शिक्षा के खिलाफ है। इसी वजह से हजारों लोगों की हत्या की है। 2014 में बोको हराम ने 276 छात्राओं का अपहरण किया था।

## इस्लामिक आतंकवाद का उदय और 1979 में इस्लामिक क्रांति

इस्लामिक आतंकवाद के उदय का समय 1980 से 83 के बीच के समय को माना जाता है, लेकिन इसके उदय में 1979 के इस्लामिक क्रांति की अहम भूमिका थी, जिसने कट्टरपंथियों के मन में यह भावना भर थी कि विश्व में धार्मिक शासन स्थापित किया जा सकता है। दरअसल 1979 में ईरान की जनता ने शाह मोहम्मद रजा पहलवी की सरकार को उखाड़ फेंका था और वहां तानाशाही का अंत किया था। पहलवी की सरकार सेक्यूलर थी, जबकि ईरानी क्रांति के बाद शरीयत पर आधारित इस्लामी गणराज्य की स्थापना हुई थी। ईरान के परंपरावादियों का कहना था कि पहलवी अमेरिका की नकल कर रहे थे, जिसकी वजह से धार्मिक वर्ग को सरकार में भागीदारी नहीं मिल रही थी।

## ईरान की इस्लामिक क्रांति और इस्लामिक आतंकवाद

ईरानी क्रांति के बाद शरीयत का कानून लागू हुआ था, जिसकी वजह से कट्टरपंथियों को ऐसा प्रतीत हुआ कि अब विश्व पर धार्मिक शासन कायम किया जा सकता है, इसलिए उन्होंने हथियारों के बल पर इस्लाम का प्रचार शुरू किया। आत्मघाती हमले किए गए। महिलाओं को गुलाम बनाया गया, उनका शारीरिक और मानसिक शोषण हुआ। इसके बाद कई शिया और सुन्नी कट्टरपंथियों ने इस्लामिक आतंकवादी संगठनों जैसे हिजबुल्लाह को हथियार, धन और प्रशिक्षण देना शुरू कर दिया। ईरानी क्रांति के बाद अमेरिका के खिलाफ जिहाद की मानसिकता भी बढ़ी और महिलाएं वस्तु की तरह हो गईं। उनकी शिक्षा और स्वतंत्रता पर पहरा हो गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### वेतन के लिए भीख मांगो आंदोलन करेंगे कर्मचारी

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** जनजातीय कार्य विभाग के अंशकालीन कर्मचारी अपने 10 माह के लंबित वेतन के लिए पांच जून को आयुक्त कार्यालय के सामने भीख मागो आंदोलन करेंगे। यह प्रदर्शन कार्यालय जनजातीय कार्य विभाग मुख्यालय पर्यावास भवन के सामने किया जाएगा। मप्र कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि जनजातीय कार्य विभाग के अंशकालीन कर्मचारियों को पिछले 10 माह से वेतन भुगतान विभाग के अधिकारियों द्वारा नहीं किया गया है। इसके कारण अंशकालीन कर्मचारी के परिवार में आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। अंशकालीन कर्मचारियों द्वारा विभागीय अधिकारियों से वेतन भुगतान की मांग करने पर अधिकारियों का कहना है कि मुख्यालय से बजट आवंटन नहीं किया गया है। जनजातीया कार्य विभाग मप्र शासन का पहला विभाग है जहां दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी एवं अंशकालीन कर्मचारियों को 10 माह बाद भी वेतन भुगतान नहीं किया जाता है। सरकार भी वेतन भुगतान करने की मांग को संज्ञान में नहीं ले रही है। मप्र कर्मचारी मंच ने निर्णय लिया है कि पांच जून को भीख मांगो आंदोलन करने के बाद भी यदि वेतन भुगतान नहीं किया गया, तो मुख्यालय के सामने अनिश्चितकालीन धरना आंदोलन शुरू कर दिया जाएगा।

### इंजीनियर मैदान पर नहीं गए तो होगी कार्रवाई

**विसं, भोपाल।** विद्युत वितरण कम्पनी के एसई, ईई, एई और डीई लगातार क्षेत्र का भ्रमण कर विद्युत वितरण सिस्टम की समीक्षा करें। क्षेत्र का दौरा नहीं करने वाले इंजीनियरों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करें। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने यह निर्देश शनिवार को विद्युत वितरण कम्पनियों के एमडी और अन्य अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बिजली ट्रिपिंग की समीक्षा के दौरान दिये। तोमर ने कहा कि हर अधिकारी बिजली उपभोक्ताओं के फोन जरूर सुने। फोन नहीं उठाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि आँधी और वर्षा के दौरान बिजली गुल होने पर त्वरित कार्यवाही कर विद्युत आपूर्ति शुरू करवायें। तोमर ने कहा कि आवश्यकता अनुसार एफओसी की टीम बढ़ायें। मंत्री तोमर ने कहा कि विद्युत वितरण ट्रांसफार्मर में अधिक लोड के कारण बिजली गुल होने के साथ ही वह जल भी जाते हैं। इसके लिये जरूरी है कि सर्वे करवा कर उपयुक्त क्षमता के ट्रांसफार्मर स्थापित किये जायें।

### कांग्रेस नेता शुक्ला को किया नजरबंद

**विसं भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम से पूर्व पुलिस ने कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला को उनके ही घर में नजरबंद कर दिया। शुक्ला के मुताबिक उन्हें सुबह 7 बजे नजरबंद किया गया। इसका जब उन्होंने पुलिस निरीक्षक से कारण पूछा तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया। शुक्ला ने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक अधिकारों का उल्लंघन करते हुए पुलिस ने उन्हें उनके ही घर पर बंद रखा।

# सिंदूरी रथ पर सवार होकर मोदी पहुंचे सभा स्थल

## प्रदर्शनी का किया पीएम ने अवलोकन, राज्यपाल और मुख्यमंत्री भी रहे मौजूद







**विशेष संवाददाता, भोपाल।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जंबूरी मैदान में आयोजित महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में भाग लेने आयोजन स्थल तक रथ पर सवार हुए। उनके साथ मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा मौजूद रहे। प्रधानमंत्री मोदी तकरीबन 11:20 मिनट पर एयरपोर्ट से हेलीकाप्टर के जरिए जंबूरी मैदान पहुंचे। जहां से रथ में सवार होकर उन्होंने आयोजन स्थल पर मौजूद नारी शक्ति का अभिवादन किया। मंच पर सीएम और प्रदेशाध्यक्ष ने पीएम को स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोकमाता देवी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती के अवसर पर महिला सशक्तिकरण महासम्मेलन में जंबूरी मैदान में लगी देवी अहिल्याबाई पर केंद्रित प्रदर्शनी का अवलोकन किया। राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी इस अवसर पर उपस्थित थे। लोकमाता अहिल्या बाई द्वारा सुशासन, महिला स्वावलंबन, धार्मिक स्थलों के उन्नयन के लिए संचालित गतिविधियों को प्रदर्शनी के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। इसके साथ ही देवी अहिल्या बाई पर केंद्रित पुस्तकें और शोध पत्र भी यहां प्रदर्शित हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हथकरघा-हस्तशिल्प को समर्पित महिलाओं और ड्रोन दीदी से संवाद किया।

### शिप्रा नदी में होगा जल परिवहन : सीएम

प्रधानमंत्री मोदी को विदा करने के उपरांत सीएम उज्जैन पहुंचे,जहां उन्होंने शिप्रा नदी के किनारे 800 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से घाट बनाने के लिए भूमि पूजन किया। नदी में 29 किमी. लंबे रिवर फ्रंट कॉरिडोर जैसे घाट बनाए जाएंगे। इससे पहले सीएम ने अंगारेश्वर भगवान का पूजन-अर्चन किया। यहां अपने उद्बोधन में डॉ.यादव ने कहा कि शिप्रा नदी में 30 किमी. तक घाट बनने से कुंभ के दौरान 24 घंटे में तकरीबन 5 करोड़ से अधिक श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि शिप्रा नदी में पानी का पड़ाव बना रहे,इसके लिए सिलारखेड़ी योजना लेकर आए हैं। आने वाले समय में नदी का उपयोग परिवहन के रुप में होगा। इससे श्रद्धालु सिद्धनाथ घाट, शनि मंदिर से गऊघाट.लालपुर से छोटे पल का नौका विहरा कर सकेंगे।



छाया: एचसी वर्मा

लोगों को गर्मी से राहत दिलाने आयोजन स्थल पर स्प्रिंकलर्स से पानी का छिड़काव किया गया।

### सीएम बैठे इंदौर मेट्रो में संचालन का लिया जायजा

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर पहुंचकर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के साथ मेट्रो की यात्रा की। सीएम मेट्रो के चालक से संचलन का जायजा लिया। मेट्रो रेल का प्रधानमंत्री मोदी द्वारा उद्घाटन करने के साथ ही इंदौर में मेट्रो रेल का सफर प्रारंभ हो गया। पहले सफर में महिलाओं ने उत्साह के साथ भाग लिया। भारत माता की जय के नारों के साथ मेट्रो रेल में बैठी और उन्होंने सफर किया। महिलाओं ने मेट्रो रेल के साथ सेल्फी भी ली। भजन गाते हुए उन्होंने सफर पूरा किया।

## अपराध पीड़िताओं को मुआवजा दिलाने पुलिस बनेगी मददगार

### पीएचक्यू ने सभी जिलों के एसपी को दिए निर्देश

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** एमपी में अपराध पीड़ित युवतियों और महिलाओं के लिए मुआवजा योजना 2015 लागू है लेकिन इसके बाद भी अधिकांश पीड़िताओं को आर्थिक मदद नहीं मिल पा रही है। इस समस्या के समाधान के लिए अब पुलिस मुख्यालय (पीएचक्यू) ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश जारी किए हैं। निर्देश में कहा गया है कि पीड़िताओं की न केवल कानूनी आधार पर मदद की जाए बल्कि उन्हें जल्द मुआवजा राशि दिलाने के प्रयास भी जिला स्तर पर किए जाएं। राज्य सरकार ने यह योजना उन लड़कियों और महिलाओं के लिए शुरू की थी जो यौन उत्पीड़न, एसिड अटैक और अन्य अपराधों की शिकार हुई हैं। जिला इकाई को अब नए सिरे से निर्देश दिए हैं कि इस योजना के लिए पीड़िताओं को सलाह देकर उनसे आवश्यक सभी दस्तावेजों के साथ आवेदन लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को भेजे जाएं। ताकि उन्हें जल्द आर्थिक मदद मिल सके। बता दें कि हाल ही में पीएचक्यू की महिला सुरक्षा इकाई ने सभी जिलों की यूनिट को खत लिखा है। इस पत्र में कहा गया है कि पीड़ित महिलाओं की मदद के साथ ही उन्हें इस योजना का लाभ भी दिलाया जाए। महिला सुरक्षा को लेकर विगत दिनों हुई समीक्षा में ये सामने आया था कि अपराध का शिकार युवतियों और महिलाओं को घटना के सालों बाद मदद नहीं मिली। मप्र में अपराध पीड़ित प्रतिकर नाम की योजना वर्ष 2015 में लागू की गई थी। योजना के तहत अपराध पीड़िताओं या आश्रितों को उनकी वित्तीय स्थिति के अनुसार नुकसान, चोट या पुनर्वास की आवश्यकता के अनुसार आर्थिक मदद दी जाती है।

#### 2015 से महिलाओं के खिलाफ अपराध पर मुआवजे का प्रावधान

एसिड अटैक पर 3 लाख रुपए, सामूहिक बलात्कार पर 3 लाख रुपए, नाबालिग के यौन शोषण पर 2 लाख रुपए, मृत्यु की स्थिति में 4 लाख रुपए, 40 प्रतिशत विकलांगता की स्थिति में 2 लाख रुपए, यौन शोषण (बलात्कार नहीं) पर 50,000 रुपए, भ्रूण की हत्या की स्थिति में 50,000 रुपए और मातृत्व के नुकसान पर 1.50 लाख रुपए।

## वायदे पर अडिग दिग्विजय, नहीं बैठे मंच पर

### कांग्रेस नेता बोले-इंदिरा होती तो पीओके हमारा होता

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सूबे में बतौर सीएम दो कार्यकाल पूरा करने वाले राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह शनिवार को अपने उस वायदे पर अडिग दिखे, जिसे उन्होंने कुछ दिन पहले कांग्रेस के किसी कार्यक्रम में मंच पर नहीं बैठने की बात कही थी।

पूर्व मंत्री लखन घनघोरिया ने उनके पैर तक पकड़ लिए, लेकिन सिंह अपने निर्णय पर अडिग रहे। गौरतलब है कि जबलपुर में शनिवार को कांग्रेस की जय हिन्द सभा थी, जिसमें कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और उनकी सांसद बहन प्रियंका गांधी को शामिल होना था, लेकिन दोनों के कार्यक्रम निरस्त हो गए। फिर भी आयोजन में काफी संख्या में कांग्रेसी मौजूद रहे। इस सभा में शामिल होने के लिए छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पूर्व सीएम कमलनाथ, प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी, नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार,प्रदेश के प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा, पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सहित दूसरे स्थानीय नेता उपस्थित रहे। ग्वालियर में पार्टी के एक कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह ने एलान किया था कि अब वो कभी भी मंच पर नहीं बैठेंगे, केवल जब संबोधन के लिए बुलाया जाएगा, तभी मंच पर जाएंगे और फिर वापस आकर कार्यकर्ताओं के बीच बैठेंगे।





#### सभा में ये बोले नेता

- **पूर्व सीएम और राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा** सेना किसी एक पार्टी की नहीं, बल्कि पूरे देश की होती है। उनके पराक्रम पर कोई सवाल नहीं है, सवाल सरकार की मंशा और फैसलों की पारदर्शिता पर है। आखिर ऐसी क्या मजबूरी है कि 56 इंच का सीना दिखाने वाले अब अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के दबाव में काम कर रहे हैं?
- **प्रदेश के प्रभारी हरीश चौधरी ने कहा कि** यह देश आज अगर सशक्त और सुरक्षित है तो वह सिर्फ हमारे वीर जवानों के देश के प्रति समर्पण की भावना के कारण है।
- **पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कहा** जब प्रधानमंत्री ने साथ मांगा, तो पूरे देश ने साथ दिया। लेकिन देश के प्रधानमंत्री ने धोखा दिया है। वे पीओके नहीं ले पाए। अगर आज इंदिरा गांधी प्रधानमंत्री होतीं, तो पीओके भारत का हिस्सा होता। पूरा देश पूछ रहा है कि प्रधानमंत्री ने ट्रंप के आगे घुटने क्यों टेक दिए?
- **पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा** एक जमाने में इंदिरा गांधी देश की प्रधानमंत्री थीं और वे अमेरिका की धमकी के आगे भी नहीं झुकी थीं। मध्यप्रदेश आज झूठ, भ्रष्टाचार, महिला अपराध और किसान विरोधी नीतियों की राजधानी बन गया है। बेरोजगारी सबसे बड़ी चिंता है। अगर हमारे नौजवानों का भविष्य ही अंधेरे में रहा, तो प्रदेश का निर्माण कैसे होगा?
- **राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने कहा कि** जिसका आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं, जिसने ब्रिटिश हुकूमत की गुलामी की, आज वही लोग कह रहे हैं कि भारतीय सेना नरेंद्र मोदी के चरणों में समर्पित है। एक रहेंगे तभी सुरक्षित रहेंगे। भाजपा नफरत फैलाने की राजनीति करती है। शहादत के कफन पर राजनीति करने वाले देशप्रेमी नहीं हो सकते।
- **नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि** युद्ध विराम अमेरिका और मोदी की आपसी नूरा-कुश्ती थी। सिंदूर यात्रा के नाम पर मोदी अपनी ब्रांडिंग कर रहे हैं। इस बार सेना को छूट दी होती, तो पीओके भारत का हिस्सा होता। देश की युवा पीढ़ी को देशप्रेम का सपना दिखाया जा रहा है, लेकिन सेना को छूट नहीं दी जा रही। पीएम मोदी ने शहीदों के घर तक जाना उचित नहीं समझा। बीजेपी का मंत्री सेना का अपमान करता है और बीजेपी कुछ नहीं करती। देश का लोकतंत्र खतरे में है, बीजेपी अपने आपको देश और सेना से बड़ा समझने लगी है। बिहार चुनाव आ गए तो जातिगत जनगणना की घोषणा कर दी।

## सतना, चित्रकूट और अमरपाटन में सेंट्रल जीएसटी का छापा, 5 करोड़ की टैक्स चोरी पकड़ी, दस्तावेज जब्त

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** सेंट्रल जीएसटी की मध्य प्रदेश यूनिट ने शनिवार को सतना जिले के सात कारोबारियों के ठिकानों पर टैक्स चोरी के संदेह में छापे मारे। सेंट्रल जीएसटी की अलग-अलग टीमें शनिवार सुबह इन प्रतिष्ठानों पर पहुंचीं और छानबीन शुरू की।

प्रारंभिक आकलन के अनुसार जांच के दौरान पता चला है कि ये सभी व्यापारी लंबे समय से फर्जी दस्तावेजों के जरिए टैक्स रिबेट ले रहे थे। इन सभी फर्मों से प्रारंभिक तौर पर लगभग पांच करोड़ रुपये से ज्यादा की टैक्स चोरी की जानकारी आई है। सेंट्रल जीएसटी की टीमों ने इन व्यापारियों के यहां जाकर इनके द्वारा लिए गए इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की जानकारी खंगाली।




### इस तरह कर रहे थे टैक्स चोरी

सीजीएसटी की धारा 16 के तहत आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) लेने के लिए वैध टैक्स इनवॉइस (खरीदी का बिल) होना चाहिए, जो इन व्यापारियों के पास नहीं मिला है। सीजीएसटी की टीम ने इसको जांचने के लिए सामान और सर्विस के लिए बनाए गए स्टॉक रजिस्टर के साथ सप्लायर (बेचने वाले) द्वारा सरकार को किए गए जीएसटी भुगतान की छानबीन

### सेंट्रल जीएसटी को तत्काल जमा कराए 50 लाख

सेंट्रल जीएसटी ने जिन सात फर्मों में दबिश दी है, उनमें से सतना में 4, अमरपाटन में 2 और चित्रकूट में एक स्थित हैं। जानकारी के अनुसार सतना के अमन इंटरप्राइजेज, जेएलसी इंफ्रा, आरआर स्टील फैब्रिकेटर, होलकर कंस्ट्रक्शन एंड सप्लायर्स, चित्रकूट के रच्जू पांडेय, अमरपाटन के संदीप इंटरप्राइजेज और पुष्पा ट्रेडर्स के यहां जाकर पड़ताल की गई। सीजीएसटी के छापे के तत्काल बाद ही सतना की जेएलसी इंफ्रा ने 20 लाख और आरआर स्टील फैब्रिकेटर ने 30 लाख तत्काल जमा कराते हुए कुछ समय की मोहलत मांगी है।

## पर्यटकों को भा रहा ग्रामीण परिवेश 120 गांवों में 200 होम स्टे तैयार

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों का भ्रमण करने आने वाले लोगों को अब होटलों की जगह ग्रामीण परिवेश में तैयार होम स्टे लुभा रहे हैं। मप्र पर्यटन विकास निगम द्वारा इसके लिए प्रदेश के 120 गांवों में 200 से ज्यादा होम स्टे तैयार करवाए गए हैं। बता दें कि देश और विदेश से मप्र के टाइगर रिजर्व और अन्य प्राकृतिक पर्यटन स्थल घूमने आने वाले पर्यटकों को इन होम स्टे में ठहराया जा रहा है। पर्यटन निगम द्वारा बुंदेलखंड, बघेलखंड, महाकौशल, निमाड़, मालवा और चंबल के 120 से ज्यादा गांवों में 200 से अधिक होम स्टे का निर्माण कराया गया है। ग्रामीण परिवेश में मौजूद इन होम स्टे में पर्यटकों को आधुनिक सुविधाएं मिलती हैं, जिससे वे ग्रामीण परिवेश की शांति के साथ शहरी सुविधाओं का भी लाभ ले सकते हैं। बता दें कि प्रत्येक होम स्टे में दो व्यस्क और एक अव्यस्क 3 हजार रुपए रोजाना की दर पर ठहर सकते हैं। 3 हजार रुपए में तीनों गेस्ट के लिए नाश्ता, लंच और डिनर भी शामिल है। इसके साथ ही चाय और स्नेक्स भी दिए जाते हैं। होम स्टे प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर स्थान पर निर्मित किए जा रहे हैं। जहां पर सुबह और शाम के समय बेहतरीन नजारों का भी मजा लिया जा सकता है।



## तीन ट्रेनों में लगेंगे एलएचबी रैक, सफर होगा आरामदायक

### जबलपुर से चलती हैं तीनों ट्रेन, यात्रियों को मिलेगा नया अनुभव

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** रेल प्रशासन ने जबलपुर से चलने वाली तीन यात्री ट्रेनों को एलएचबी (लिंके हॉफमैन बुश) कोच के साथ चलाने का निर्णय लिया है। इससे यात्रियों को एक नया अनुभव होगा। रेलवे से मिली जानकारी अनुसार गाड़ी संख्या 12189/12190 रीवा-जबलपुर-रीवा, गाड़ी संख्या 11265/11266 जबलपुर-अम्बिकापुर-जबलपुर एवं गाड़ी संख्या 11651/11652 जबलपुर-सिंगरौली-जबलपुर इंटरसिटी ट्रेनों को परिवर्तित रैक एलएचबी से चलाने का निर्णय लिया गया है। एलएचबी रैक की सुविधा मिलने से यात्रियों को अधिक अतिरिक्त बर्थ की सेवाएं मिलेंगी।

#### इन ट्रेनों में लगेंगे एलएचबी रैक

- गाड़ी संख्या 12189 रीवा - जबलपुर इन्टरसिटी ट्रेन में 11 जुलाई और 11290 जबलपुर - रीवा इन्टरसिटी ट्रेन में 13 जुलाई से लगेगा।
- गाड़ी संख्या 11265 जबलपुर - अम्बिकापुर इन्टरसिटी में 11 जुलाई और 11266 अम्बिकापुर-जबलपुर इन्टरसिटी में 12 जुलाई से लगेगा।
- गाड़ी संख्या 11651 जबलपुर - सिंगरौली इन्टरसिटी में 12 जुलाई और गाड़ी संख्या 11652 सिंगरौली - जबलपुर इन्टरसिटी में 13 जुलाई से लगेगा।

#### एलएचबी कोच की विशेषताएं

**मटेरियल:** स्टेनलेस स्टील और एल्यूमीनियम से निर्मित, हल्के लेकिन मजबूत।

**ब्रेक सिस्टम:** एडवांस्ड न्यूमेटिक डिस्क ब्रेक, उच्च गति पर भी प्रभावी।

**कपलिंग:** सेंटर बफर कपलिंग सिस्टम, जो झटके कम करता है और सुरक्षा बढ़ाता है।

**सस्पेंशन:** हाइड्रोलिक सस्पेंशन, सुगम और स्थिर यात्रा के लिए।

**इंटीरियर:** मॉड्यूलर डिजाइन, जिसमें लाइटिंग को छत और लगेज रैक के



साथ एकीकृत किया गया है।

**सुरक्षा फीचर्स:** एंटी-क्लाइंबिंग और क्रैश-वर्थी डिजाइन, दुर्घटना में हताहतों का जोखिम कम करता है।

**आधुनिकता:** शताब्दी, राजधानी, दुरंतो जैसे प्रीमियम ट्रेनों में इस्तेमाल, जो यात्रा को आधुनिक और शानदार बनाता है।

#### एलएचबी कोच के फायदे

- बढ़ी हुई सुरक्षा: एलएचबी कोच में एंटी-टेलीस्कोपिक और एंटी-क्लाइंबिंग फीचर्स होते हैं, जिसका मतलब है कि दुर्घटना या टक्कर की स्थिति में कोच एक-दूसरे के ऊपर नहीं चढ़ते या पलटते नहीं, जिससे यात्रियों की सुरक्षा बढ़ती है।
- मजबूत संरचना: ये कोच स्टेनलेस स्टील और एल्यूमीनियम से बने होते हैं, जो इन्हें हल्का और टिकाऊ बनाते हैं, साथ ही संरचनात्मक ताकत को बढ़ाते हैं।
- उन्नत ब्रेकिंग सिस्टम: एलएचबी कोच में एडवांस्ड न्यूमेटिक डिस्क ब्रेक सिस्टम होता है, जो उच्च गति पर भी प्रभावी और तेज ब्रेकिंग सुनिश्चित करता है।

#### उच्च गति की क्षमता

यह कोच 160 किमी/घंटा तक की परिचालन गति और 200 किमी/घंटा तक की संभावित गति के लिए डिजाइन किए गए हैं, जिससे यात्रा का समय कम हो सकता है। अब तक इन्हें 180 किमी/घंटा तक टेस्ट किया गया है।

**बढ़ी हुई क्षमता:** एलएचबी कोच की लंबाई 23.54 मीटर और चौड़ाई 3.24 मीटर होती है, जिससे पारंपरिक कोच की तुलना में अधिक यात्री बैठ सकते हैं। उदाहरण के लिए, कुछ कोच में 24 सीटें होती हैं, जबकि अन्य में 102 तक यात्री समा सकते हैं।

## प्रथम पृष्ठ के शेष

### भारतीय पुलिस सेवा ...

सागर रेंज को चम्बल रेंज की इस पद की जिम्मेदारी दी गई है। दतिया के पुलिस अधीक्षक वीरेन्द्र कुमार मिश्रा (2012)को सहायक पुलिस महानिरीक्षक पीएचक्यू और सूरज वर्मा (2014) सेनानी प्रथम वाहिनी विसबल इंदौर को पुलिस अधीक्षक दतिया बनाया गया है। कटनी के पुलिस अधीक्षक अभिजीत रंजन (2014) को भी पुलिस मुख्यालय में बतौर सहायक पुलिस महानिरीक्षक पदस्थ किया गया है,जबकि अभिनव विश्वकर्मा(2019) पुलिस उपायुक्त (जोन-2)नगरीय पुलिस जिला इंदौर को कटनी का नया पुलिस कप्तान बनाया गया है।

### अब्बास अंसारी की विधायकी ...

को दो साल या उससे अधिक की सजा मिलने पर उसकी सदस्यता स्वतः समाप्त हो जाती है। इसी कानून के तहत अब्बास अंसारी की विधायकी खत्म की गई है। हालांकि, सुभासपा प्रमुख और यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने कहा, अब्बास अंसारी हमारे विधायक हैं। अदालत ने अपना फैसला दिया है, हम हाई कोर्ट में चुनौती देंगे।

**यह है पूरा मामला:** मार्च 2022 के विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान अब्बास अंसारी ने मऊ के पहाड़पुर मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए प्रशासन को 'चुनाव के बाद हिसाब-किताब करने' की धमकी दी थी। इस बयान को लेकर उनके खिलाफ आईपीसी की धाराओं 189, 153-ए, 171-एफ और 506 के तहत मुकदमा दर्ज हुआ था। विशेष अदालत ने उन्हें आईपीसी की धारा 189 और 153-ए के तहत दो-दो साल, धारा 506 के तहत एक साल और धारा 171-एफ के तहत छह महीने की सजा सुनाई है। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी। उन पर 2,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।

## उपाय एप से हो सकेगा घर आने वाले बिजली कर्मचारियों का वेरिफिकेशन

### ऑनलाइन मिलेगी मीटर रीडिंग और बिलिंग की जानकारी

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** बिजली कंपनी द्वारा बिजली चोरी रोकने के लिए भोपाल सहित कई जिलों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं। ऐसे में जिन उपभोक्ताओं के घरों पर स्मार्ट मीटर लग गए हैं वे बिजली की रीडिंग, बिलिंग व चेकिंग सहित अन्य कार्यवाही उपाय एप पर देख सकेंगे। इसके अलावा इस पर बिजली कर्मचारियों की पहचान के लिए एम्पलॉई वेरिफिकेशन का भी फीचर दिया गया है। इसके लिए उपभोक्ता को अपने एंड्राइड मोबाइल में मौजूद उपाय एप को अपग्रेड करना होगा। उपभोक्ता बिजली कर्मचारी का वेरिफिकेशन उपाय एप के माध्यम से ही कर सकेंगे। यह सुविधाएं मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर और चंबल संभाग के 16 जिलों के बिजली उपभोक्ताओं को उपाय एप के माध्यम से मिलेंगी। बिजली कंपनी के अधिकारियों की मानें तो लगातार डिजीटलाइजेशन के बीच उपभोक्ताओं को अधिक सुविधाओं देने के लिए उपाय एप को अपग्रेड किया है।

#### अपडेट उपाय एप में मिलेंगी यह सुविधाएं

नए उपाय एप में उपभोक्ताओं को बिजली कनेक्शन संबंधी अन्य सेवाओं जैसे बिल भुगतान, नवीन कनेक्शन आवेदन, बिल कंप्लेंट, पॉवर कंप्लेंट, कंप्लेंट स्टेट्स, बिल कैल्कुलेटर, बिजली चोरी की सूचना, नेट मीटरिंग (सोलर रूफटॉप), विजिलेंस बिल भुगतान, ई-केवायसी, स्मार्ट मीटर खपत जैसी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। इसके लिए उपभोक्ताओं को उपाय एप को गूगल प्ले स्टोर पर जाकर इंस्टॉल करना होगा या इंस्टॉल एप को अपग्रेड करना होगा।

> आज के समय में हर सुविधा डिजीटल प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। ऐसे में उपभोक्ताओं का समय बचाने के लिए बिजली कंपनी ने उपाय एप को अपग्रेड किया है।
>
> ■ **क्षितिज सिंघल**, प्रबंध संचालक, मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी

## संक्षिप्त समाचार

### ऑपरेशन सिंदूर पर कमेंट इन्फ्लुएंसर गिरफ्तार

**गुरुग्राम।** कोलकाता पुलिस ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो पोस्ट करने के आरोप में एक महिला इन्फ्लुएंसर को गिरफ्तार किया है। इस वीडियो में ऑपरेशन सिंदूर पर बॉलीवुड हस्तियों की चुप्पी की आलोचना करते हुए विवादित टिप्पणी की गई थी। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। आरोपी का नाम शर्मिष्ठा पानोली है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पानोली ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया था। इस पोस्ट के बाद बहुत आलोचना हुई। कई लोगों ने उन्हें ट्रोल किया और धमकी भरे कमेंट भी किए। आलोचना होने पर पानोली ने वीडियो हटाकर माफी भी मांगी, लेकिन कोलकाता में उनके खिलाफ पहले ही शिकायत दर्ज हो चुकी थी। इसके बाद शुक्रवार को गुरुग्राम से उसे अरेस्ट किया गया। 22 साल शर्मिष्ठा पनोली पुणे की रहने वाली हैं। वह पुणे के एक लॉ विश्वविद्यालय की छात्रा है।

### नक्सलियों के आईईडी विस्फोट में जवान घायल

**रांची।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के जराइकेला थाना क्षेत्र अंतर्गत तिरिलपोसी के जंगलों में शुक्रवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच भीषण मुठभेड़ हुई। इस दौरान नक्सलियों द्वारा किए गए आईईडी ब्लास्ट में कोबरा 209 बटालियन के एक जवान सीटी/जीडी सुनील कुमार टीएस मामूली रूप से घायल हो गए। घायल जवान को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है। फिलहाल उनकी स्थिति स्थिर बताई जा रही है। मुठभेड़ से दो दिन पहले ओडिशा के केबलांग थाना क्षेत्र से लौह अयस्क खदान ले जा रहे एक विस्फोटक लदे ट्रक को नक्सलियों ने लूट लिया था। इसके बाद झारखंड-ओडिशा पुलिस ने संयुक्त रूप से नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया। दोपहर 12 बजे तिरिलपोसी के पास सुरक्षा बलों, प्रतिबंधित नक्सली संगठन भाकपा (माओवादी) उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ शुरू हुई। भारी दबाव के चलते नक्सली पहाड़ी और घने जंगलों का लाभ उठाकर फरार हो गए।

### फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती देंगे: सोनी देवी

**देहरादून।** पौड़ी गढ़वाल के कोटद्वार में शुक्रवार को अंकिता भंडारी हत्याकांड में कोर्ट द्वारा आरोपी पुलकित आर्या, सौरभ भास्कर, अंकित गुप्ता को कठोर उम्रकैद की सजा सुनाए जाने के बाद अंकिता की मां सोनी देवी ने कहा, हमारी बेटी की हत्या करने वाले तीन लोगों को मौत की सजा दिलाने के लिए अभी एक बड़ी लड़ाई लड़ी जानी है। अंकिता की 2022 में उत्तराखंड में एक रिसॉर्ट मालिक और उसके दो कर्मचारियों द्वारा हत्या कर दी गई थी। सजा सुनाए जाने के कुछ घंटों बाद सोनी देवी ने कहा कि वह निचली अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं, लेकिन इससे उनकी बेटी की आत्मा को कुछ शांति मिली होगी।



कोलकाता में शनिवार को 'विश्व तंबाकू निषेध दिवस' पर आयोजित साइकिल रैली के दौरान मास्क पहने हुए छात्र-छात्राओं ने नशे के खिलाफ जागरुकता का संदेश दिया।

**कूटनीति:** पाक में हुई मौतों पर जताई थी संवेदना

# कोलंबिया ने शशि थरूर का रुख देख वापस लिया बयान

**बोगाटा, जेएनएन।** भारत को पाकिस्तान के खिलाफ अपनी कूटनीतिक लड़ाई में बड़ी कामयाबी मिली है। शशि थरूर की अगुवाई वाले प्रतिनिधिमंडल के एतराज के बाद कोलंबिया ने पाकिस्तान के हक में दिया अपना बयान वापस ले लिया है। कोलंबिया सरकार ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त की थी, जबकि पहलगाम हमले पर चुप्पी साधी थी। अब कोलंबिया ने पाक की हिमायत में दिया बयान वापस ले लिया है और भारत के आतंक विरोधी रुख के समर्थन का भरोसा दिया है। कांग्रेस सांसद थरूर के नेतृत्व वाले सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने कोलंबिया की राजधानी बोगोटा में भारत का रुख रखा। थरूर ने कहा, हम कोलंबिया सरकार की प्रतिक्रिया से निराश हुए हैं। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान में हुई मौतों पर संवेदना व्यक्त की, लेकिन पहलगाम आतंकी हमले के



पीड़ितों के लिए सहानुभूति नहीं दिखाई। हम कोलंबिया में अपने दोस्तों से कहेंगे कि आतंकवादियों को भेजने वालों और उनका विरोध करने वालों के बीच कोई समानता नहीं हो सकती। हम सिर्फ आत्मरक्षा कर रहे हैं। अगर कोई गलतफहमी है, तो हम उसे दूर करने के लिए यहां हैं। थरूर ने कोलंबिया के विदेश मामलों की उपमंत्री रोजा योलांडा विलाविसेन्सियो के साथ बैठक की। इसके बाद थरूर ने कहा, हमें कोलंबिया सरकार से जो स्पष्टीकरण मिला है, उससे हम बहुत आश्वस्त हैं।

**ट्रंप का बड़ा ऐलान,** स्टील-एल्यूमिनियम पर अब 50 फीसदी टैरिफ

# 39 हजार करोड़ के भारतीय मेटल निर्यात पर पड़ेगा असर

**वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को पिट्सबर्ग के पास यूनाइटेड स्टेट्स स्टील कॉर्पोरेशन के प्लांट में एक बड़ा ऐलान किया। उन्होंने स्टील और एल्यूमिनियम पर टैरिफ को 25 फीसदी से बढ़ाकर 50 फीसदी करने की घोषणा की। ट्रंप ने कहा कि यह कदम अमेरिकी मजदूरों के हित में है और इससे देश का स्टील उद्योग सुरक्षित रहेगा। यह घोषणा उन्होंने जापान की निप्पॉन स्टील कॉर्पोरेशन और यूएस स्टील के बीच प्रस्तावित सौदे के समर्थन में की, जिसे उन्होंने पहले विरोध किया था। ट्रंप ने कहा, 50 फीसदी टैरिफ के साथ कोई भी हमारा उद्योग नहीं छीन सकता। उन्होंने दावा किया कि यह सौदा पेनसिल्वेनिया के स्टील मजदूरों के लिए फायदेमंद होगा। इस सौदे में 14 अरब डॉलर का निवेश शामिल है, जिसमें से 2.2 अरब डॉलर पिट्सबर्ग के मॉन वैली वर्क्स प्लांट में उत्पादन बढ़ाने के लिए खर्च होंगे। 7 अरब डॉलर स्टील मिलों को आधुनिक बनाने और इंडियाना, मिनेसोटा, अलबामा और अर्कांसस में नई सुविधाओं के लिए लगाए जाएंगे।



● बोले- हमारे मजदूरों को मिलेगा फायदा

### भारत की मार्केट हिस्सेदारी को चुनौती मिलेगी

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के स्टील और एल्यूमीनियम इंपोर्ट पर टैरिफ में बढ़ोतरी के ऐलान से 4.56 बिलियन डॉलर यानी 39 हजार करोड़ रुपए के भारतीय मेटल एक्सपोर्ट पर असर पड़ने की संभावना है। 4 जून से लागू होने वाली हाई ड्यूटीज से अमेरिकी बाजार में इंडियन मैन्युफैक्चरर्स और एक्सपोर्टर्स के लिए प्रोडक्ट कॉस्ट बढ़ने की उम्मीद है, जिससे उनकी कॉम्पिटेटिवनेस पर असर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि भारत पर टैरिफ में बढ़ोतरी का डायरेक्ट असर होगा। वित्त वर्ष 2025 में भारत ने अमेरिका को 4.56 बिलियन डॉलर की वैल्यू का लोहा, स्टील और एल्युमीनियम प्रोडक्ट्स का एक्सपोर्ट किया है। अमेरिका, भारत के मेटल सेक्टर के लिए एक प्रमुख बाजार बना हुआ है। वित्त वर्ष 2025 के एक्सपोर्ट में 587.5 मिलियन डॉलर का लोहा और स्टील, 3.1 बिलियन डॉलर का लोहा और स्टील प्रोडक्ट्स और 860 मिलियन डॉलर का एल्युमीनियम और रिलेटेड आइटम्स शामिल थे। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि इन कैटेगरी पर टैरिफ में बढ़ोतरी से अमेरिका में भारत की मार्केट हिस्सेदारी और प्रॉफिटेबिलिटी को चुनौती मिलेगी। ट्रंप ने सबसे पहले 2018 में इस प्रोविजन को लागू किया था, जिसमें स्टील पर 25 फीसदी और एल्युमीनियम पर 10 फीसदी टैरिफ लगाया गया था।

### 1 लाख प्रति टन हो सकती है अमेरिकी में कीमत

रिपोर्ट के अनुसार टैरिफ में लेटेस्ट बढ़ोतरी से अमेरिकी स्टील की कीमतें 1,180 डॉलर यानी करीब 1 लाख रुपए प्रति टन से ऊपर जा सकती हैं, जिसका ऑटोमोटिव, कंस्ट्रक्शन और मैन्युफैक्चरिंग जैसे प्रमुख सेक्टर्स पर प्रभाव पड़ेगा। भारत ने टैरिफ बढ़ोतरी के संबंध में वर्ल्ड ट्रेड ऑर्गेनाइजेशन में एक नोटिफिकेशन फाइल किया है और एडिशनल रिस्पांस मेजर्स की खोज कर रहा है। थिंक टैंक ने अमेरिकी कदम से पर्यावरण पर होने वाले प्रभावों को लेकर भी चिंता जताई है। थिंक टैंक ने कहा, स्टील और एल्युमीनियम मैन्युफैक्चरिंग से ग्लोबल लेवल पर कार्बन उत्सर्जन होता है, जबकि अन्य देश एनवायरनमेंट फ्रेंडली प्रोडक्शन मेथड्स में निवेश करते हैं, अमेरिकी पॉलिसी में पर्यावरणीय विचारों का अभाव है।

संयुक्त राष्ट्र ग्लेशियर सम्मेलन में पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति बोले

# आतंक के जरिए संधि का उल्लंघन कर रहा पाक

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने पाकिस्तान से कहा है कि वह सिंधु जल संधि के मुद्दों के लिए उसे दोषी ठहराना बंद करें,क्योंकि उसकी धरती से लगातार जारी सीमा पार आतंकवाद संधि में बाधा डाल रहा है। शुक्रवार को ताजिकिस्तान के दुशांबे में ग्लेशियरों पर संयुक्त राष्ट्र के पहले सम्मेलन के पूर्ण सत्र में पर्यावरण राज्यमंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा कि पाकिस्तान खुद आतंकवाद के जरिए संधि का उल्लंघन कर रहा है। हम पाकिस्तान द्वारा मंच का दुरुपयोग करने और ऐसे मुद्दों का अनुचित संदर्भ लाने के प्रयास से स्तब्ध हैं, जो मंच के दायरे में



नहीं आते। हम इस तरह के प्रयास की कड़ी निंदा करते हैं। सिंह ने कहा कि यह एक निर्विवाद तथ्य है कि सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर किए जाने के बाद से परिस्थितियों में बुनियादी बदलाव हुए हैं, जिसके लिए संधि के दायित्वों का पुनर्मूल्यांकन करने की जरूरत है।

### संधि के लिए मित्रता जरूरी

मंत्री ने कहा, संधि की प्रस्तावना में कहा गया है कि इसे सद्भावना और मित्रता की भावना से किया गया था और इसका सम्मान सद्भावनापूर्वक करना आवश्यक है। मीडिया रिपोर्ट में पाक के पीएम शाहबाज शरीफ के हवाले से कहा गया कि सिंधु बेसिन के पानी के बंटवारे को नियंत्रित करने वाली सिंधु जल संधि को स्थगित रखने का भारत का एकतरफा और अवैध फैसला बेहद खेदजनक है।

### दिल्ली की 'रेखा' के 100 दिन, सिर्फ 2 वादे पूरे

**नई दिल्ली।** दिल्ली में भाजपा सरकार के 100 दिन पूरे होने पर शनिवार को दिल्ली सरकार ने विशेष कार्यक्रम '100 दिन सेवा के' रखा। इसमें अनुपम खेर ने सीएम गुप्ता से सवाल-जवाब किए। जेएलएन स्टेडियम में गुप्ता ने कहा-जब रामलीला मैदान से आंदोलन शुरू हुआ, तो हजारों लोग शामिल हुए। मैं भी हुई। सभी ने समर्थन किया। वे लोग (आप) जो कहते थे कि वे सत्ता के लालची नहीं हैं, वे इतने लालची हो गए कि उन्हें सत्ता के अलावा कुछ नहीं दिखा। उधर, रेखा गुप्ता ने 30 मई को दिल्ली को विकसित और सुंदर शहर बनाने सहित 20 दावे किए थे। चुनावी संकल्प पत्र में भी कई घोषणाएं की थीं, लेकिन कामों के दावे के उलट सिर्फ 2 योजनाएं ही जमीन पर उतर पाई हैं। इनमें एक आयुष्मान भारत योजना है और दूसरी वय वंदना योजना। हालांकि, यमुना की सफाई सहित अन्य वादों पर अभी सिर्फ काम चल रहा है।

# मुख्तार के बेटे अब्बास को 2 साल की सजा, खतरे में सीट

**विवादास्पद भाषण मामला**

**चुनाव एजेंट मंसूर अंसारी भी दोषी, 6 माह जेल की सजा**

**लखनऊ, जेएनएन।** गैंगस्टर से नेता बने दिवंगत मुख्तार अंसारी के बेटे मऊ सदर विधायक अब्बास अंसारी को शनिवार को पूर्वी उप्र के मऊ जिले की अदालत ने 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में दर्ज किए गए भड़काऊ भाषण के मामले में दोषी ठहराया। उन्हें दो साल जेल की सजा सुनाई है। ऐसे में उनकी विधानसभा सदस्यता समाप्त होने की संभावना है। भाषण के दौरान मंच पर मौजूद अब्बास के चुनाव एजेंट मंसूर अंसारी को भी दोषी ठहराया गया और छह महीने जेल की सजा सुनाई गई। इस



बीच जनसभा स्थल पर भी मौजूद रहे अब्बास के छोटे भाई उमर अंसारी को अदालत ने बरी कर दिया। अब्बास के वकील दरोगा सिंह के अनुसार, अब्बास और मंसूर दोनों ने 20-20 हजार रुपए के जमानत बांड जमा किए और उन्हें जमानत दे दी गई। अंसारी पर चुनावी भाषण देने के बाद मामला दर्ज किया गया था, जिसमें उन्होंने कथित तौर पर अधिकारियों को धमकी दी थी कि अगर सपा की सरकार आई तो उन्हें इसके परिणाम भुगतने होंगे। यह भाषण 2022 के विधानसभा चुनावों के प्रचार के दौरान दिया गया था, जब ओपी राजभर की एसबीएसपी सपा के साथ गठबंधन में थी और उसे चुनाव लड़ने के लिए मऊ सीट आवंटित की गई थी।

# 'शीला की जवानी' पर फराह को अफसोस, गाने को कहा घटिया

**मुंबई।** फराह खान को 'ओम शांति ओम' से लेकर 'हैप्पी न्यू ईयर' तक बॉलीवुड में हिट गाने देने के लिए जाना जाता है, सदाबहार 'छैय्या छैय्या' से हाई-एनर्जी 'शीला की जवानी' तक उनके सिग्नेचर हुक स्टेप्स दर्शकों के पसंदीदा रहे हैं। फराह अब यूट्यूब सीरीज से भी दिल जीत रही हैं। नए एपिसोड में फराह ने 'शीला की जवानी' के बारे में खुलकर बात की और इसे करियर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक बताया। फराह ने बताया, 'मेरा सबसे चीप गाना शीला की जवानी है। अगर आप गाना देखेंगे तो पाएंगे कि इसमें कोई सेट नहीं था, बस दस डांसर थे। और हमने साढ़े तीन घंटे में शूटिंग पूरी कर ली। यह मेरा अब तक का सबसे चीप गाना है और मेरे करियर के सबसे बड़े हिट गानों में से एक है, मेरे टॉप तीन या चार गानों में से एक है।' विशाल-शेखर की जोड़ी और सुनिधि चौहान की दमदार आवाज के साथ इस गाने ने तुरंत लोकप्रियता हासिल कर ली



और कटरीना कैफ की बोल्ड स्क्रीन प्रेजेंस, फराह की बेहतरीन कोरियोग्राफी के साथ मिलकर 'शीला की जवानी' को 'तीस मार खान' का एक डांस नंबर बना दिया। फराह खान की इस कॉमेडी फिल्म में अक्षय कुमार और कटरीना कैफ लीड रोल में थे।

# देश में पाक महिला नफीसा ने फैलाया आईएसआई का नेटवर्क


**लखनऊ, जेएनएन।** आईएसआई के लिए जासूसी करने वाले वाराणसी के तुफैल, दिल्ली के हारून से उप्र एटीएस की पूछताछ में तमाम खुलासे हो रहे हैं। एटीएस को जांच में तुफैल के मोबाइल से 600 पाकिस्तानी नंबर मिले हैं, जिनसे वह वॉट्सऐप ग्रुप के जरिए जुड़ा था। उसके फोन में एक पाकिस्तानी महिला का भी नंबर मिला है, ये महिला पाक के सैन्य अधिकारी की पत्नी है, जिसका नाम नफीसा है। तुफैल ने बताया कि नफीसा भारत के 240 युवाओं से सीधे जुड़ी है। इन्हें कट्टरपंथी बनाया है, भारत की सुरक्षा की संवेदनशील जानकारियां भी हासिल की हैं। अब उप्र एटीएस जांच कर रही है कि उप्र में आईएसआईएस का नेटवर्क कहां-कहां फैला है। एटीएस की पूछताछ में तुफैल ने देश विरोधी वीडियो और पोस्ट साझा करने की बात स्वीकार की है। उसने वॉट्सएप ग्रुप में गजवा-ए-हिंद, बाबरी का बदला, शरीयत लागू करने जैसे कट्टरपंथी, उकसाऊ संदेश पोस्ट किए थे। वह पाक के प्रतिबंधित तहरीक-ए-लब्बैक नेता मौलाना शाद रिजवी के वीडियो भी शेयर करता था।

### अब तक चार संदिग्ध हो चुके हैं गिरफ्तार

उप्र एटीएस ने वाराणसी से तुफैल मकसूद, दिल्ली से मोहम्मद हारुन को 21 मई को तो नोएडा से रामपुर निवासी शहजाद वहाब को 25 मई को गिरफ्तार किया था। शनिवार को जौनपुर से सज्जाद को गिरफ्तार किया गया है। इस तरह अब तक कुल चार संदिग्ध गिरफ्तार किए जा चुके हैं।

# इंदौर में कोरोना के 3 नए मरीज मिले

**जागरण, इंदौर।** प्रदेश की आर्थिक राजधानी इंदौर में कोरोना के 3 नए मरीज मिले हैं। जिन 3 युवकों को कोरोना पॉजिटिव पाया गया है, उनमें एक 31 वर्षीय, दूसरा 35 वर्षीय और तीसरे युवक की उम्र 23 वर्ष है। 23 वर्षीय युवक की पुणे की ट्रैवल हिस्ट्री मिली है। तीनों ही इंदौर निवासी हैं। तीनों होम आइसोलेट हैं और हालत ठीक है। इससे पहले गुरुवार को दो नए कोरोना पॉजिटिव मरीज मिले थे। इनमें से एक मरीज की कोलकाता की ट्रैवल हिस्ट्री सामने आई है। कुल मरीजों में से 9 की ट्रैवल हिस्ट्री यूनाइटेड किंगडम (यूके), केरल, अहमदाबाद, कोलकाता, मुंबई, गोवा, सूरत, उज्जैन, पुणे आदि स्थानों से जुड़ी हुई है। सीएमएचओ डॉ. बी.एस. सेतिया के अनुसार, अप्रैल माह में 4 और मई माह में 13 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं। वर्तमान में इनमें से 8 मरीज एक्टिव हैं और सभी होम आइसोलेशन में हैं। सभी मरीज असिंपटोमैटिक (बिना लक्षण वाले) हैं और उनकी हालत सामान्य है। सभी मरीजों के सैंपल वायरस के वेरिएंट की जांच के लिए भोपाल भेजे हैं। फिलहाल, जितने भी कोरोना पॉजिटिव मरीज मिल रहे हैं, उनकी कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग की जा रही है।



### केस 3000 हजार पार

**नई दिल्ली, जेएनएन।** देश में कोविड-19 केसों की रफ्तार बढ़ रही है। 31 मई तक कोविड के 3395 एक्टिव केस हैं और अब तक 1435 लोगों को इस बीमारी से छुटकारा भी मिल गया है। विशेषज्ञों का कहना है कि कोविड का वायरस समय- समय पर बदलता रहता है और मौजूदा स्ट्रेन घातक नहीं है। हल्के लक्षण सामने आ रहे हैं और लोग जल्द ठीक भी हो रहे हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के कोविड डैशबोर्ड पर जारी आंकड़ों के मुताबिक देश में केरल में सबसे ज्यादा 1336 एक्टिव केस हैं और बीते 24 घंटे में 189 नए केस आए हैं। महाराष्ट्र में 467 केस हैं और एक दिन में 43 केसों की बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली में 375 एक्टिव केस हैं और बीते 24 घंटे में 81 नए केस सामने आए हैं।

# सीडीएस के जवाब से और गहराए संदेह के बादल!

**त्वरित टिप्पणी**
**अजीत सिंह**

*हाल ही में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के दौरान एक विवादास्पद बयानबाजी का सिलसिला शुरू हुआ, जिसने सुरक्षा विशेषज्ञों, मीडिया और आम नागरिकों के बीच कई सवाल खड़े कर दिए हैं। पाकिस्तान ने दावा किया कि उसने संघर्ष के दौरान छह भारतीय लड़ाकू विमानों को मार गिराया, जबकि भारत की ओर से इस पर कोई स्पष्ट खंडन या पुष्टि नहीं की गई। भारतीय सैन्य अधिकारियों ने इस विषय को या तो टाल दिया या अस्पष्ट रूप से संबोधित किया। इस मामले ने शनिवार को नया मोड़ तब लिया जब भारत के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) ने ब्लूमबर्ग को दिए एक साक्षात्कार में इस मुद्दे पर टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'मुद्दा यह नहीं है कि कितने विमान गिरे, बल्कि यह है कि वे क्यों गिरे और हमने उनसे क्या सीखा।' यह बयान अपने आप में कई संकेत देता है और अप्रत्यक्ष रूप से इस संभावना को बल देता है कि भारतीय वायुसेना को उस संघर्ष के दौरान कुछ नुकसान जरूर हुआ था। दरअसल, यह बात गौर करने योग्य है कि सैन्य मामलों में रणनीतिक चुप्पी अक्सर सुरक्षा और मनोवैज्ञानिक कारणों से अपनाई जाती है। लेकिन जब दुश्मन पक्ष दावे करता है और देश के भीतर सवाल उठते हैं, तो अस्पष्टता संदेह को जन्म देती है। पाकिस्तान के दावे के जवाब में भारत की ओर से ठोस तथ्य या आंकड़े न देना लोगों के मन में यह सवाल खड़ा करता है कि सच्चाई क्या है? सीडीएस का यह कहना कि हमने अपनी गलतियों को पहचाना, उन्हें जल्दी सुधारा और दो दिन के भीतर प्रभावी जवाब दिया, भारत की सैन्य क्षमता और रणनीतिक लचीलापन दिखाता है। यह बयान इस ओर भी इशारा करता है कि संघर्ष की शुरुआत में भारत को कुछ रणनीतिक या तकनीकी झटका लगा था, लेकिन उसने तेजी से प्रतिक्रिया देकर हालात को संतुलित कर लिया। भारतीय वायुसेना ने दुश्मन के ठिकानों को लंबी दूरी से निशाना बनाकर अपनी जवाबी क्षमता और संकल्प का परिचय दिया। हालांकि यह रणनीतिक सुधार और प्रतिक्रिया की प्रशंसा योग्य है, लेकिन लोकतंत्र में जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है। जब सेना पर जनता का विश्वास सबसे बड़ा हथियार होता है, तब सूचनाओं की पारदर्शिता और सटीकता उसकी ताकत को और मजबूत बनाती है। यदि वाकई भारतीय वायुसेना के विमान गिरे थे, तो यह स्वीकार करना कोई कमजोरी नहीं, बल्कि आत्मनिरीक्षण की परिपक्वता का प्रमाण होता।भारतीय सैन्य प्रतिष्ठान ने अतीत में भी जब-जब गलतियां हुईं, उनसे सबक लिया है और खुद को बेहतर बनाया है। लेकिन इस प्रक्रिया में पारदर्शिता और जनता को भरोसे में लेना आवश्यक है। यदि वास्तव में विमान गिरे थे, तो उनका विश्लेषण और सुधार की प्रक्रिया साझा करना न केवल भविष्य की तैयारी में मदद करेगा, बल्कि यह जवानों के बलिदान के प्रति सम्मान और पारदर्शिता की प्रतिबद्धता भी दर्शाएगा। इस पूरे घटनाक्रम में सबसे बड़ी सीख यही है कि आधुनिक युद्ध केवल हथियारों या सैनिकों की संख्या का खेल नहीं है, बल्कि इसमें सूचना, रणनीति और मनोवैज्ञानिक संतुलन की भी बड़ी भूमिका होती है। जब दुश्मन मनोवैज्ञानिक रूप से बढ़त लेने की कोशिश करे, तो जवाब तथ्यों और रणनीतिक स्पष्टता से दिया जाना चाहिए। सीडीएस का बयान एक ओर जहां भारतीय सैन्य नेतृत्व की परिपक्व सोच को दर्शाता है, वहीं यह भी स्पष्ट करता है कि हमें केवल हार या जीत की गणना नहीं करनी चाहिए, बल्कि यह देखना चाहिए कि संकट से हमने क्या सीखा और किस तरह हम आगे और मजबूत बनकर उभरे।*

***निष्कर्षत:,** सीडीएस का उक्त कथन इस बात की ओर इशारा करता है कि भारत की वायुसेना ने यदि कोई नुकसान झेला भी, तो उसे स्वीकार कर, सुधार कर और दुश्मन को जवाब देकर अपनी रणनीतिक गहराई और परिपक्वता का परिचय दिया। अब जरूरी है कि सरकार और सेना मिलकर इस विषय पर एक स्पष्ट, तथ्यात्मक और संतुलित रिपोर्ट सामने लाएं, जिससे देशवासियों का भरोसा न केवल बना रहे, बल्कि और सुदृढ़ हो।*

# नौतपा के सातों दिन रहे ठंडे, लू चली न गर्मी का दिखा असर

## प्रदेश में लगातार हो रही बारिश, औसत तापमान भी 40 डिग्री से नीचे

**कार्यालय संवाददाता, भोपाल।** मप्र में नौतपा के सातों दिन फीके रहे। 25 मई से शुरू नौतपा का शनिवार को सातवां दिन था। अब सिर्फ दो दिन और बचे हैं, लेकिन इन सात दिनों में एक बार भी प्रदेश में लू नहीं चली। इतना ही नहीं मप्र का औसत तापमान भी 40 डिग्री से नीचे ही बना हुआ है। जबकि नौतपा में तापमान 42 डिग्री से ऊपर रहता है। अब सोमवार को नौतपा खत्म हो जाएंगे। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि देश में मानसून की एंट्री के कारण मप्र सहित देश के उत्तर राज्यों में कहीं भी नौतपा का असर नहीं हुआ। आपको बता दें कि प्रदेश में मई महीना शुरू होते ही बारिश शुरू हो गई थी एक दिन भी ऐसा नहीं गया जब बारिश नहीं हुई हो। शनिवार को मौसम बदला रहा, कई जिलों में बादल छाए रहे। मौसम विभाग के अनुसार सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच तक उमरिया में पांच, मलाजखंड में तीन मिलीमीटर वर्षा हुई। जाबकि सबसे गर्म टीकमगढ़ रहा यहां क अधिकतम तापमान 41 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। रविवार को शहडोल, सागर, ग्वालियर, चंबल, इंदौर, नर्मदापुरम संभाग के जिलों में कहीं-कहीं वर्षा होने के आसार हैं।

### रायसेन में 33 और जबेरा में 30 एमएम बारिश

मौसम विभाग द्वारा जारी आकड़े के अनुसार मध्य प्रदेश में पिछले 24 घंटों के दौरान रायसेन में 33.6 और जबेरा में 30 मिली मीटर पानी गिरा। जो कि मप्र में सबसे अधिक है। इसके अलावा झिरया में 28, रायपुरा 24.3, अशोकनगर 23, पांढुर्णा 22.4, गंज बासौदा 21.4, चंदेरी 21, माड़ा 20, गुलाबगंज में 20 मिली मीटर सहित कई स्थानों पर वर्षा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल बंगाल की खाड़ी में बना कम दबाव का क्षेत्र अब कमजोर हो गया है और मेघालय की ओर बढ़ गया है।

# पन्ना में शीघ्र स्टेडियम का निर्माण होगा : विधायक





## ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन

**पन्ना।** पन्ना में छत्रसाल मैदान नजर बाग पर जल्द ही आने वाले समय में एक सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम का निर्माण होगा जिसमें सभी प्रमुख खेलों क्रिकेट, फुटबॉल, हॉकी एथलेटिक्स और इंडोर गेम्स के साथ जिम की आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होगी और इस स्टेडियम को प्रदेश के शीर्ष स्टेडियम में जाएगा स्टेडियम निर्माण के लिए पूर्व में स्वीकृत 3 करोड़ 28 लाख की घोषणा को अब पन्ना लोग भूल जाएं क्योंकि मुख्यमंत्री मोहन यादव द्वारा 100 करोड रुपए तक स्टेडियम निर्माण के लिए खर्च करने की घोषणा की गई है द्यउक्त आशय के विचार विधायक पन्ना बृजेंद्र प्रताप सिंह पूर्व कैबिनेट मंत्री ने छत्रसाल स्टेडियम पर ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर के समापन के अवसर पर व्यक्त किए द्य उन्होंने आगे बतलाया की विभिन्न टूर्नामेंट में बाहर से आने वाली टीमों के रुकने ठहरने के लिए भी स्टेडियम में कमरे विकसित रूप से बनाए जाएंगे द्य शिविर में भाग लेने वाले खिलाड़ियों से उन्होंने अपनी दिनचर्या को व्यवस्थित रखने का आवाहन करते हुए उन्हें सूर्योदय के पूर्व उठने की सलाह दी इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्ष मीना विष्णु पांण्डेय नगर पालिका अध्यक्ष और विशिष्ट अतिथि कलेक्टर सुरेश कुमार ने प्रशिक्षण लेने वाले खिलाड़ियों से खेलों के साथ-साथ स्वास्थ्य शिक्षा और संस्कारों को भी बनाए रखने की बात कही द्य सभी अतिथियों ने ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के



शानदार आयोजन खिलाड़ियों के स्वल्पाहार और पुरस्कार वितरण के बेहतरीन इंतजाम के लिए खेल एवं युवक कल्याण अधिकारी एसडीओपी शिव प्रताप सिंह बघेल के प्रयासों की खुलकर सराहना की द्य एसडीओपी श्री बघेल ने प्रतिवेदन का वाचन किया कार्यक्रम का संचालन राजकुमार रिछारिया और पुरस्कार वितरण का संचालन जिला फुटबाल संघ के सचिव अमर बहादुर सिंह पीटीआई समीम खान पहलवान सिंह इसाक अली और शमीम सिद्दीकी ने किया।

### विधायक और एसडीओपी का किया गया नागरिक अभिनंदन

शिविर के समापन के अवसर पर खेलों में योगदान एवं विभिन्न विकास कार्यों के लिए विधायक प्रतिनिधि विष्णु पॉण्डेय और जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह और उनकी टीम के द्वारा विधायक बृजेंद्र प्रताप सिंह को भगवान जुगल किशोर की एक प्रतिमा भेंट कर उनका नागरिक अभिनंदन किया स्टेडियम के अच्छे रखरखाव और व्यवस्थाओं ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के शानदार आयोजन के लिए इसी टीम द्वारा एसडीओपी शिव प्रताप सिंह बघेल का भी सादर अभिनंदन किया गया द्य इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी उमराव सिंह मरावी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह चौहान, एस.डी.एम.संजय नागवंशी, एसडीओपी राजीव सिंह भदौरिया, नगर पालिका उपाध्यक्ष आशा गुप्ता, नगर निरीक्षक रोहित मिश्रा, यातायात प्रभारी नीलम लक्षकार ,आर आई खिलावन सिंह कंवर , सूबेदार संजय सिंह जादौन ,छत्रसाल महाविद्यालय के प्राचार्य एस पी सिंह परमार, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष मनोज केसरवानी, बसु संघ के अध्यक्ष विश्वकर्मा, एन. एम.डी.सी.मझगवॉ से आर राजकुमार धर्मेंद्र सिंह, सोमेंद्र सिंह ,जेके सीमेंट से ए पी सिंह, फाल्कन एकेडमी सकरिया से कमलेंद्र सिंह, शहर सदर रिजवान खान पार्षद कविता रैकवार ,अल्पेश शर्मा ,रवि पांडे ,अरविंद साहू समाजसेवी अकरम खान, राजकुमार मिश्रा , निर्मल कुमार मिश्रा ,विनोद तिवारी ,मुस्तकीम खान, प्रमुख रूप से उपस्थित रहे द्य इस अवसर पर मलखंब के खिलाड़ियों ने कोच प्रकाश अहिरवार के निर्देशन में एक बेहतरीन प्रदर्शन भी किया जिसकी सभी उपस्थितो ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

### 3 घंटे तक चला पुरस्कार वितरण

शिविर के समापन के अवसर पर शिविर में भाग लेने वाले 550 खिलाड़ियों को कई व्यक्तिगत पुरस्कार भी प्रदान किए गए जिसमें एन.एम.डी.सी.की ओर से प्रत्येक खिलाड़ी को जूते मोजे फाल्कन एकेडमी सकरिया की ओर से पेंट और शर्ट ,शहर सदर रिजवान खान की ओर से बोतल और समाज सेवी अकरम खान की ओर से प्रतीक चिन्ह व्यक्तिगत रूप से प्रदान किए गए द्य साथ ही होटल तेंदुलीफ की ओर से प्रत्येक खिलाड़ी और आयोजकों के लिए भरपूर स्वल्पाहार की व्यवस्था की गई थी।

# चिकित्सक विहीन हुआ सलेहा का स्वास्थ्य केंद्र, आम जनता परेशान

**पन्ना।** स्वास्थ्य केंद्र सलेहा में पदस्थ रहे डॉक्टर अजय कुमार वर्मा का स्थानांतरण राज्य शासन द्वारा कर दिया गया था जो लगभग 15 दिवस बाहर मुक्त हो गए थे तभी से सलेहा स्वास्थ्य केंद्र में कोई भी डॉक्टर पदस्थ नहीं हुआ है जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि उन्हें इलाज नहीं मिल रहा है जबकि चले है क्षेत्र अंतर्गत एक सैकड़ा से अधिक ग्राम आते हैं जो सलेहा स्वास्थ्य केंद्र पर ही निर्भर हैं स्वास्थ्य विभागके मुख्य चिकित्सा अधिकारी से स्थानीय लोगों ने सलेहा स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर पदस्थि करने की मांग की है डॉ के स्थानांतरण को पंद्रह दिन से अधिक हो गया है तभी से बगैर डॉ के सलेहा अस्पताल चल रहा है आज तक कोई डॉक्टर पदस्थ नहीं हुआ है मरीजों को संकट समान करना पड़ रहा है स्थानीय लोगों ने क्षेत्रीय विधायक तथा जिला कलेक्टर से उक्त समस्या का तत्काल निराकरण कराए जाने की मांग की।

# छत्रसाल योग समिति में पहुंची संभागीय प्रभारी



**पन्ना।** जिले में चल रही योग कक्षाओं का संभागीय प्रभारी श्रीमती वंदना कटारे ने औचक निरीक्षण किया तथा छत्रसाल पार्क में लगातार चल रही योग कक्षा में भाग लिया एवं उपस्थित सभी योगाभ्यार्थियों को प्रयोग के फायदा से अवगत कराया निरीक्षण के दौरान, नेचुरल थेरेपी , और एक्यूप्रेशर प्वाइंट्स के संबंध में विस्तार से बताया को महिला पतंजलि योग समिति के बैनर तले पन्ना जिले में चल रही योग कक्षाओं का औचक निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि पन्ना छत्रसाल पार्क में राज्य महिला योग समिति द्वारा बेहतर कक्षा संचालित की जा रही है श्रीमती कटारे ने सर्वप्रथम कृष्णा गार्डन में चल रही योग कक्षा के निरीक्षण के दौरान उन्होंने योग कराया योग के समय सूक्ष्म व्यायाम, खड़े होने वाले आसन के फायदे बताते हुए योगिंग —जॉगिंग की क्रियाएं कराई गई , यह योग कक्षा श्रीमती संगीता अग्रवालके द्वारा चलाई जा रही है।।

द्वितीय कक्षा छत्रसाल गार्डन में संचालित हो रही है जिसे श्रीमती रजनी साहू के द्वारा संचालित किया जा रहा है निरीक्षण के दौरान सर्वप्रथम पन्ना जिले की जिला प्रभारी श्रीमती विमला श्रीवास्तव ने वंदना कटारे का अंग वस्त्र से से सम्मान किया और फिर योग कक्षा का निरीक्षण किया श्रीमती वंदना कटारे ने योग कराया योग के दौरान प्राणायाम के फायदे प्राणायाम को विस्तार से समझाया साथी नेचुरल थेरेपी के फायदे और करने का तरीका योग कक्षा में सिखाया साथ ही एक्यूप्रेशर पॉइंट्स घुटने से पंजे तक के सभी पॉइंट बताएं और शांति पाठ के साथ योग कक्षा का समापन हुआ।

# तैराकी प्रतियोगिता में जिले के दो बालकों का हुआ चयन, अंकित राय द्वारा दिया गया प्रशिक्षण



**टीकमगढ़।** तैराकी से जहाँ शरीर स्वस्थ रहता हैं तो वही यह कला लोगों को बचाने के काम भी आती हैं तैराकी को लेकर लोगों में रुझान बढ़ता दिखाई दे रहा हैं बहुत से लोग तैराकी सीख रहें हैं इसी का परिणाम हैं की मध्य प्रदेश तैराकी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय ओपन तैराकी प्रतियोगिता खंडवा जिले में दिनांक 1 से 5 जून 2025 तक आयोजित की जा रही है जिसमें टीकमगढ़ जिले से कार्तिक खरे एवं ओम साहू अंडर 14 ग्रुप के 50 मीटर इवेंट में जिले का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं दोनों खिलाड़ियों को अंकित राय द्वारा तैराकी का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। खिलाड़ियों एवं कोच को उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु विवेक श्रोतीय कलेक्टर टीकमगढ़,मनोहर सिंह मंडलोई पुलिस अधीक्षक, सीताराम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं जिला खेल अधिकारी,एवं पत्रकार साथी सत्तार बाबा, राजेश यादव, मोहसिन अहमद नशीम खान, उवेश, तुषित सिरोटिया ने शुभकामनायें दी हैं की उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन करें

# मोहने दंपत्ति की वैवाहिक वर्षगांठ पर मरीजों को वितरित किए गए फल और बिस्किट



## कौशल्या ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में हुआ आयोजन

**पवई ( पन्ना )।** गुरु कृपा कंपनी के संचालक श्री सुनील मोहने एवं श्रीमती रचना मोहने की 19वीं वैवाहिक वर्षगांठ के उपलक्ष्य में कौशल्या ह्यूमैनिटी फाउंडेशन (च॥स्र) द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई में मरीजों को फल, केले, सेव एवं बिस्किट वितरित किए गए। इस सेवा कार्यक्रम में च॥स्र संस्था ने समाजसेवा का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए अस्पताल में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को पोषणयुक्त खाद्य सामग्री प्रदान की। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अध्यक्ष अर्चना सिंगरौल, सुमन सिंगरौल, नेहा सेन, मुकेश बागरी, रमाशंकर सिंगरौल, पत्रकार नरेंद्र सिंगरौल, एवं नितेश प्रजापति विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पवई का समस्त स्टाफ भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ और आयोजन को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल मरीजों की सेवा करना था, बल्कि समाज में सहयोग, करुणा और सेवा भाव को भी प्रोत्साहित करना रहा। मोहने दंपत्ति द्वारा अपने विशेष दिन को जनसेवा के लिए समर्पित करना एक प्रेरणादायी पहल के रूप में देखा जा रहा है।

# वार्ड के लोगों की समस्या मेरी समस्या, सार्वजनिक गालीगलौज अपमान को लेकर हबीब ने केंद्रीय मंत्री को लिखा पत्र





**टीकमगढ़।** कटरा बाजार में नपा के द्वारा दुकान गिराने का विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। मामले में हबीब राईन ने गालीगलौज का वीडियो उपलब्ध कराते हुए बताया कि उनका सार्वजनिक गालीगलौज कर सार्वजनिक अपमान किया गया है। वह भाजपा के छोटे से कार्यकर्ता है उन्होंने इस मामले में गजेन्द्र जैन के खिलाफ केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र कुमार को पत्र भी लिखा है। हबीब ने बताया कि वार्ड के अंदर अगर जनता को समस्या होगी तो हम वह समस्या नगर परिषद में रखेंगे नगर पालिका की दो बैठकों में उक्त प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुआ। नगर पालिका अंतर्गत जहां भी गंदे पानी के निकलने का रास्ता है। नाले हैं उन्हें फ्री किया जाए। एक सबा महीने पहले करीब कलेक्टर महोदय भी नगर परिषद में आए थे। उन्होंने कहा था इस बार बारिश में किसी भी कीमत पर जल भराव सड़कों पर नजर नहीं आना चाहिए। हबीब ने कहा कि हमारा काम जनता की समस्या को सुनना और नगर परिषद में रखना है। जब मामले में हबीब राईन से कहा गया कि आप पर आरोप है कि आपने अपने लाभ के लिए गरीब की दुकान गिराई है तो उन्होंने कहा अब कहां दुकान है और कहां मकान है कौन सी दुकान हटना चाहिए कौनसा मकान नहीं हटना चाहिए। यह प्रशासनिक व्यवस्था है इससे पार्षद का क्या लेना देना है। मामले में आगे हबीब से प्रश्न किया गया कि जहां अतिक्रमण हुआ वहां नाला नहीं था गरीब की दुकान को जमीनदोज किया गया तो इस पर हबीब ने कहा देखो कोई भी हो हमारे वार्ड का हो,बाहर का हो,हमारे समाज का हो या मित्र हो या कोई भी हो हम उसके साथ है। आज गजेंद्र चौधरी के द्वारा सार्वजनिक गालियां दी जा रही है,जान से मारने की धमकी दी जा रही हैं,वह हमारे बड़े भाई हैं हम उनका भी सम्मान करते हैं। यदि किसी गरीब के साथ अन्याय हुआ है, मैं उसके साथ खड़ा हूं। लेकिन हमारा उनसे हाथ जोड़कर निवेदन है कि आप सार्वजनिक गालियां ना दें ना किसी का सार्वजनिक अपमान करें आप जान से मारने की धमकी देते हैं हमसे वरिष्ठ हो यदि गलत हुआ है तो हम साथ खड़े हैं हम भी छोटे से जनप्रतिनिधि हैं हम उनकी हर क्षति हर समस्या को समझने के लिए है। मैंने तो सीएमओ महोदय से भी कहा यदि ऐसी कोई समस्या आ रही है तो नगर पालिका द्वारा कहीं उसे सेट किया जाए ताकि गरीब की रोजी-रोटी चलती रहे और नाला भी खोला जाए। ताकि आवागमन भी प्रभावित न हो। यही हमारे चेयरमैन साहब ने कहा हम कोई बीच का रास्ता निकालेंगे।

## कटरा की तोड़ी गई दुकान के नीचे नाला नहीं मिला, नपा ने दी पुनर्निर्माण की अनुमति

कटरा बाजार में नगर पालिका द्वारा तीन दिन पहले एक दुकान को नाले के ऊपर निर्माण के आरोप में गिराया गया। दुकान तोड़ने के बाद वहां नाला नहीं मिला। आसपास के दुकानदारों ने इस कार्रवाई का विरोध किया। नगर पालिका अध्यक्ष अब्दुल गफ्फार ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने दुकान के पुनर्निर्माण की अनुमति दे दी। इसी बीच सेल सागर चौराहे पर एक दुकान के नीचे नाला मिला था, लेकिन वहां कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके बाद दुकानदार ने नाला बंद कर दिया।बारिश के मौसम से पहले नगर पालिका नालों की सफाई अभियान चला रही है। गुरुवार को कटरा बाजार में सफाई के दौरान नाले पर बनी दुकान को जेसीबी से तोड़ा गया। नगर पालिका सीएमओ ओमपाल सिंह भदोरिया ने कहा कि नालों पर किए गए अतिक्रमण को सख्ती से हटाया जाएगा।

# कृष्णगढ़ में पानी को लेकर खूनी संघर्ष, एक ही परिवार के पांच लोग गंभीर रूप से घायल



**पवई।** पवई जनपद के ग्रामीण कृष्णगढ़ में जल संकट ने भयावह रूप लेना शुरू कर दिया है। तेज़ गर्मी और जल आपूर्ति की अनियमितता के बीच अब पानी को लेकर टकराव हिंसक झड़पों में बदलने लगे हैं। ऐसा ही एक दिल दहला देने वाला मामला पवई तहसील के ग्राम कृष्णगढ़ से सामने आया है, जहां पानी भरने को लेकर हुए विवाद में एक ही परिवार के पांच लोगों पर जानलेवा हमला कर दिया गया।जानकारी अनुसार, कृष्णगढ़ निवासी दल्लू वंशकार के घर के बाहर लगे सप्लाई नल से गांव के कुछ लोग पेयजल सप्लाई के दौरान पानी भरने पहुंचे। लेकिन दल्लू वंशकार ने पानी की सीमित मात्रा का हवाला देते हुए उन्हें पानी देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर कहासुनी हुई, जो कुछ ही देर में खूनी संघर्ष में तब्दील हो गई।बताया जाता है कि विवाद के कुछ समय बाद करीब चार से पांच लोग लाठी, डंडों और कुल्हाड़ियों से लैस होकर दल्लू वंशकार के घर पहुंचे और वहां मौजूद पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। इस हमले में दल्लू वंशकार, उनकी पत्नी रामकली, भाई नत्थू, पुत्र बृजेंद्र और पुत्री रोशनी गंभीर रूप से घायल हो गए।स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल पन्ना रेफर कर दिया गया। हमले के बाद गांव में तनाव का माहौल गया था। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और हमलावरों की तलाश शुरू कर दी गई है। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की धाराओं 296, 115(2), 351(2), 3(5), 118(1) के तहत एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।

## नशा नाश की जड़ है नशा में फंसकर अपना जीवन व्यार्थ ना गवाए : ब्रह्माकुमारी सीता बहन

**पन्ना।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय, पन्ना द्वारा विश्व तम्बाकू निषेध दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम रखा गया एवं नगर में व्यसन मुक्ति हेतु जन जागरूकता रैली निकाली गई। ब्रह्माकुमारी सीता बहन जी ने सभी को समझाते हुये कहा कि विश्व तंबाकू निषेध दिवस मनाने का उद्देश्य लोगों को हानिकारक मादक पदार्थों से बचाना एवं उनसे दूर रहने के लिए जागरूक करना है। इसके साथ ही उन्होंने संस्थान का परिचय देते हुए कहा कि ब्रह्माकुमारी विद्यालय का लक्ष्य एवं उद्देश्य है कि समाज में व्याप्त बुराइयां एवं व्यसनों को ज्ञान एवं ध्यात्मिक शिक्षा के द्वारा दूर करना। उन्होंने कहा कि व्यसन एक ऐसा मार्ग है जो धीमे जहर की तरह हमारे शरीर को नष्ट करता है । आगे अपने कहा, सोचिए आपने एक कार सिर्फ 5ङ्ग10 लाख में खरीदी है वह पेट्रोल से चलती है आप उसकी कितनी साफ-सफाई रखते हैं उसमें पेट्रोल की जगह डीजल नहीं डालते क्यों? क्योंकि कहीं इंजन खराब ना हो जाए, तो ज़रा सोचिए शरीर रूपी गाड़ी में आप क्या-क्या डालते हैं शराब, तंबाकू, बीड़ी, सिगरेट, गुटका कुछ भी। उस गाड़ी को पेट्रोल पंप पर खड़ा करके उसमें पेट्रोल डालते हैं और यहां चलते-फिरते कहीं भी कुछ भी सारा दिन इसमें डालते रहते हैं, सड़क पर बिक रहा धूल भरा सामान वहीं खड़े-खड़े खाते-पीते रहते हैं। तब यह गाड़ी जिसमें आप नशीले पदार्थ ड्रग्स, अफीम, बीड़ी, सिगरेट, तंबाकू, शराब डालते हैं तो उसका इंजन खराब होगा या नहीं?

# प्रशासनिक लापरवाही के चलते मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय एशियन मेडलिस्ट खिलाड़ी का अपमान : हर्षिता




**पन्ना।** मध्यप्रदेश के पन्ना जिले में आयोजित मुख्यमंत्री श्री मोहन यादव के कार्यक्रम के दौरान एक बड़ी लापरवाही सामने आई है जहां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करने वाली एशियन मेडलिस्ट खिलाड़ी हर्षिता विश्वकर्मा का अपमान कर दिया गया।

कार्यक्रम में हर्षिता को सम्मानित करने के लिए आमंत्रित तो किया गयाए लेकिन उन्हें मंच पर। जाने के लिए घंटों इंतजार करवाया गया। बाद में पता चला कि उनका नाम सम्मान सूची में ही नहीं था। कार्यक्रम में मौजूद सूत्रों के अनुसार हर्षिता को दो से तीन घंटे मंच पर बैठाकर इंतजार कराया गयाए पर अंत में उन्हें नजरअंदाज कर दिया गया।

इस संबंध में हर्षिता के कोच इरफान खान ने बताया कि उन्होंने सीएमएचओ श्री त्रिपाठी से संपर्क किया जिन्होंने स्पष्ट किया कि यह चूक महिला एवं बाल विकास विभाग पन्ना की ओर से हुई है। विभाग की ओर से भेजी गई सूची में दिवाकर चौबे और अंजली गुप्ता ने हर्षिता का नाम सबसे ऊपर दर्ज किया था इसके बावजूद उन्हें सम्मान से वंचित कर दिया गया। घटना क्रम से आहत हर्षिता ने कहा अगर किसी को सम्मान देना नहीं आता तो कम से कम अपमान भी न करें। हमने देश के लिए मेडल जीता है और इसके बाद भी ऐसे बर्ताव से ठेस पहुंची है।

हर्षिता ने हाल ही में 8वीं एशियन जु.जित्सु चैंपियनशिप 2024 में यूएई के अबू धाबी में भारत के लिए मेडल जीता था।

इस घटना। क्रम के बाद खिलाड़ियों तथा आम लोगों में प्रशासनिक लापर वही के प्रति भारी नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों का कहना है कि यह केवल एक खिलाड़ी का नहींबल्कि पूरे देश के सम्मान का अपमान है। क्या देश के लिए पदक लाने वाले खिलाड़ियों के साथ ऐसा व्यवहार होना चाहिए।

### चितरंगी तहसील के ग्राम बगदरा कला में

# अवैध पत्थर का परिवहन करते हुए 2 ट्रेक्टर ट्राली हुई जब्त




## चितरंगी तहसीलदार की कार्रवाई

**जागरण, चितरंगी**

चितरंगी तहसील के ग्राम बगदरा कला में अवैध पत्थर का परिवहन करते हुए 2 ट्रेक्टर ट्राली जप्त हुई मामला चितरंगी तहसील के ग्राम पंचायत बगदरा कला का है आज सुबह तहसीलदार चितरंगी ऋषि नारायण सिंह द्वारा अवैध पत्थर का परिवहन करते हुए 2 ट्रेक्टर ट्राली सहित जप्त कर कार्यवाही करते हुए चितरंगी थाना को आगे कि कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया बताया जा रहा है बिना नंबर कि आयसर ट्रेक्टर शिवेंद्र सिंह चंदेल कि है और दुसरा ट्रेक्टर फार्मट्रेक का है जोकि सत्यम सिंह गहरवार का बतया गया।

ग्राम बगदरा कला मे पंचायत निर्माण कार्य के लिए अवैध रूप से पत्थर का परिवहन कर उपयोग के लिए ले जाया जा रहा था जिसको पकड़कर मेरे द्वारा आगे कि कार्यवाही के लिए चितरंगी थाना को सुपुर्द कर दिया गया है।

**ऋषिनारायण सिंह**
**तहसीलदार चितरंगी**

## अब 5 जून को एनसीएल का उत्पादन रोकने की बन रही तैयारी

**जागरण, सिंगरौली।** मोरवा विस्थापन को लेकर शासकीय भूमि एवं वन भूमि समेत एग्रीमेंट भूमि पर बसे लोगों की राह आसान होती नहीं दिख रही। ऐसा इसलिए कहा जा रहा है क्योंकि बताया गया कि बीते दिनों इस संदर्भ में एनसीएल से हुई वार्ता में शासकीय भूमि के बसे लोगों की मांगों को सिरे से दरकिनार कर दिया गया है। इस बाबत मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय महासचिव अमित तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विगत 18 मई को एक विशाल जनसभा के माध्यम से एनसीएल को 10 दिनों के भीतर इस मामले का निराकरण कर ने की चेतावनी दी गई थी। जिसके बाद भी पत्राचार के माध्यम से एनसीएल को 31 मई तक का अल्टीमेटम कर विचार करने को कहा गया था। इस बीच एनसीएल के पुनर्स्थापना सेल के जीएम एवं एनसीएल के निदेशक कार्मिक से वार्ता कर शासकीय भूमि पर बसे लोगों को पट्टेधारकों के तर्ज पर पूर्ण लाभ देने की बात कही गईए परंतु अधिकारियों ने यह कहते हुए उनकी मांगों को सिरे से दरकिनार कर दिया कि इस बाबत कलेक्ट्रेट में संपूर्ण बात हो चुकी है। जिसके मिनिट्स भी जारी हो चुके हैं। जिसके बाद सिंगरौली विस्थापित संघर्ष समिति के लोगों ने एनसीएल पदाधिकारी से यह जानना चाहा कि बीते समय वार्ड क्र. 10 मढौली के विस्थापन के समय सभी को सामान्य लाभ किस आधार पर दिया गया। उनके मुताबिक एनसीएल के अधिकारियों के पास इसका कोई तार्किक जवाब नहीं था। यहीं से मामला बिगड़ा और अब सिंगरौली विस्थापन संघर्ष समिति आगामी 5 जून को पूर्व विधायक रामलल्लू वैश्य के नेतृत्व में एनसीएल की जयंत एवं दूधिचुआ परियोजना का उत्पादन रोकने की तैयारी में जुट गई है।

## वनस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में ग्रीष्मकालीन शिविर का रंगारंग समापन



**जागरण, रीवा।** शहर में स्थित वनस्थली सीनियर सेकेंडरी स्कूल में निःशुल्क चल रहे 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर का समापन शनिवार को किया गया। मुख्य अतिथि विद्यालय चेयरमैन डॉ. एसएस तिवारी, डायरेक्टर मनोज तिवारी एवं प्राचार्या दीप्ती अग्रवाल रहे। शिविर में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के खेल, संगीत, कला और अन्य गतिविधियों में भाग लिया। समापन समारोह में बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जिन्हें प्रमाण-पत्र दिए गए. समापन समारोह में बच्चे, शिक्षक व अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। समापन समारोह में नृत्य और संगीत कार्यक्रम में बच्चों ने विभिन्न प्रकार के नृत्य और संगीत कार्यक्रम प्रस्तुत कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कला और शिल्प प्रदर्शन में बच्चों ने अनेकों प्रकार के कला और शिल्प प्रदर्शन प्रस्तुत किए, जिसमें उन्होंने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया। शिविर में कई प्रकार के खेलों में बच्चों ने भाग लिया और समापन समारोह में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। बच्चों की प्रतिभा और उत्साह देखने लायक था। यह ऐसा कार्यक्रम था जिसने बच्चों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने और अपनी खुशी का अनुभव करने का एक मंच प्रदान किया। समस्त बच्चों को चॉकलेट एवं केले बांटे गये। शिविर के दौरान शिक्षा से बच्चों को जोड़े रखने के लिये विद्यालय से कक्षा नर्सरी से समस्त कक्षाओं की निःशुल्क कक्षाएं निरंतर संचालित होती रहीं, जिसका उद्देश्य पाठ्यक्रम को आगे बढ़ाना नहीं बल्कि पूर्व में पढ़ाई गए पाठ्यक्रम को पुनः पढ़ाने के साथ अन्य वास्तविक सामान्य ज्ञान का ज्ञान दिया गया, ज्ञात हो ऑनलाइन कक्षाएं इस विद्यालय का अभिन्न हिस्सा रही हैं जिसे विद्यालय विगत वर्षो से निःशुल्क चलाता आ रहा है। इस अवसर पर संस्था चेयरमैन ने बच्चों को बेहतरीन शिक्षा गुणवत्ता की निरंतरता को बनाये रखने का संकल्प दोहराया। अंत समस्त कोच एवं उन सभी टीचर्स जिन्होंने विद्यालय के लिए अपनी निरंतरता बनाई रखी उस कार्य के लिए उन्हें समर वारियर् के नाम से संबोधित किया गया और साथ ही उन्होंने जो अपना महत्वपूर्ण समय विद्यालय को दिया जहां हर कोई छुट्टी चाहता है उनकी इस भावना के सम्मान स्वरुप उन्हें उपहार दिए गए।

## भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री 3 को सिंगरौली आयेंगे

**जागरण, बैढ़न।** भारतीय जनता पार्टी ने राष्ट्रीय महामंत्री एवं राज्यसभा सांसद अरुण सिंह का सिंगरौली प्रवास होने जा रहा है। 3 जून को अरूण सिंह अपने दो दिवसीय प्रवास पर सिंगरौली आ रहे हैं । अपने प्रवास के दौरान महामंत्री भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली के जिला कार्यालय में जायेंगे तथा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक मे भाग लेंगे तथा विभिन्न सांगठनिक विषयों पर कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। जिलाध्यक्ष सुंदरलाल शाह ने जिले तथा मंडल के समस्त पदाधिकारियों से राष्ट्रीय महामंत्री का स्वागत एवं अभिनन्दन मे उपस्थित रहने का निर्देश दिया है तथा 3 जून को सायं 4 बजे जिला कार्यालय मे उपस्थित होकर महामंत्री के मार्गदर्शी उद्बोधन मे सम्मिलित रहने की अपील की है। जिला मीडिया प्रभारी नीरज सिंह परिहार ने बताया कि महामंत्री 3 जून को दिल्ली से वायु मार्ग से वाराणसी आयेंगे तथा वाराणसी से सड़क मार्ग से सायं 4 बजे भारतीय जनता पार्टी कार्यालय सिंगरौली पहुंचेंगे। जहां पदाधिकारियों तथा कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करेंगे। राष्ट्रीय महामंत्री शायं काल बैढ़न में अपने पारिवारिक समारोह मे सम्मिलित होंगे तथा रात्रि विश्राम सूर्या भवन विंध्यनगर में करेंगे। 4 जून को प्रातः 8 बजे महामंत्री सड़क मार्ग से वाराणसी के लिए रवाना होंगे तथा वहां से वायुमार्ग से दिल्ली प्रस्थान करेंगे।

## वन विभाग ने रीवा को हरा-भरा बनाने लगाए थे पौधे, अब सूखने लगे हैं

**जागरण, रीवा।** वन विभाग की लापरवाही फिर रीवा की हरियाली पर भारी पड़ रही है। बारिश में रीवा को हराभरा करने हजारों की संख्या में पौधे लगाए गए थे। इन्हें बचाने के लिए ट्री गार्ड भी लगाए गए थे। वनकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई थी। लेकिन अब सारे पौधे सूखने लगे हैं। कई नेस्तनाबूत हो गए। इनकी देखरेख करने वाले वनकर्मी भी गायब हो गए हैं। ज्ञात हो कि बारिश में रीवा को हरा भरा करने विशेष पौधरोपण अभियान चलाया गया था। रीवा शहर में 2500 से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया। वन विभाग को जिम्मेदारी मिली थी। शहर के मुख्य मार्गों के किनारे पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया था। इसमें वन विभाग ने लाड़ली पथ, छोटी पुल से चोरहटा, रेंज कैम्पस, दुर्गम कूट दुआरी, मॉडल स्कूल से नीम चौराहा, जेपी मोड, सुभाष तिराहा से बायपास व बनकुइयां रोड में पौधरोपण कराने की योजना तैयार की थी। इसके अलावा रौसर तिराहा से चोरहटा, बड़ी पुल से चोरहटा, होमगार्ड ऑफिस से जोन कार्यालय डिवाइडर तथा सिंधी कॉलोनी से सावा नाला महाजन टोला तक पौधरोपण करने का लक्ष्य रखा था। बारिश के मौसम में सभी जगहों पर करीब 2500 से अधिक पौधों का रोपण किया गया। सभी जगह पर पौधों को आवारा मवेशियों से बचाने के लिए ट्री गार्ड भी लगाया गया था।

# बिना अनुमति मांस बेचने पर 5 व्यापारियों के विरुद्ध दर्ज कराई गई एफआईआर

### मीट मार्केट में दुकानें आवंटित है फिर भी पुराने स्थान पर बेच रहे मांस व्यापारियों द्वारा पुरानी दुकान में ही किया जा रहा है पशुओं का वध


फाइल फोटो

**जागरण, रीवा।** राष्ट्रीय मछली विकास योजना के अंतर्गत मछली मार्केट के प्रथम तल पर निर्मित व आवंटित दुकानों के अलावाा अन्य जगहों पर बिना अनुमति मीट/मटन का व्यापार किए जाने पर नगर निगम रीवा द्वारा सख्त कार्यवाही की गई है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे द्वारा ऐसे 5 मटन व्यापारियों के विरुद्ध थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है जो मीट मार्केट के स्थान पर अपना कारोबार करने के बजाय बस्ती के बीच पुरानी जगहों पर भी मीट बेच रहे हैं और पशुओं का वध भी उसी दुकान में किया जा रहा है। इन सभी व्यापारियों को मीट मार्केट में दुकानें आवंटित की गई हैं। उक्त अवैध गतिविधियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने और वैधानिक कार्रवाई हेतु थाना प्रभारी को पत्र जारी किया गया है। निगमायुक्त ने 5 दुकानदारों अमर बादल (मटन हाउस, दुकान क्रमांक 25), बृजेश चिकवा (दुकान क्रमांक 27), लक्ष्मी प्रसाद चिकवा (दुकान क्रमांक 17), धीरज (लकी मीट हाउस, दुकान क्रमांक 25) एवं अहमद कुरैशी (इंडियन मीट हाउस, दुकान क्रमांक 10) के विरुद्ध मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 255 एवं 257 का उल्लंघन करने के आरोप में एफआईआर दर्ज कर वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। यह सभी दुकानदार पूर्व में पुलिस की उपस्थिति में दी गई चेतावनी के बावजूद बिना अनुमति मांस विक्र य करते पाए गए हैं। यह कृत्य नगर निगम के नियमों, परिषद के निर्णयों एवं शासन के दिशा-निर्देशों के विरुद्ध है। निगम द्वारा मछली मार्केट में मीट/मटन विक्रेताओं के लिए नियमानुसार दुकानें आवंटित की गई थीं। परंतु, कुछ दुकानदारों द्वारा बिना अनुमति और आवंटन के नियमों का उल्लंघन करते हुए अन्य जगहों पर मीट/मटन का व्यापार किया जा रहा था। इस संबंध में 08 मई 2025 को मौके पर पुलिस की उपस्थिति में निरीक्षण कर स्पष्ट किया जा चुका है कि संबंधित दुकानों में अब मीट/मटन का कोई व्यवसाय नहीं हो रहा है। बावजूद इसके इन दुकानदारों द्वारा 23 मई 2025 को पुनः उसी दुकान में मीट का अवैध व्यापार करते हुए पाया गया। यह कार्य न केवल नगर निगम के आदेशों की अवहेलना है, बल्कि मध्य प्रदेश नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 255 व 257 का भी स्पष्ट उल्लंघन है। उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम रीवा द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड योजनान्तर्गत रीवा नगर में कनौडिया पेट्रोल पम्प के पीछे मत्स्य झिरिया नाला के पास मत्स्य बाजार केन्द्र के प्रथम तल पर मीट/मटन की दुकानों का निर्माण कराया गया है। फिर भी वह वहां नहीं जा रहे।

## बांस मंडी के पास नागरिकों को 4 डस्टबिन के बारे में बताया



**रीवा।** निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देश पर स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के अंर्तगत नगर पालिक निगम रीवा की टीम द्वारा वार्ड क्रमांक 40 बांस मंडी के पास रहवासियों को स्वच्छता गतिविधियों के द्वारा नागरिकों को 4 डस्टबिन के बारे में बताया साथ ही घरों से निकलने वाला गीला कचरा, सूखा कचरा, घरेलू हानिकारक कचरा एवं सेनेटरी बेस्ट कचरा पृथक करके कचरा वाहन में देने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही रहवासियों को कचरा खुले स्थानों में ना फेंकने की समझाइश दी गई एवं कचरा अलग-अलग संग्रहण करके ही कचरा वाहन में देने की अपील की गई। इस दौरान नगर निगम टीम के सदस्य एवं नागरिक मौजूद रहे।

# मातृ व नारी शक्ति की ताकत, धर्म और न्याय का पर्याय थीं अहिल्याबाई होल्कर : वीरेन्द्र गुप्ता

### पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर निकाली जन जागरण यात्रा



**जागरण, रीवा।** पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर सिरमौर चौराहे से अस्पताल चौक तक जन जागरण यात्रा निकाली गई। जनजागरण यात्रा भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के कुशल सानिध्य व मार्गदर्शन में सम्पन्न हुई। शोभायात्रा में भारतीय जनता पार्टी के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता, महिला मोर्चा एवं रीवा के वरिष्ठ गणमान्य नागरिक जन उपस्थित रहे। पुण्यश्लोका अहिल्याबाई होल्कर की 300 वीं जयंती के अवसर पर 21 मई से 31 मई तक विभिन्न कार्यक्रम संगोष्ठी, पद यात्रा, बाइक रैली आदि सम्पन्न हुई। इसी तारतम्य में जनजागरण यात्रा सिरमौर चौराह से होते हुए अस्पताल चौक में सम्पन्न हुई। जनजागरण यात्रा का नेतृत्व कर रहे भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता ने कहा कि लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर ने समाज के लिए और धर्म के लिए जो कार्य किया है वह युगों-युगों तक याद किया जायेगा। आज इस जनजागरण यात्रा के माध्यम से हम सभी को उनके बताये हुए मार्ग पर चलकर घर-घर लोकमाता की अलख जगाना है एवं नारी सशक्तिकरण के लिए हमें अपने देश, घर, परिवार मोहल्ले में नारियों को जागृत कर उनकी शक्ति को याद दिलाना है, जैसा कि लोकमाता ने अपने जीवन में किया। जानजागरण यात्रा में पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी, नगर निगम अध्यक्ष व्यंकटेश पाण्डेय, जिला उपाध्यक्ष उमाशंकर पटेल, जिला मंत्री शरद साहू, मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी, गौरव पाण्डेय, भूपेन्द्र सिंह, हेमलता सिंह, जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा साधना गुप्ता, विवेक पाण्डेय शास्त्री, प्रदीप पाण्डेय, जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा शिवेन्द्र शुक्ला, राजेश प्रताप सिंह, नामवर सिंह, बृजेन्द्र गौतम, अनुराग चतुर्वेदी, थानेश्वर सिंह, सूरज सेन, शांति सुन्दरानी, सूर्य प्रताप तिवारी, रमाकांत शुक्ला, श्यामा पटेल, साधना पटेल, अल्संख्यक मोर्चा जिलाध्यक्ष मो. इमरान, बंशी साहू, शेखर सचदेवा, डॉ. नितिन चतुर्वेदी, जयप्रताप सिंह, पार्षद समीर शुक्ला, अनिमेष द्विवेदी, संजय मिश्रा, आमीर खान, अमित द्विवेदी सहित सैकड़ो पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## माय रीवा सिटीजन ऐप के माध्यम से शिकायतों का हो रहा डिजिटल समाधान

**जागरण, रीवा।** नगर निगम रीवा द्वारा नागरिक सेवाओं को और अधिक सुलभ, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनाने के उद्देश्य से 'माय रीवा सिटीजन ऐप' प्रारंभ किया गया है। आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे के निर्देशन में विकसित यह ऐप नागरिकों को नाली, स्वच्छता, स्ट्रीट लाइट और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याओं से संबंधित शिकायतें दर्ज करने एवं उनके समाधान की स्थिति ऑनलाइन देखने की सुविधा प्रदान करता है। इस ऐप के माध्यम से अब तक नागरिकों की कुल 75 शिकायतों का समाधान किया जा चुका है। ऐप के जरिये स्पष्ट रूप से डिजिटली वन स्टॉप प्लेटफॉर्म के माध्यम से समस्याओं का समाधान तेजी से और प्रभावी रूप से किया जा रहा है। ऐप में गूगल मैप आधारित लोकेशन टैगिंग, शिकायत से संबंधित फोटो अपलोड करने की सुविधा एवं डैशबोर्ड मॉनिटरिंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। शिकायतों के समाधान की प्रक्रिया एल-1, एल-2 एवं एल-3 स्तर के अधिकारियों को समयबद्ध ढंग से सौंपने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निगमायुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने बताया कि 'माय रीवा सिटीजन ऐप' स्थानीय प्रशासन को डिजिटल स्वरूप प्रदान करने की दिशा में एक कारगर प्रयास है। इसमें लगातार सुधार कर इसे और बेहतर बनाया जा रहा है।

# एक माह तक चले ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**जागरण,रीवा।** खेल और युवा कल्याण विभाग के तात्वाधान मे प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कलेक्टर प्रतिभा पाल व एसपी विवेक सिंह के कुशल मार्गदर्शन मे दिनांक 01 मई 2024 से 31 मई 2025 तक चले ग्रीष्मकालीन खेलप्रशिक्षण के समापन अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक राजेश सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, पूर्व संभागीय खेल अधिकारी विक्रम सिंह, विमलेश सिंह पूर्व खेलअधिकारी की उपस्थिति में हुआ। डीआईजी राजेश सिंह चंदेल ने 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का सफलतापूर्वक आयोजन की शुभकानाये दी, और कहा कि आज के वातावरण में खेल गतिविधियो में भाग लेना अति आवश्यक हो गयाहै, खेलों से शारीरिक और मानसिक विकास तो होगा ही मन भी प्रसन्न रहता है, वही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आरती सिंह, ने कहा 30 दिवस नही 365 दिवस खेलते रहे तो स्वास्थ्य रहेगें। अतिथियों के स्वागत पश्चात शहरी/ग्रामीण क्षेत्रो मे लगाये गये शिविर के प्रशिक्षकों को प्रमाण-पत्र प्रदान किये गये। कार्यक्रम के अंत में संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एम.के.धौलपुरीने अतिथियो को स्मृति चिन्ह भेट किया गया। समस्त अतिथियो व खिलाड़ियों का आभार प्रर्दशन दिलीप सिंह द्वारा किया गया। राष्ट्रगान के बाद कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया।

## रीवा की तैराकी टीम खंडवा हुई रवाना

**जागरण,रीवा।** खंडवा मे 1 जून से 5 जून तक होने वाली 53वीं मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता मे भाग लेने की लिए रीवा की 8 सदस्यीय टीम खंडवा के लिए शनिवार को रवाना हुई। टीम की कप्तानी राजवीर तिवारी करेंगे। टीम के जाने से पहले उच्च विंध्य तैराकी संघ रीवा के सचिव आशुतोष तिवारी और बिल्लाबोंग विद्यालय के चेयरमैन आशीष काकवानी, प्राचार्य एरिक स्वामी ने बधाई दी। साथ ही टीम की सभी तैराको के उज्वल भविष्य की कामना की। कोच रावेंद्र सोनी के प्रति निधित्व मे टीम खंडवा की लिए रवाना हुई है। बताया गया कि कोच का चयन 53वीं राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता में एक तकनीकी अधिकारी के रूप मे हुआ है।

# रीवा से पुणे के लिए नई रेलगाड़ी का टाइम शेड्यूल जारी

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने सांसद का जताया आभार




**जागरण, रीवा।** रीवा और पुणे के बीच नई रेल सेवा की घोषणा के बाद गाड़ी एलाट होने के साथ ही समय सारणी भी तय कर दी गई है। गाड़ी संख्या 20152 साप्ताहिक रीवा पुणे एक्सप्रेस ट्रेन रीवा रेलवे स्टेशन से प्रत्येक बुधवार की सुबह 6.45 बजे रीवा रेलवे स्टेशन से रवाना होगी, जिसके बाद गुरुवार की सुबह 9.45 बजे यह ट्रेन पुणे पहुंचेगी। इसके साथ ही पुणे से गाड़ी संख्या 20151 प्रत्येक शुक्रवार को 17.30 बजे रवाना होगी। रीवा - पुणे ट्रेन मिलने से रेल भाजपा कार्यकर्ताओं ने रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा के प्रति इस ट्रेन सुविधा की पहल के लिए आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि विंध्य क्षेत्र की जनता इस रेल सेवा की लंबे समय से मांग करती रही है। जिसकी पूर्ति होने से पूरा क्षेत्र खुशी की अनुभूति कर रहा है। महाराष्ट्र का पुणे बहुत ही महत्वपूर्ण व्यापारिक और शैक्षणिक शहर है बड़ी अधिक संख्या में विंध्य क्षेत्र के लोग रहते है। पुणे जाने के लिए सीधी रेल सेवा उपलब्ध नहीं होने से रिजर्वेशन मिलने में दो-दो महीने लग जाते हैं। रीवा सांसद जनार्दन मिश्रा लंबे समय से इस रूट के लिए रेल सेवा की मांग कर रहे थे और उनके प्रयासों का प्रतिफल है कि रीवा और पुणे के बीच नियमित स्थाई रेल उपलब्ध हुई है। भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता ने नई रेल रीवा पुणे की सौगात मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा है कि सांसद जी जनता की आवाज बनकर दिल्ली में रीवा के विकास के लिए कृत संकल्पित होकर काम कर रहे हैं उसी का परिणाम है कि रीवा हवाई अड्डे से लेकर देश के हर कोने से रेल सुविधा में जुड़ रहा है वहीं भाजपा नेता उमाशंकर पटेल, प्रबोद व्यास, योगेंद्र शुक्ला, नारायण मिश्रा, विवेक गौतम, राजेंद्र त्रिपाठी, सांसद प्रतिनिधि रेलवे राजीव खंडेलवाल, संजीव शुक्ला, बृजेंद्र गौतम, श्रीकांत तिवारी मंडल अध्यक्ष शिवम द्विवेदी श्रीमती हेमलता सिंह, विवेक पाण्डेय, जय प्रताप सिंह, राजेश सिंह, प्रद्युम्न सिंह, रविंद्र श्रीवास्तव सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस पर प्रसन्नता जाहिर की है।

### रीवा- इन्टरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन में लगेगा एलएचबी कोच

रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधाओं को विस्तारित किया जाता है। इसी कड़ी में अतिरिक्त यात्री यातायात को क्लियर करने और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से गाड़ी संख्या 12189/12190 रीवा-जबलपुर-रीवा को परिवर्तित रैक एलएचबी से चलाने का निर्णय लिया गया है। एलएचबी रैक की सुविधा मिलने से यात्रियों को अधिक अतिरिक्त बर्थ की सेवाएं मिलेगी। बताया गया कि गाड़ी संख्या 12189 रीवा - जबलपुर इन्टरसिटी ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन रीवा से दिनांक 11 जुलाई 2025 और गाड़ी संख्या 11290 जबलपुर - रीवा इन्टरसिटी ट्रेन अपने प्रारम्भिक स्टेशन जबलपुर से दिनांक 13 जुलाई 2025 से एलएचबी कोच लगेगा। उल्लेखनीय है कि एलएचबी कोच पारंपरिक (आईसीएफ) कोच की तुलना में काफी आरामदायक और अधिक सुरक्षित होते हैं। इनमें उच्च गति क्षमता होती है और वजन में हलके होते हैं। नए डिजायन में तैयार किये गए यह कोच यात्रा का सुखद अनुभव भी कराते हैं।

## कलेक्टर मऊगंज ने जन शिक्षक को किया निलंबित

**रीवा।** कलेक्टर मऊगंज संजय कुमार जैन ने जन शिक्षक शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पहाड़ जगन्नाथ साकेत को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने के आदेश दिए हैं। यह कार्यवाही मध्यप्रदेश सिविल सेवा वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील नियम 1966 के तहत की गई है। जन शिक्षक श्री साकेत द्वारा सार्वजनिक कार्यक्रम के मंच पर अमर्यादित आचरण करने तथा नृत्य करने वाली महिला पर पैसे फेकते हुए अभद्र तरीके से नृत्य करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसकी एसडीएम हनुमना से जांच कराये जाने पर वीडियो प्रथम दृष्टया सही पाया गया है। जिसके कारण यह कार्यवाही की गई है। निलंबन अवधि में श्री साकेत का मुख्यालय जनपद शिक्षा केन्द्र हनुमना रहेगा।



# पीएसजी पहली बार बना चैंपियंस लीग का चैंपियन




## इंटर मिलान को 5-0 से हराया, 70 साल में फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत

**म्यूनिख, जेएनएन।** पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने डिजायर डोए के दो गोल की मदद से एकतरफा फाइनल में इंटर मिलान को 5-0 से करारी शिकस्त देकर पहली बार यूरोपीय क्लब फुटबॉल की सबसे बड़ी प्रतियोगिता चैंपियंस लीग का खिताब जीता। पीएसजी ने दर्शकों के अपार समर्थन के बीच बेहतरीन खेल का नजारा पेश किया और इंटर के समर्थकों को आखिरी सिटी बजने से पहले ही स्टेडियम छोड़ने के लिए मजबूर किया। पीएसजी की तरफ से डोए ने 20वें और 63वें मिनट में गोल किए। उनके अलावा अचरफ हकीमी (12वें), ख्विचा क्वारात्सखेलिया (73वें) और स्थानापन्न सेनी मायुलु (86वें) ने एक-एक गोल करके पीएसजी की रिकॉर्ड जीत सुनिश्चित की। यह पिछले 70 वर्षों में चैंपियंस लीग के फाइनल में किसी भी टीम की सबसे बड़ी जीत है। यह वह ट्रॉफी थी, जो लियोनेल मेसी, नेमार या किलियन एमबाप्पे भी फ्रांस के इस क्लब को नहीं दिला पाए थे। इससे पहले पीएसजी 2020 में चैंपियंस लीग के फाइनल में पहुंचा था, लेकिन तब वह बायर्न म्यूनिख से हार गया था, जिसके बाद नेमार लिस्बन के खाली स्टेडियम में रो पड़े थे। कोरोना महामारी के कारण तब यह मैच खाली स्टेडियम में खेला गया था। लेकिन इस बार माहौल पूरी तरह से भिन्न था। पीएसजी के हजारों समर्थक स्टेडियम में मौजूद थे। वे झंडे लहरा रहे थे, पटाखे जला रहे थे और अपने प्रतिद्वंद्वियों इंटर के समर्थकों का शोरगुल दबा रहे थे, जिनमें से कई समर्थक अंतिम सीटी बजने से काफी पहले ही स्टेडियम से चले गए थे।

> - अब हमारे पास चैंपियंस लीग की ट्रॉफी है। जब मैं पीएसजी से जुड़ा था, तो मैंने पहले दिन ही कहा था कि हमारा लक्ष्य चैंपियंस लीग का खिताब जीतना है। यह एकमात्र ट्रॉफी थी, जिसे हम अभी तक नहीं जीत पाए थे।
>
> **- लुई एनरिक**, कोच, पीएसजी

## खेल एक नजर

### ओलंपिक पदक विजेता लवलीना शुरू करेंगी मुक्केबाजी अकादमी

**नई दिल्ली, जेएनएन।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन की अकादमी का उद्घाटन मंगलवार को गुवाहाटी में असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा करेंगे। लवलीना ने कहा कि यह अकादमी सिर्फ प्रशिक्षण सुविधा से कहीं बढ़कर है। यह एक सपना है जो मैंने खुद और असम के उन अनगिनत युवा लड़कों और लड़कियों के लिए देखा है जो रिंग में उतरना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि लवलीना मुक्केबाजी अकादमी के साथ मैं ऐसा माहौल बनाना चाहती हूं, जहां महत्वाकांक्षी खिलाड़ी न केवल मुक्केबाजी की कला सीखें, बल्कि सफल होने के लिए जरूरी जज्बा, अनुशासन और मजबूत आत्मविश्वास भी हासिल करें। यह अकादमी युवा प्रतिभा को पोषित कर उन्हें विश्व स्तरीय प्रशिक्षण और बुनियादी ढांचा प्रदान करने की लवलीना की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। यह भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र में खेल और खेल से जुड़े बुनियादी ढांचे के विकास में एक ऐतिहासिक कदम भी है।

### मुक्केबाजी: दीपक, नमन को स्वर्ण, भारत को आठ पदक

**बैंकॉक, जेएनएन।** दीपक और नमन तंवर ने थाईलैंड ओपन में अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते और भारतीय मुक्केबाजों की झोली में कुल आठ पदक इस टूर्नामेंट में गिरे। दीपक ने 75 किलोवर्ग में उज्बेकिस्तान के अब्दुरखिमोव जावोखिर को 5-0 से हराया, जबकि नमन ने चीन के हान शुझेन को 90 किलो फाइनल में 4-1 से मात दी। महिलाओं के 80 प्लस किलो वर्ग में किरण को कजाखस्तान की येलडाना टालिपोवा ने 3-2 से हराया, जिससे उन्हें रजत से ही संतोष करना पड़ा। तमन्ना (51 किलो), प्रिया (57 किलो), संजू (60 किलो), सनेह (70 किलो) और एल राल्टे (80 किलो) को कांस्य पदक मिले। भारत ने इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में 19 सदस्यीय दल भेजा था। अब इस महीने के आखिर में भारतीय मुक्केबाज कजाखस्तान में विश्व मुक्केबाजी कप के दूसरे चरण में भाग लेंगे। इसका फाइनल्स इस साल के आखिर में दिल्ली में होगा।

### पुणे ने यू मुंबा टेटे को हराया

**अहमदाबाद, जेएनएन।** पीबीजी पुणे जागुआर्स ने अल्टीमेट टेबल टेनिस के छठे सत्र में शानदार शुरुआत करते हुए यू मुंबा टेटे को 9-6 से हराया। दिन के पहले मैच में दुनिया के 71वें नंबर के खिलाड़ी फ्रांस के लिलियन बारडेट ने स्पेन के 39वीं रैंकिंग वाले रोबल्स को 2-1 (11-1, 11-4, 8-11) से मात दी। दुनिया की 12वें नंबर की खिलाड़ी रोमानिया की बर्नाडेट ने मिस्र की दीपा मेशरफ को 2-1 (5-11, 11-10, 11-9) से हराया।

# स्वितोलिना ने 5वीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता पाओलिनी को हराया**

**पेरिस, जेएनएन।** एलिना स्वितोलिना ने तीन मैच प्वाइंट का बचाव कर 2024 की उपविजेता और चौथी वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को रविवार को 4-6, 7-6, 6-1 से हराकर पांचवीं बार फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। फ्रेंच ओपन में आने से पहले पाओलिनी ने क्ले कोर्ट पर इटालियन ओपन का खिताब जीता था। वह इस मुकाबले में लगातार नौ जीत के साथ पहुंची थी, लेकिन बेहद मजबूत स्थिति में होने के बावजूद उन्होंने स्वितोलिना को वापसी का मौका दे दिया। यूक्रेन की 13वीं वरीयता स्वितोलिना के सामने अंतिम आठ मुकाबले में तीन बार की गत चैंपियन इगा स्वियातेक से होगी। स्वियातेक ने 2022 विंबलडन चैंपियन एलिना रयबाकिना को 6-3, 6-3 से हराया। पाओलिनी ने पहला सेट जीतने के बाद दूसरे सेट में 5-3 की बढ़त हासिल कर ली थी, लेकिन स्वितोलिना उनकी सर्विस को तोड़ने में सफल रही। यूक्रेन की खिलाड़ी ने इसके बाद वापसी करते हुए टाई ब्रेकर तक चले इस सेट को अपने नाम किया। उन्होंने तीसरे सेट में दबदबा कायम करते हुए 6-1 की जीत के साथ मुकाबला अपना नाम कर लिया। इससे पहले दिन के शुरुआती मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त टॉमी पॉल ने पुरुष एकल में एलेक्सी पोपीरिन को 6-3, 6-3, 6-3 से शिकस्त दी। 28 साल के पॉल दिग्गज आंद्रे अगासी (2003) के बाद फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अमेरिका के पहले पुरुष एकल खिलाड़ी बन गए।



### बोपन्ना-युकी फ्रेंच ओपन से बाहर

फ्रेंच ओपन में भारत के अभियान का रविवार को अंत हो गया जब रोहन बोपन्ना और युकी भांबरी अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ पुरुष युगल वर्ग में तीसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। बोपन्ना और चेक गणराज्य के एडम पावलासेक दूसरी वरीयता प्राप्त फिनलैंड के हैरी हेलियोवारा और ब्रिटेन के हेनरी पैटन की जोड़ी को कड़ी टक्कर देने के बावजूद 6-2, 7-6 से हारकर बाहर हो गए। वहीं भांबरी और अमेरिका के रॉबर्ट गालोवे को नौवीं वरीयता प्राप्त क्रिस्टियन हैरीसन और इवान किंग की अमेरिकी जोड़ी ने 6-4, 6-4 से हराया।

### जोकोविच 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में

दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच को तीसरे दौर के मुकाबले में क्वालिफायर फिलिप मिसोलिच को 6-3, 6-4, 6-2 से हराने में कोई परेशानी नहीं हुई। रिकॉर्ड 24 ग्रैंड स्लैम जीतने वाले जोकोविच लगातार 16वीं बार फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में पहुंचे हैं। यह मुकाबला कोर्ट फिलिप-चैटियर में खेला जा रहा था, जो पेरिस सेंट जर्मेन के घरेलू स्टेडियम स्टेडियम से कुछ ही दूरी पर है। पीएसजी के स्टेडियम से लगातार पटाखों की आवाजें आ रही थीं। जोकोविच इस फुटबॉल मैच को टेलीविजन पर देखने के लिए अपना मुकाबला इस समय नहीं खेलना चाहते थे। जोकोविच ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में 153वें नंबर के मिसोलिच जैसे कम रैंक वाले किसी भी खिलाड़ी से कभी नहीं हारे हैं। उन्होंने इस मैच में पूरा दबदबा बनाए रखा।

# मुकेश कुमार के तीन विकेट से भारत-ए की मैच में वापसी

**कैंटरबरी, जेएनएन।** तेज गेंदबाज मुकेश कुमार के तीन विकेट की मदद से भारत-ए ने मैक्स होल्डेन के आठवें प्रथम श्रेणी शतक के बावजूद अनधिकृत चार दिवसीय टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को मैच में वापसी की जब इंग्लैंड लायंस के पांच विकेट 333 रन पर निकल गए। टॉम हैंस 208 गेंद में 142 रन बनाकर खेल रहे हैं, जबकि डैन मूसली ने दो रन बनाए हैं। लायंस अभी भी 224 रन पीछे हैं। मुकेश ने होल्डन (101 गेंद में 101 रन), लायंस के कप्तान जेम्स रियू (आठ) और रेहान अहमद (तीन) के विकेट चटकाए। होल्डन ने विकेट के पीछे ध्रुव जुरेल को कैच थमाया जबकि रियू पगबाधा आउट हुए। अहमद ने दूसरी स्लिप में सरफराज खान को कैच दिया। इंग्लैंड लायंस ने 14 रन के भीतर तीन विकेट गंवा दिए। इससे पहले हैंस और गोल्डन ने तीसरे विकेट के लिए 181 रन जोड़े थे। इंग्लैंड के पूर्व अंडर 19 कप्तान होल्डन ने 99 गेंद में शतक पूरा किया। भारत के पूर्व कोच गैरी कर्स्टन के शिष्य हैंस ने जबर्दस्त बल्लेबाजी की और अभी भी क्रीज पर डटे हुए हैं।

### गुकेश संयुक्त 5वें नंबर पर, एरिगैसी ने नाकामुरा को हराया

**नॉर्वे शतरंज**

**स्टावेंजर, जेएनएन।** मौजूदा विश्व चैंपियन डी गुकेश का नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में उतार-चढ़ाव भरा सफर जारी रहा और यह भारतीय खिलाड़ी चीन के वेई यी से आर्मागेडन टाई-ब्रेक में हारकर संयुक्त पांचवें स्थान पर खिसक गया। इस प्रतियोगिता में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी ने अमेरिका के विश्व में दूसरे नंबर के खिलाड़ी हिकारू नाकामुरा को हराकर अपना चौथा स्थान बरकरार रखा। गत चैंपियन मैग्नस कार्लसन ने शनिवार को भी अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। उन्होंने काले मोहरों से खेलते हुए फैबियानो कारूआना के खिलाफ आर्मागेडन टाई-ब्रेक में जीत हासिल कर अपने अंकों की संख्या 9.5 पर पहुंचा दी। महिला वर्ग में, दो बार की विश्व रैपिड चैंपियन कोनेरू हम्पी ने चीन की लेई टिंगजी के खिलाफ टाई-ब्रेक जीत के बाद 8.5 अंकों के साथ बढ़त हासिल की।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने शूटआउट में उरुग्वे को 3-1 से हराया

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत ने अर्जेंटीना के रोसारियो में चार देशों की जूनियर महिला हॉकी टूर्नामेंट के अपने पांचवें मुकाबले में उरुग्वे पर शूटआउट में 3-1 से जीत दर्ज की। इससे पहले निर्धारित समय में यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर छूटा था। भारत के लिए उप-कप्तान हिना (10वें मिनट) और लालरिनपुई (24वें मिनट) ने मैच के निर्धारित समय में गोल किए, जबकि जबकि गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने शूटआउट में अपने मौकों को भुनाकर टीम की जीत सुनिश्चित की। भारत ने मैच की आक्रामक शुरुआत के साथ दबदबा कायम किया। हिना ने 10वें मिनट में खाता खोला, जबकि लालरिनपुई के गोल से मध्यांतर तक भारत ने 2-0 की बढ़त बना ली। उरुग्वे ने हालांकि आखिरी क्वार्टर में शानदार वापसी की। टीम ने तीन मिनट के अंदर दो गोल कर स्कोर बराबर कर लिया। इनेस डी पोसादास ने 54वें मिनट, जबकि मिलाग्रोस सेगल ने 57वें मिनट गोल करके स्कोर 2-2 से बराबर कर दिया। शूटआउट में भारत ने अपना संयम बनाए रखा और गीता, कनिका और लालथंतलुगी ने लगातार तीन गोल किए, जबकि उरुग्वे को केवल एक ही गोल करने का मौका मिला।

# मेसी ने नौ मिनट में दागे दो गोल, इंटर मियामी ने कोलंबस क्रू को 5-1 से हराया

**फोर्ट लॉडरडेल ( अमेरिका ), जेएनएन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दो गोल कर इंटर मियामी की एमएलएस (अमेरिका की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में कोलंबस क्रू पर 5-1 की जीत में अहम योगदान दिया। अर्जेंटीना के विश्व कप विजेता कप्तान मेसी ने मैच में नौ मिनट (15वें और 24वें) के अंदर दो गोल करने के साथ ही दो गोल में सहायक की भूमिका निभाई, जिससे पिछले सप्ताह तक खराब दौर से गुजर रही मियामी ने लगातार दूसरी जीत दर्ज की। उनके बनाए मौके पर 13वें मिनट में तादेओ अलेंदे जबकि 89वें मिनट में फाफा पिकॉल्ट ने गोल किया। मियामी की टीम के लिए एक और गोल 64वें मिनट में दिग्गज लुइस सुआरेज ने किया। आठ बार बैलोन डी'ओर विजेता मेसी 16 गोल के साथ लीग के मौजूदा सत्र में सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है।



### अहलावत तीसरे दौर के बाद संयुक्त 28वें स्थान पर

**साल्ज़बर्ग ( ऑस्ट्रिया ), जेएनएन।** भारतीय गोल्फर वीर अहलावत ने ऑस्ट्रिया अल्पाइन ओपन गोल्फ टूर्नामेंट के तीसरे दौर में तीन बर्डी और इतनी ही बोगी के साथ इवन पार का स्कोर बनाया और दिन का अंत संयुक्त 28वें स्थान पर किया। जर्मनी के मार्सेल श्नाइडर ने तीसरे दौर में 66 का कार्ड खेला और 15 अंडर के कुल स्कोर के साथ बढ़त बनाए रखी। अहलावत ने तीसरे और चौथे होल में लगातार बोगी बनाई। उसके बाद उन्होंने पांचवें और नौवें होल में बर्डी बनाकर वापसी की। इस भारतीय खिलाड़ी ने बैक नाइन में 10वें होल पर शॉट गंवा दिया, लेकिन 14वें होल पर बर्डी बनाकर दिन का समापन इवन पार 70 के स्कोर के साथ किया। उनका कुल स्कोर अब पांच अंडर पार है।



# सूर्यकांत हाउस बना चैंपियन



**भोपाल, खेप्र।** सूर्यकांत गुप्ता हाउस ने इंटर हाउस क्रिकेट टूर्नामेंट में विमलेश ठाकुर हाउस को चार विकेट से हराकर खिताब जीता। गौतम नगर स्थित मैदान पर विमलेश हाउस 129 रन पर सिमट गई। कप्तान नवोदय अग्रवाल ने 29 और गामिनी उइके ने 19 रन का योगदान दिया। सूर्यकांत हाउस के हिमांशु गुप्ता ने 5 विकेट झटके। कबीर अग्रवाल ने तीन सफलता हासिल की। जवाब में सूर्यकांत हाउस ने छह विकेट खोकर मुकाबला जीत लिया। विपुल चौबे ने 29 और श्लोक गौतम ने 22 रनों का योगदान दिया। विमलेश हाउस के उइके और अक्षत ने दो-दो विकेट लिए।

**सर्वश्रेष्ठ के पुरस्कार :** बल्लेबाज आरुष गुप्ता, गेंदबाज अक्षत यादव, विकेटकीपर विपुल चौबे, फील्डर कार्तिक साहू, **अपकमिंग प्लेयर :** सरताज सिंह, **मैन ऑफ द सीरीज** कबीर अग्रवाल।

# होमी का शतक, 5 विकेट भी झटके, रोहित हाउस फाइनल में, मुकाबला विराट हाउस से

**भोपाल, खेप्र।** होमी सोलंकी ने शतक लगाने के बाद गेंदबाजी करते हुए पांच विकेट झटके, जिसकी बदौलत रोहित शर्मा हाउस ने रविवार को अरेरा प्रीमियर इंटर हाउस क्रिकेट लीग में जसप्रीत बुमराह हाउस को 95 रन से शिकस्त देकर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उसकी भिड़ंत विराट कोहली हाउस से होगी। ओल्ड कैंपियन मैदान पर अंडर-16 में रोहित हाउस ने निर्धारित 50 ओवर में सभी विकेट खोकर 259 रन बनाए। होमी ने नाबाद 104 रन की पारी खेली। मृणाल शर्मा ने 49, वैष्णवी गुप्ता ने 19 और श्रेया दीक्षित ने 16 रन बनाए। बुमराह हाउस के अर्णव सिंह पुंडीर ने 2 विकेट झटके।



जवाब में बुमराह हाउस 164 रन पर सिमट गई। अर्णव ने 46 और वंश मेश्राम ने 23 रन का योगदान दिया।



### आदित्य ने दिलाई रेलवे यूथ को जीत

**भोपाल, खेप्र।** प्लेयर ऑफ द मैच आदित्य के दोहरे प्रदर्शन की बदौलत रेलवे यूथ क्रिकेट अकादमी ने पहली जीएस पठानिया मेमोरियल अंडर-15 बॉयज क्रिकेट टूर्नामेंट में एजीसीए को 47 रन से शिकस्त दी। सोमवार को रेलवे गर्वित और सिली पॉइंट क्रिकेट अकादमी के बीच मुकाबला खेला जाएगा। जवाहर लाल नेहरू स्कूल में खेल गए मुकाबले में रेलवे यूथ 48.2 ओवर में 198 रन पर ऑलआउट हो गई। आदित्य ने 48, मानवेश ने 33 और युवराज ने 31 रन का योगदान दिया। एजीसीए के देव और युग ने 3-3 विकेट चटकाए।

### उत्कर्ष और भावेश पिकलबॉल चैंपियनशिप के फाइनल में

**भोपाल, खेप्र।** उत्कर्ष दुबे और भावेश गौर ने रविवार को पहली राज्यस्तरीय रैंकिंग ऐस कप पिकलबॉल चैंपियनशिप के पुरुष एकल के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। एस अकादमी में खेली जा रही चैंपियनशिप के मिक्सड डबल्स में उत्कर्ष-अदिति और वैभव-अभिरूचि की जोड़ी फाइनल में पहुंची। उत्कर्ष ने जयंत सोलंकी को 11-3 से पराजित किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में भावेश गौर ने सिद्धार्थ राय को 11-6 से मात दी। मिक्सड डबल्स के पहले सेमीफाइनल में आदिति व उत्कर्ष की जोड़ी ने दिव्या व प्रियंक की जोड़ी पर 11-9 से रोमांचक जीत दर्ज की। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में वैभव व अभिरुचि की जोड़ी ने जयंत व शुभी की जोड़ी को 11-4 से हराया। बिगिनर्स कंबाइंड डबल्स में मीत व अंश की जोड़ी ने फाइनल में प्रवेश किया। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में अनुज उप्रेति व रिजवान खान की जोड़ी ने शुभी-लक्ष्य को 11-9 को हराकर फाइनल में जगह पक्की की।



# तैराकी में भोपाल को पहले दिन चार स्वर्ण, जीते कुल 11 पदक



**भोपाल, खेप्र।** भोपाल जिले के खिलाड़ियों ने 53वीं राज्यस्तरीय तैराकी प्रतियोगिता-2025 में शानदार प्रदर्शन करते हुए चार स्वर्ण सहित 11 पदक पर कब्जा जमाया। इसमें चार रजत और तीन कांस्य पदक शामिल हैं। यह चैंपियनशिप मप्र स्विमिंग एसोसिएशन द्वारा आयोजित खंडवा में एक से पांच जून तक आयोजित की जा रही है। रविवार को प्रतियोगिता में कुल 34 इवेंट्स हुए। भोपाल तैराकी संघ के सचिव रामकुमार खिलरानी ने बताया कि प्रतियोगिता के पहले दिन 400 मीटर फ्रीस्टाइल में अन्वेश सिंह ने स्वर्ण पदक जीता। 50 मीटर फ्रीस्टाइल में कप्तान अनन्या एस गणेश ने पहला स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक में अर्थ जैन प्रथम रहे।

4×200 मी. फ्री स्टाइल महिला वर्ग में एक स्वर्ण पदक जीता। इस टीम में अनन्या, दुर्विषा पवार, नव्या सिंह व वाणी जैन शामिल रहीं। वाणी जैन ने 2 रजत पदक जीते। रिले इवेंट में 1 स्वर्ण के अलावा 3 रजत और 2 कांस्य पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंडवा की महापौर अमृता यादव ने किया।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक 3 को मैहर व 5 जून को सतना में

**सतना।** अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक गौतम शर्मा ने बताया कि मैहर जिले में कलेक्टर रानी बाटड की अध्यक्षता में बैंकों की जिला स्तरीय परामर्श दात्री एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक 3 जून को सायं 4 बजे मैहर के कलेक्ट्रेट सभागार में और 5 जून को 4.30 बजे सतना के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आयोजित की गई है। जिले के सभी बैंक समन्वयक एवं संबंधित विभागों से बैठक में उपस्थित रहने को कहा गया है।

### स्थानांतरण पर प्रतिबंध से छूट की अवधि को 10 तक बढ़ाया


**सतना।** राज्य एवं जिला स्तर पर अधिकारियों/कर्मचारियों की स्थानांतरण नीति द्वारा 1 मई से 30 मई 2025 तक की अवधि के लिये स्थानांतरण पर प्रतिबंध शिथिल किया गया था। राज्य शासन ने स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाने का निर्णय लिया है। स्थानांतरण पर प्रतिबंध से शिथिलता अवधि को बढ़ाकर 10 जून 2025 किया गया है।

# बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा अस्पताल सील

## अवैध हॉस्पिटल पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई

### भर्ती मिले मरीजों को जिला अस्पताल में कराया भर्ती

**जागरण सतना**



रविवार को एसडीएम रघुराजनगर सिटी राहुल सिलाड़िया ने स्वास्थ्य विभाग के साथ बड़ी कार्यवाही कर अवैध रूप से संचालित पाए गए अस्पताल को सील कर दिया है । उक्त अस्पताल बिना रजिस्ट्रेशन चल रहा था । यह पूरी कार्यवाही हेल्थ केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल ओल्ड आरटीओ ऑफिस भरहुत नगर मे सिटी एसडीएम राहुल सिलाडिया के नेतृत्व में की गई है ।

### शिकायत मिलने पर किया था निरीक्षण

रविवार को निरीक्षण के दौरान अस्पताल में एक मरीज गणपत सिंह उम्र 23 वर्ष भर्ती मिला। उसे तत्काल जिला अस्पताल शिफ्ट किया गया। जांच में तीन अन्य मरीजों मोतीलाल कोल केपी एस तिवारी और साइना चौधरी के इलाज से जुड़े दस्तावेज भी मिले जिन्हें जब्त कर लिया गया।



स्वास्थ्य विभाग को मिली शिकायत के बाद की गई जांच में पाया गया कि अस्पताल मध्यप्रदेश उपचार्यगृह तथा रुजोपचार अधिनियम 1973 और नियम 1997 यथासंशोधित 2021 की धारा 3 का उल्लंघन कर रहा था। निरीक्षण दल में एसडीएम सिलाडिया के अलावा डॉ अमर सिंह नोडल अधिकारी आशुतोष प्यासी शाखा लिपिक पटवारी अखंड प्रताप सिंह और अनूप पांडे शामिल थे। एसडीएम ने बताया कि अस्पताल प्रबंधन को नोटिस जारी कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 5 वर्षीय बालक को दवा खिलाकर सीएमएचओ ने फायलेरिया अभियान का किया शुभारंभ

## शहरी क्षेत्र के 18 वार्ड व 110 गावों में चलेगा अभियान

**जागरण सतना।** जिले में भी 1 जून से 6 जून तक हो कल एमडीए कार्यक्रम के तहत शनिवार को सीएमएचओ चेंबर में सीएमएचओ डॉ एल के तिवारी के द्वारा एक 5 वर्षी बालक को फाइलेरिया रोधी दवा समक्ष में खिलाकर औपचारिक शुभारंभ किया गया किस कार्यक्रम में पूरे जिले के फाइलेरिया की संभावना वाले शहरी क्षेत्र के 18 वार्ड सहित 110 ग्रामों में फाइलेरिया का यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।



### 676 टीमें करेंगी संचालन

इस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु 697 टीम में गठित की गई है रैपिड रिस्पांस टीम 110 बनाई गई है कार्यक्रम के पर्यवेक्षक हेतु 150 सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं जो टीम में बनी है वह घर जा जाकर फाइलेरिया रोधी दबाए डिक एवं एल्बेंडाजोल की आयु वर्ग के अनुसार दवाइयां खिलाई जावांगी जिला स्तर से पर्यवेक्षक हेतु टीम में गठित की गई है जो विभिन्न ग्रामों में जाकर जायजा लेगी कार्यक्रम के दौरान सीएमओ कार्यालय में पदस्थ सभी कर्मचारियों को समक्ष में दवा का सामूहिक सेवन कराया गया । सीएमएचओ द्वारा स्वयं दवा खाकर जिला मलेरिया अधिकारी एवं उपस्थित समस्त स्टाफको दवा का सेवन समक्ष में कराया गया।

# सहकारी निरीक्षक मनीष जैन रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य सहकारी निर्वाचन प्राधिकारी एम.बी. ओझा द्वारा महिला प्राथमिक उपभोक्ता सहकारी भण्डार मर्यादित वार्ड क्रमांक 45 रीवा के संचालक मंडल के सदस्यों, पदाधिकारियों एवं अन्य संस्थाओं में भेजे जाने वाले प्रतिनिधियों के निर्वाचन के लिए सहकारी निरीक्षक मनीष जैन को रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किया गया है।

# सूखे कुएं में रोता मिला तीन माह का नवजात

## पुलिस व नगर निगम टीम ने रेस्क्यू कर निकाला बाहर पहुचाया अस्पताल



**जागरण सतना।** सूखे कुएं में बच्चे के रोने की आवाज सुनकर स्थानीय लोगो के बीच हड़कम्प मच गया । यह घटना कोलगवां थाना क्षेत्र के संग्राम कालोनी स्थित एक कुएं में घटी है । जानकारी लगते ही वहां पर स्थानीय लोगो का जमावड़ा लग गया । पूरा घटनाक्रम रविवार सुबह का बताया जा रहा है । सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस और नगर निगम की टीम ने एक घंटे की मशक्कत के बाद मासूम को बाहर निकाला। बच्चे को जिला अस्पताल में रखा गया है। पुलिस उसके माता पिता की तलाश कर रही है। कोलगवां निवासी डॉक्टर ने बताया कि रविवार सुबह वह रोज की तरह वार्ड नंबर 23 संग्राम कालोनी जा रहे थे। इंडियन बैंक के पास उन्होंने कुएं से किसी डॉगी के भौंकने की आवाज सुनी। इसके बाद जब उन्होंने कुएं में झांका तो बच्चा दिखाई दिया जिसके बाद उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचित किया।

### एक घंटे की मशक्कत के बाद बाहर निकाला

मौके पर पुलिस और नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम मौके पर पहुंची। इस दौरान एक फायर कर्मी को रस्से के सहारे कुएं में उतारा गया और स्थानीय लोगों की मदद से सुबह करीब 7 बजे बच्चे को सकुशल बाहर निकाला । कोलगवां टीआई सुदीप सोनी ने बताया सुबह कुएं से बच्चे के रोने की आवाज सुनकर लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचकर नगर निगम टीम और स्थानीय लोगों की मदद से बच्चे को सकुशल बाहर निकाला गया। 3 माह का बच्चा किसका है और वह कुएं में कैसे पहुंचा इसकी जांच की जा रही है।

# स्कूल शिक्षा विभाग की समेकित छात्रवृत्ति योजना

**जागरण सतना।** प्रदेश के विद्यालयों में कक्षा–1 से 12 तक पढ़ने वाले विद्यार्थियों को वर्तमान में 6 विभागों की लगभग 20 प्रकार की छात्रवृत्ति शिक्षा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन स्वीकृत कर विद्यार्थी के खाते में भुगतान किये जाने की व्यवस्था है। राज्य में समग्र सामाजिक सुरक्षा मिशन के अंतर्गत समेकित छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2013–14 से लागू की गयी है। इसके क्रियान्वयन के लिये स्कूल शिक्षा विभाग को नोडल विभाग निर्धारित किया गया है। योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यार्थी का नाम समग्र यूनिक आईडी के आधार पर उसके स्कूल के डाइस कोड के साथ मेपिंग कर कक्षा और स्कूलवार नामांकन ऑनलाइन किये जाने का सिस्टम शिक्षा पोर्टल में एनआईसी के माध्यम से तैयार कराया गया है। प्रत्येक छात्र की प्रोफाइल, जिसमें जाति, माता–पिता का व्यवसाय, परिवार की वार्षिक आय, बीपीएल स्टेटस, छात्रावासी स्टेटस, गत वर्ष का परीक्षा परिणाम आदि जानकारियाँ, जो कि छात्रवृत्ति गणना करने के लिये आवश्यक होते हैं, उन्हें ऑनलाइन किया जाता है। इसके आधार पर सिस्टम द्वारा छात्रवृत्ति की गणना कर स्वीकृतकर्ता अधिकारी द्वारा ऑनलाइन छात्रवृत्ति स्वीकृत की जाती है। वर्ष 2022–23 से अनुसूचित जाति–जनजाति केन्द्र प्रवर्तित और राज्य प्री एवं पोस्टमेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं का क्रियान्वयन जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित एमपीटास पोर्टल के माध्यम से किया जा रहा है। इस वर्ष विभाग ने छात्रवृत्ति वितरण के लिये कैलेण्डर तैयार किया है। इस संबंध में जिला शिक्षाधिकारियों को भी निर्देश जारी किये गये हैं। छात्रवृत्ति के संबंध में जिला शिक्षा, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### तेज हवाओं के साथ जिले में हुई बारिश

## प्री मानसून की दस्तक, कई पेड़ गिरे और बिजली की तारें भी टूटी

**जागरण सतना।** रविवार दोपहर के बाद मौसम में अचानक बदलाव आया। उमस के बीच आसमान में बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ जिले के कई इलाकों में बारिश हुई। इस दैरान ग्रामीण इलाकों में तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर पेड़ गिरे और बिजली की तारें टूटी। मौसम विभाग के अनुसार हवा की रफ्तार 30 किलोमीटर प्रति घंटा रही। रुक.रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसारए यह बदलाव प्री.मानसून गतिविधियों का परिणाम है। अगले 2 दिनों तक मौसम ऐसा ही बने रहने का पूर्वानुमान है।








# हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा-2025 के आवेदन-पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ी

**जागरण सतना।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल और हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट द्वितीय परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन–पत्र भरने की तिथि 8 जून तक बढ़ा दी गयी है। पहले यह तिथि 31 मई 2025 तक निर्धारित की गयी थी। सचिव माध्यमिक शिक्षा मण्डल ने बताया कि हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी मुख्य परीक्षा में केवल अनुत्तीर्ण विषयों के लिए 8 जून 2025 की रात्रि 12 बजे तक ऑनलाइन आवेदन करने का अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है। ऑनलाइन परीक्षा आवेदन भरने के लिये पूर्व में जारी किये गये निर्देश यथावत लागू रहेंगे।






# विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तहत किसानों की समस्याओं का किया गया निराकरण

**जागरण सतना।** खरीफ सीजन 2025 को दृष्टिगत रखते हुये कृषक हितार्थ योजनाओं, सामयिक तकनीकी जानकारी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, धान की सीधी बुवाई, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में अग्रणी कृषकों को जोड़ने, प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, कृषि मशीनरी एवं ड्रोन का जीवंत प्रदर्शन, उद्यानिकी, पशुपालन को लक्ष्यगत करते हुये 29 जून को विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 का शुभारंभ किया गया।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास मनोज कश्यप ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान 2025 के तीसरे दिन 31 मई को प्रत्येक विकासखण्ड के 3–3 ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम अनुसार जनप्रतिनिधियों, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों, कृषि एवं एलाइड विभागों के अधिकारी–कर्मचारी, प्रगतिशील कृषक की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें सोहावल विकासखण्ड के मसनहा, रैगांव, ग्राम पंचायत बचवई, विकासखण्ड रामपुर बाघेलान के ग्राम पंचायत इटमा, कोटार, बीदा, असरार, विकासखण्ड मझगवां के ग्राम पंचायत बरौंधा, अर्जुनपुर, महतैन, विकासखण्ड नागौद के ग्राम पंचायत अतरौरा, पनगरा, अकौना साठिया, विकासखण्ड उचेहरा के ग्राम पंचायत पोडी, धनेह, पिथौराबाद में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसके बाद मैहर जिले के विकासखण्ड अमरपाटन के ग्राम पंचायत पगरा, झिरिया कोपरीहान, ककलपुर, विकासखण्ड मैहर के ग्राम पंचायत इटमा, लुढौती, हिनौताकलां तथा विकासखण्ड रामनगर के ग्राम पंचायत नादो, सुलखमा, कुदरीकलां में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 42 जनप्रतिनिधि एवं 2342 कृषक उपस्थित रहें। कृषकों से मृदा उपचार, बीज उपचार, उन्नत किस्मों, उद्यानिकी की उन्नत किस्में, मिट्टी परीक्षण, उन्नत कृषि तकनीकी, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती, नैनो यूरिया, संतुलित खाद का उपयोग पर चर्चा की गयी तथा किसानों की समस्याओं और उनके निराकरण से संबंधित जानकारी दी गई।
















जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता**। आर.एन.आई. नं– 1505/57, डाक पंजीयन क्र.– रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालयः–** **मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** – 9993315949 **सीधी**–7089620900 **सिंगरौली**–9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com